e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 67
रविवार
09.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 I मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

**रोजा का समय**
इफ्तार (09.03.25) : शाम 5.57 बजे
सेहरी (10.03.25) : सुबह 4.40 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देश-विदेश में किया गया नारी शक्ति का वंदन और अभिनंदन

# महिलाओं को सरकार दे रही है हक व अधिकार : कल्पना

**विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न महिला समूहों की सदस्यों ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी मांगों एवं भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से सुना। विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी जाएगी। विधायक कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

### कल्पना सोरेन से विभिन्न महिला समूहों की महिलाओं ने की मुलाकात

**विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा महिला सशक्तिकरण**

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है, मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।



**मुख्यमंत्री का कार्य प्रशंसनीय एवं सराहनीयः** मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से यहां की नारी शक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने सभी महिलाओं को पुनः एक बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा यहां की नारीशक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर विधायक श्री अमित महतो उपस्थित थे।

## एलिना मिश्रा व शिल्पी सोनी ने संभाला प्रधानमंत्री का सोशल मीडिया अकाउंट्स



**नई दिल्ली :** दुनिया भर में धूमधाम से महिला दिवस मनाया गया। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने भी 'नारी शक्ति' को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान पीएम मोदी ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने यह भी दोहराया कि अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं एक दिन के लिए उनका सोशल मीडिया अकाउंट संभालेंगी। इस क्रम में पीएम मोदी ने परमाणु वैज्ञानिक एलिना मिश्रा और अंतरिक्ष वैज्ञानिक शिल्पी सोनी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स संभालने के लिए दिया है।पीएम मोदी के एक्स अकाउंटर से दोनों महिला वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, परमाणु प्रौद्योगिकी और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा है,हम एलीना मिश्रा (परमाणु वैज्ञानिक) और शिल्पी सोनी (अंतरिक्ष वैज्ञानिक) हैं। हम महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट्स का नेतृत्व करने के लिए रोमांचित हैं। हमारा संदेश- भारत विज्ञान के लिए सबसे जीवंत स्थान है और इसलिए हम अधिक से अधिक महिलाओं से इसे अपनाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने आगे लिखा,हम दोनों, एलिना और शिल्पी अपने-अपने क्षेत्रों में अवसरों की व्यापक श्रृंखला को देख रहे हैं। यह अकल्पनीय था कि परमाणु प्रौद्योगिकी जैसा क्षेत्र भारत में महिलाओं के लिए इतने सारे अवसर प्रदान करेगा। इसी तरह, अंतरिक्ष की दुनिया में महिलाओं और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी भारत को नवाचार और विकास के लिए सबसे अधिक आकर्षक स्थान बनाती है! भारतीय महिलाओं में निश्चित रूप से प्रतिभा है और भारत के पास निश्चित रूप से सही मंच है।

## क्विक न्यूज

### रुपये डबल करने का झांसा देकर 71 लाख की ठगी

**चित्तौड़गढ़:** लालच में आकर लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस भी समय समय पर सतर्क करती है। इसके बावजूद भी लोग झांसे में आकर अपने जीवन भर की कमाई ठगी में गंवा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के मंडफिया थाने के चिकारड़ा निवासी एक युवक के साथ हुआ है। इसमें इंस्टाग्राम पर वेबसाइट देख कर अमीर बनने के लालच में 71 लाख 36 हजार 308 रुपये गवां दिए और ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगी के मामले में अब उसने साइबर पुलिस की मदद ली है। इस मामले में पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चिकारड़ा निवासी रमेश पुत्र रामेश्वरलाल जाट ने बताया कि उसने 4 अप्रैल 2024 को इंस्टाग्राम पर 91 क्लब के नाम से वेबसाइट देखी। इसमें आईडी के आधार पर रुपये कमाने का विज्ञापन था। इस विज्ञापन में अमीर बनने के ऊंचे सपने दिखाए थे।

### ब्राउन शुगर के साथ दंपति गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने 126 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक दंपति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंपति का नाम रुशन देवी और हारा कुमार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने के बाद खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने शुक्रवार देर रात पानीटंकी संलग्न शीतला मंदिर इलाके के एक घर में अभियान चलाया। जब घर की तलाशी ली गई तो 126 ग्राम ब्राउन शुगर व 46 हजार 300 रुपए नगद बरामद हुआ। जिसके बाद घर में मौजूद दंपति को खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि ये दंपति लंबे समय से मादक पदार्थ कारोबार में जुड़े है। खोरीबाड़ी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बांग्लादेशी तस्करों ने बीएसएफ पार्टी पर किया हमला, जवान घायल

**जलपाईगुड़ी :** रात के अंधेरे में बांग्लादेशी तस्करों से सीमा सुरक्षा बल की संघर्ष हो गई। तस्करों के हमले में एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना शनिवार तड़के जलपाईगुड़ी जिला अंतर्गत राजगंज थाना क्षेत्र के खालपाड़ा सीमा पर घटी है। सीमा प्रहरियों ने मौके से दो मवेशी भी बरामद किये है। माना जा रहा है कि बांग्लादेशी तस्करों ने भारतीय बदमाशों की मदद से मवेशियों को सीमा पार करने की योजना बनाई थी। बीएसएफ के जवान राजगंज थाना क्षेत्र के खालपाड़ा बॉर्डर पर गश्त कर रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि बांग्लादेशी तस्कर कंटीले तारों की बाड़ काटकर भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। तभी ड्यूटी पर तैनात जवानों ने तस्करों को रोक लिया और बांग्लादेशियों से आत्मसमर्पण करने को कहा। लेकिन ऐसा करने के बजाय जवानों पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

### महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं का किया सम्मान

**जबलपुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा ने नेत्रहीन कन्या शाला में बच्चियों के साथ महिला दिवस मनाया और कन्याओं का पूजन कर शाला में सेवा करने वाली महिलाओं का शाल श्रीफल देकर स्वागत किया एवं बच्चों को फल एवं मिठाई वितरित किए।नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर मातृ शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमारे समाज और राष्ट्र को और अधिक सशक्त बनाने हेतु हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही मातृशक्ति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

# एनटीपीसी के डीजीएम का दिनदहाड़े मर्डर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम के पद पर कार्यरत कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह वे अपने घर हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे।

गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची, बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। उन्हें 2 गोलियां लगी थीं।आनन-फानन में उन्हें आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुमार गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।वे ऑफिस की ओर से दिये गये स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा 2 और लोग बैठे थे। घर में मां और पत्नी के अलावा उनकी 11 साल की एक बेटी है। सभी हजारीबाग में ही रहते थे। बाइक सवार अपराधियों ने जब उन्हें जिस तरह से गोली मारी,उससे साफ पता चलता है कि अपराधी उनकी हत्या के लिए पहले से रेकी कर रहे थे। कुमार गौरव की मौत की सूचना मिलते ही हासेपुर गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। कुमार गौरव के पिता स्वर्गीय रामेशवर प्रसाद इलाके के प्रतिष्ठत समाजसेवी थे। गौरव ने बीआईटी सिंदरी से इंजीनियरिंग की थी। एनटीपीसी में वह 2006 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (इंजीनियर) थे। उनकी पहली पोस्टिंग उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर स्थित एनटीपीसी दादरी में इंजीनियर के पद पर हुई थी। झारखंड के हजारीबाग में पिछले साल पोस्टिंग से पहले वह मध्य प्रदेश के सिंगरौली में थे, जहां डीजीएम के रूप में उन्हें प्रोन्नति मिली थी।

# गुजरात की जनता विपक्ष चाहती है, भाजपा की बी टीम नहीं : राहुल



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों में लगे पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। राहुल ने कई चौंकाने वाली टिप्पणियां कीं और अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया। राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को 20-30 लोगों को निकालना भी पड़े तो इसमें किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहि। कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई बब्बर शेर हैं।

लेकिन पार्टी में दो गुट हैं। एक जनता के साथ है, जबकि दूसरा जनता से दूर है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा, उन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रही। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के कार्यकर्ता सम्मेलन में महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। राहुल ने कहा कि उन्होंने कल वरिष्ठ नेताओं, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से मुलाकात की। बकौल राहुल गांधी,मेरा लक्ष्य था- आपके दिल की बातें जानना और समझना था। इस बातचीत में संगठन, गुजरात की राजनीति और यहां की सरकार के कामकाज से जुड़ी बहुत सी बातें सामने आईं। लेकिन मैं यहां सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया हूं, बल्कि प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के लिए आया हूं।गुजरात में कांग्रेस के संगठनों में कई तरह का विभाजन है। उन्होंने कहा कि एक जनता की इज्जत करता है, जनता के मुद्दों के लिए आवाज उठाता है, उसके दिल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। दूसरा गुट जनता की इज्जत नहीं करता है। इसके लोग भाजपा से मिले हुए हैं। राहुल के इतना कहते ही पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इन दोनों तरह के पार्टी नेताओं को जब तक अलग-अलग नहीं किया गया, यहां की जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकती।

## हरियाणा में 50 लाख रुपये की अफीम जब्त, झारखंड के 3 तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**जींद (हरियाणा) :** हरियाणा के जींद की सीआईए टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अमरहेड़ी गांव के पास 16 किलो 306 ग्राम अफीम के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त अफीम की कीमत 50 लाख रुपये आंकी गई है. पकड़े गए तीनों आरोपी झारखंड के निवासी हैं. स्विफ्ट कार से अफीम झारखंड से तस्करी कर मोगा (पंजाब) ले जाई जा रही थी. तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सदर पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है.पुलिस पकड़े गए आरोपियों से नशे का कारोबार करने वाले लोगों के बारे में गहराई से पूछताछ की.जानकारी देते हुए डीएसपी, उचाना संजय कुमार ने बताया कि सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि दिल्ली की तरफ से स्विफ्ट कार में अफीम की तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा है. गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने जींद के न्यू बाईपास पर गांव अमरहेड़ी के निकट नाकेबंदी कर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी. कुछ समय के बाद दिल्ली नंबर की स्विफ्ट कार नाके के पास पहुंची. पुलिसकर्मियों ने कार रोककर जब तलाशी ली तो उसकी डिक्की में पॉलिथीन में कुछ संदिग्ध सामग्री दिखाई दी. पैकिंग को खोल कर देखने पर उसमें अफीम पाई गई, जिसका वजन 16 किलो 306 ग्राम पाया गया.पुलिस पूछताछ में कार सवार लोगों की पहचान झारखंड के पप्पू चौधरी, रंजीत यादव और सिमरनजीत सिंह के रूप में हुई है. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अफीम को झारखंड से तस्करी कर मोगा पंजाब में ले जाया जाना था. झारखंड निवासी अनूप ने गाड़ी उपलब्ध करवा कर अफीम पहुंचाने के लिए कहा था. अफीम पहुंचाने के एवज में प्रत्येक व्यक्ति को 15 हजार रुपये दिए जाने थे. मोगा पंजाब पहुंचने पर गाड़ी को किसी के हवाले किया जाना था. अफीम की सौदेबाजी मोगा के होटल पर होनी थी.



## दिल्ली में महिला समृद्धि योजना को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी):** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब बहनों को 2500 रुपये देने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का एक सुंदर अवसर है। इस अवसर का सदुपयोग करते हुए हमने अपनी कैबिनेट की बैठक की, जिसमें सभी मंत्री उपस्थित रहे। कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने अपने बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस व लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। वर्तमान दौर में महिलाएं कहीं से भी कम नहीं हैं। पुरूषों के बराबर ही महिलाओं की हर कार्य में भागदारी हो रही है, जो समाज के लिए अच्छा संकेत है। महिलाओं की आत्मविश्वास व आगे बढ़ने की ललक से यह प्रतीत होता है कि उन्हें अवसर मिले, तो वे बुलंदियों पर पहुंचेगी। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन



ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में किया गया। उपायुक्त ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सभी उपस्थितों को शपथ दिलाई। फूलो झानो आर्शीर्वाद अभियान से संबंधित एक लघु फिल्म प्रसारित कर महिलाओं के विकास की कहानी को प्रदर्शित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने महिलाओं से तकनीकी एवं आर्थिक रूप से मजबूत होने एवं अपने घर व समाज के विकास के लिए निर्णायक की भूमिका में रहने का आह्वान किया। पानी की समस्या का उदाहरण देते हुए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं के लिए मंईया सम्मान योजना सहित सरकार की ओर से संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला उत्थान एवं उनकी सुरक्षा पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिकाओं का नामांकन होता है। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए तैयार किए जा रहे हैं। कस्तूरबा गांधी आवासी विद्यालय में बच्चियों का व्यक्तित्व विकास हो रहा है। उन्होंने महिलाओं को अपने बच्चों को मजबूत करने, आगे बढ़ाने के लिए सपना दिखाने की सलाह दी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में बताते हुए कहा कि जानकारी सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा अवसर नहीं मिलती। अवसर मिला है, तो आगे बढ़ें। उपायुक्त ने महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। **छूटे महिलाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़ें : पुलिस अधीक्षक :** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से भी महिलाओं का काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से अबतक जो नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान में पुरूषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। **महिला सशक्त समाज की पहचान : समाज कल्याण पदाधिकारी :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। महिला सशक्त समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पाकर महिलाएं मजबूत हो रही हैं तथा परिवार व समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं। **पलामू में 602 महिलाएं फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का ले रहीं लाभ : डीपीएम :** जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने सभी का स्वागत किया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम से अवगत कराते हुए कहा कि लैंगिक समानता में तीव्र गति से कार्य करने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में 18990 समूह से जुड़कर महिलाएं अपने अपने सपनों को पंख दे रही हैं। उन्होंने लैंगिक भेदभाव आधारित महिला/किशोरी हिंसा तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम हेतु विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूकता लाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा शराब बिक्री के कार्य में जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक वैकल्कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत वैसी महिलाओं को 50 हजार रूपये तक एक साथ ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। पलामू में 602 महिलाएं इसका लाभ ले रही हैं।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बभनी ग्राम में 27 वर्षीय युवक अमित कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित कुमार और उसकी पत्नी सालू के बीच पिछले चार दिनों से लगातार विवाद चल रहा था। जिसके चलते उसने यह कठोर कदम उठाया। बताया जाता है कि घटना से एक दिन पहले ही अमित कुमार ने अपनी पत्नी शालू को पिता गोपाल चंद्रवंशी के जरिये उसके मायके पहुंचवाया था। घटना की सूचना मिलते ही नगर उंटारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## अघोर पंथ के प्रवर्तक अघोराचार्य बाबा कीनाराम की प्रतिमा का अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अघोर पंथ के प्रवर्तक अघोराचार्य बाबा कीनाराम की प्रतिमा का अनावरण गुरुपद संभव राम बाबा के द्वारा समारोह पूर्वक कार्यक्रम में किया गया। सगमा प्रखण्ड के मकरी कुटिया स्थित सर्वेश्वरी आश्रम में इस अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया ।तीन दिवसीय समारोह में शुक्रवार के दिन पड़ाव वाराणसी के पीठाधीश्वर गुरुपद बाबा संभव राम जी के द्वारा आश्रम परिसर में पूर्व से स्थापित बड़े बाबा अघोरेस्वार भगवान राम की प्रतिमा के बगल में अघोराचार्य बाबा किना राम की विशाल प्रतिमा को विधिवत पूजा पाठ के बाद गुरुपद संभव राम जी के द्वारा स्थापित किया गया।इसके साथ ही बड़े बाबा प्रतिमा का भी स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। संभव राम जी ने बना कीनाराम जी की प्रतिमा स्थापित करने के साथ प्रतिमा के समक्ष श्री यंत्राम की भी स्थापित किया गया।



स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम के द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे विंढ़मगंज बाजार स्थित मनोकामना मेडिकल सेंटर के द्वारा शिविर लगाकर मरीजों की जांच के बाद दावा वितरण किया गया।इसी के साथ होमियो पैथ विधि से मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया जा रहा था। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए आश्रम के संरक्षक बिहारी राम ने बताया की स्वास्थ्य शिविर में सासाराम के प्रसिद्ध होमिओपैथ चिकित्सक उपेंद्र सिंह, डाल्टन गंज के होम्योपैथ महिला चिकित्सक सुषमा श्रीवास्तव के द्वारा कैंप लगाकर विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रोगियों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। वही आंख रोगियों को भी जांच कर दवा का वितरण किया गया। कम रोशनी से परेशान मरीजों के बीच चश्मा उपलब्ध कराया गया। समारोह के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त समारोह के आयोजन में सक्रिय रूप से भूमिका निभाने वाले मुख्य लोगो में आश्रम के मंत्री दिलीप जायसवाल, उपाध्यक्ष अनूप यादव, जसवंत प्रसाद, बबलू कुशवाहा, मनोज गुप्ता, ललन कुमार, विनोद ठाकुर, अशोक यादव, संतोष जायसवाल, प्रभा देवी, लालमनी देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिमा देवी का नाम शामिल है।

## केतार में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई माध्यमिक परीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार में स्थित पीएम राजकीय मध्य विद्यालय में सत्र 2025 की माध्यमिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। इस परीक्षा केंद्र पर प्लस टू उच्च विद्यालय छाता कुंड और प्लस टू विद्यालय परसोडीह के कुल 432 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से दो छात्र अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। केंद्र अधीक्षक मोहम्मद मोकारीम और उप-केंद्र अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने परीक्षा कार्य में लगे सभी शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही परीक्षा संचालन में महिला पर्यवेक्षिका तेरेसा बाखला, दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ता, सब-




इंस्पेक्टर चंदन शाह एवं वेंकटेश शर्मा को नियुक्त किया गया था। इस परीक्षा केंद्र पर कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधनों के प्रयोग की कोई सूचना नहीं मिली, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। परीक्षा के सफल आयोजन के बाद केंद्र अधीक्षक मोहम्मद मोकारीम ने कहा कि शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से परीक्षा सुचारू रूप से पूरी हुई। सभी ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया।वहीं निरीक्षण कार्य में लगे संतोष कुमार, राजीव कुमार सिंह, संजय कुमार मिश्रा, मनोरंजन कुमार, धनंजय कुमार, अजय कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार, उपेंद्र कुमार पाल, मनोज दास, शंभू प्रसाद यादव, नीतू सिंह, गीता देवी, सुषमा कुमारी, सुधा कुमारी, नवीन प्रकाश, रविंदर यादव, रविंद्र रजक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## मनरेगाकर्मियों की मिलीभगत से भवनाथपुर ब्लॉक में मची है लूट




**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में केंद्र सरकार की मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर मनरेगा कर्मियों की मिली भगत से गड़बड़झाला करने का मामला प्रकाश में आया है। वृक्षारोपण कार्य में फर्जी तरीके से मजदूरों का नाम से डिमांड चलाया जा रहा है। मामला पंडरिया पंचायत के घाघरा के करमाही टोला का है। मनरेगा योजना से करमाही गांव में वर्ष 24-25 में अरूण यादव के खेत में वृक्षारोपण कार्य की स्वीकृति 28 दिसंबर 24 को किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि वृक्षारोपण कार्य किया गया था या नहीं इसका जवाब किसी के पास नहीं है। अब तक योजना के नाम पर 22848 रूपए निकाल लिया गया। मामला तब प्रकाश में आया जब खेतों में एक भी वृक्ष नहीं है, जिस जगह योजना दर्शाया गया है वहां सिर्फ जंगली झाड़ तथा पलाश के छोटे छोटे पेड़ है। वृक्षों को पटवन,साफ सफाई के नाम पर बगैर मजदूर लगाए सात मजदूरों के नाम पर 7 मार्च से 13 मार्च तक का डिमांड चलाया जा रहा है। जिसमें विमला देवी, अनिता देवी, कमोदा देवी, पुजा देवी, विसु कोरवा, ममता देवी, रामचंद्र कोरवा का डिमांड में नाम शामिल हैं। जबकि योजना स्थल पर जब प्रतिनिधि पहुंचे तो वहां कोई भी मजदूर नहीं था ना ही कोई पौधा था, था तो सिर्फ जंगली झाड़। मनरेगा में इस तरह का गड़बड़झाला पंडरिया पंचायत में ही नहीं कमोबेश लगभग सभी पंचायत में किया जा रहा है। अगर जांच की जाएं तो बड़े पैमाने पर हेराफेरी सामने आयेगा। **क्या कहते है बीपीओ :** इस बाबत पूछे जाने पर बीपीओ आनंद कुमार ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है जांच कर करवाई किया जायेगा।

## करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शहर के बस स्टैंड स्थित शिवम् स्वीट की छत पर जनरेटर सप्लाई लाइन का कनेक्शन जोड़ने के दौरान करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार की शाम हुआ, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान वार्ड नंबर 11, दक्षिण टोला निवासी 27 वर्षीय अजीत कुमार उर्फ छउआ के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अजीत कुमार चचेरिया में स्थित चाहत मोबाइल जॉन और शहरी क्षेत्र में जनरेटर लाइन सप्लाई का कार्य करता था। बस स्टैंड के दुकानदारों ने बताया कि गुरुवार की शाम जनरेटर सप्लाई का तार टूट गया था। इसे ठीक करने के लिए जनरेटर सप्लायर चचेरिया निवासी सुनील कुमार मेहता ने अजीत को फोन किया। अजीत अपने दो साथियों के साथ तार जोड़ने के लिए शिवम् स्वीट की छत पर चढ़ा। तार जोड़ते वक्त अचानक अजीत करंट की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसे जैसे ही करंट लगा, उसके साथ आये दोनों लोग घबरा कर वहां से भाग निकले। हादसे की खबर फैलते ही बस स्टैंड में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा भेज दिया। अजीत की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरा मोहल्ला शोक में डूब गया।

## जयप्रकाश का महिंद्रा थ्री व्हीलर से स्कॉर्पियो तक का सफर किया तय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महिंद्रा आनंद मोटर्स के ग्राहक जयप्रकाश कुमार शाह, जो भवनाथपुर के रहने वाले हैं, ने बताया कि मैंने एक वर्ष पूर्व एक ट्रियो इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर खरीदी थी। जिसे मैं एक लाख किलोमीटर चल चुका हूं। फिर मैं दूसरा थ्री व्हीलर ट्रियो ही खरीदा। उसे भी लगभग एक लाख किलोमीटर होने जा रहा है। मैंने दोनों थ्री व्हीलर के कमाई से महिंद्रा ट्रैक्टर लिया, जो काफी अच्छा चल रहा है। और अब तीनों गाड़ी के कमाई से स्कॉर्पियो लेने हेतु कोटेशन लेने आनंद मोटर में आया हूं। श्री शाह ने कहा कि महिंद्रा की कमाई से महिंद्र स्कॉर्पियो लेने कि मुझे बहुत खुशी है। मैं महिंद्रा के सर्विस तथा कंपनी द्वारा मेरी गाड़ी का किया गया रखरखाव से काफी खुश हूं। जिसके बदौलत स्कॉर्पियो तक का सफर मैं तय कर पा रहा हूं। इस अवसर पर आनंद मोटर सर्विस के जीएम ने कहा कि हम सब को भी खुशी है कि हमारे ग्राहक कितने संतुष्ट हैं और उन्नति कर रहे हैं। जिस दिन जयप्रकाश शाह स्कॉर्पियो का डिलीवरी लेंगे, उस दिन संतुष्ट ग्राहक सेलिब्रेशन किया जाएगा। जिसमें हमारे एमडी स्वयं इन्हें सम्मानित करेंगे।

## डिग्री कॉलेज सडमा में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कॉलेज के महिला कर्मियों एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम में प्रो मुन्नी देवी, प्रो अपराजिता प्रकाश, प्रो इंद्र कुमारी, प्रो सुनीता कुजूर, सुश्री चंदा कुमारी एवं संध्या कुमारी ने अपने-अपने विचारों को साझा किया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने अपने सम्बोधन में कहाँ कि महिलाओं के प्रति सम्मान दैनिक जीवन से प्रारंभ होती है जो व्यवहार में भी दिखना ही चाहिए। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। कार्यक्रम में इंदु कुमारी ने कहाँ कि शिक्षा से ही महिलाओ का विकास निहित है। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य राजकिशोर लाल,प्रो अमित कुमार एवं सभी कॉलेज कर्मियों द्वारा पुष्प गुछ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खुशी, अंशु, चांदनी एवं साक्षी कुमारी, प्रो अमित कुमार, प्रो जलेश्वर, प्रो रोहित, प्रो राजमोहन, अनुज कुमार, सफल, सत्या, राजेश कुमार ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मंच का संचालन प्रो सूर्योदय कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजमोहन ने किया।

## होली पर्व को लेकर केतार थाना परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर केतार में शनिवार को आगामी होली पर्व मनाने को लेकर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ किया गया। इस दौरान राजस्व कर्मचारी प्रकाश राम, सबस्पेक्टर आदित्य ठाकुर एवं एसआई तौहीद अहमद उपस्थित रहे। उक्त होली का पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य ग्रामीणों से विधि व्यवस्था कायम रखकर हर्ष के साथ मनाने की बात कही गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने सबसे पहले होली की बधाई दी एवं बताया कि डीजे साउंड पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा,साथ ही देशी शराबा को लेकर लगातार छापे मारी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भार्मक, हिंसक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ मैसेज वह वीडियो,. फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम,यूट्यूब पर पोस्ट एवं शेयर ना करें। जिसे थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था खराब होने की संभावना हो। गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी हुई है। ताकि शांति व्यवस्था भंग ना हो। प्रभावित करने वाले भार्मक सूचना,फोटो,वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से यह अपील किया है कि किसी भी तरह का अफवाह पर ध्यान ना दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना बिना विलंब किए हुए संबंधित थाना को दें। समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को हर सम्भवतः मदद करें। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, बीससूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, मुखिया मूंगा साह, मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, छोटन सिंह, गुड्डन पासवान, संजय पाल, कुंडल सिंह, श्रीराम सिंह, रेयाज अंसारी ,हकीमुद्दीन अंसारी, अली हुसैन अंसारी, रामविचार साहू, नागेंद्र ठाकुर, बिंदु राम, उदय प्रसाद, मेराजुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## 45 वर्षीय लखु रजवार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना क्षेत्र के परसोडीह पंचायत अंतर्गत बांसडीह खुर्द गांव में 45 वर्षीय लखु रजवार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक लखु रजवार बीते कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। उनकी पत्नी संगीता देवी मूकबधिर हैं, जिससे परिवार की स्थिति और भी संवेदनशील थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात लखु रजवार और उनकी पत्नी घर के बाहर सो रहे थे। सुबह ग्रामीणों ने जब उन्हें कटहल के पेड़ से लटका देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना केतार थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया।इस घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के पड़ोसी रमेश गुप्ता, भोला साह, विष्णु साह, शिव प्रजापति, कर्मू रजवार सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाने का प्रयास किया।फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है, और परिजनों से पूछताछ भी की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि उसकी मूकबधिर पत्नी को जीवनयापन में कठिनाई न हो। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और जल्द ही स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

## मानवाधिकार आयोग कार्यालय में काटा गया केक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान समारोह में मानवाधिकार आयोग के जिला कार्यालय पश्चिमी सुदना में मनाया गया। इससे पहले मानवाधिकार आयोग के सचिव सह जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने अंगवस्त्र देकर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष संध्या सिंह , चंचला देवी एवं सीला देवी को सम्मानित किया। मौके पर सर्वप्रथम महिला दिवस अवसर पर केक काटकर मनाया गया एवं इस अवसर पर कोमल है कमजोर नहीं तु शक्ति का नाम नारी है जग को जीवन देने वाली मौत भी तुमसे हारी है गीत से सुरूआत किया गया। महिला दिवस के अवसर पर यह कहा गया कि आज महिलाओं को संकल्प लेने की आवश्यकता है कि अपने आसपास अगल-बगल हो रहे घटनाओं अत्याचार और जुल्म के खिलाफ खामोश रहकर नहीं एक दूसरे का मदद करके संकल्प के



साथ जुझारू रूप से रहते हुए लड़ना है आगे बढ़ना है साथ ही महिलाओं को शिक्षा की ओर आगे बढ़ते रहना चाहिए जब तक महिलाएं शिक्षित नहीं होगी तब तक समाज में न ही बदलाव आएगा महिलाएं शुरू से हर मोर्चे पर अग्रणी रूप में काम करते आई है चाहे वह लक्ष्मी बाई के रूप में हो या शक्ति के रूप में। मौके पर किरन कुमारी, अंकित कश्यप, धारती देवी, कविता देवी, सोनी देवी, पुष्पा सिंह नंदनी देवी आकांक्षा तिरछी सुगंधी देवी सोनी देवी अंजनी कुमारी सोनम गुप्ता शिवानी गुप्ता, सगरी कुमारी, अनिल ठाकुर सोनू गुप्ता ज्ञान प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पिपरा में अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी

**पिपरा, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया के ग्राम बनाही मे विभिन्न स्थानों पर करीब चार क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने के उपकरण को उसी स्थल पर नष्ट कर दिया गया. पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में झारखंड बिहार के सीमावर्ती इलाकों में होली त्यौहार के पूर्व अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ



छापामारी अभियान चलाया जा रहा है. बिमल कुमार ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ छापामारी अभियान आगे भी चलाया जाएगा. अवैध शराब बिक्री के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान होता है. सड़क दुर्घटना एवं आपसी कलह की भी संभावना काफी बढ़ जाती हैं. अवैध महुआ शराब जहरीली भी हो सकती है जिसे पीने वाले की मृत्यु असमय होने की संभावना रहती है. छापेमारी दल में एसआई नकुल शर्मा एएसआई तसदूक अंसारी भी शामिल थे.


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### पूरुष और महिला बॉक्सरों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन शिविर खेलगांव रांची में आज

**रांची।** सरायकेला खरसांवां में आयोजित 18 वां राज्यस्तरीय यूथ पूरुष एवं महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता 21से 23 मार्च 2025 को देखते हुए रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने 09 मार्च 2025 कल दिन रविवार को सुबह 8ः00 बजे सुबह स्थानीय बॉक्सिंग हॉल खेलगांव रांची में रांची जिला के मान्यता प्राप्त क्लब के बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन शिविर रखा गया है। जिसमें 1जनवरी 2007 से 1जनवरी 2008 के जन्मे खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है। खिलाड़ियों को चयन में हिस्सा लेने के लिए जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड माता पिता का आधार कार्ड आवासीय प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा। इस शिविर में रांची जिला अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू सचिव अजय मुकूल टोप्पो, कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद जेएसएसपीएस कोच बीबी मोहंती, बिमल आनंद नाग,कमल किशोर कच्छप,जिला पदाधिकारियों सहित सभी मान्यता प्राप्त क्लब के प्रशिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की शिष्टाचार भेंट

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल गंगवार ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित राज भवन पत्रिका की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

# रामनवमी पूजा समिति का नन्द किशोर सिंह चंदेल बने अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** युवा रॉची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) कि बैठक श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर भुतहा तालाब के प्रांगण में हुई। सर्वप्रथम इस बैठक में युवा रॉची महानगर रामनवमी पूजा समिति का नाम सर्वसम्मति से बदलकर केंद्रीय युवा महावीर मंडल रॉची किया गया अब इसी नाम से पूजा समिति जानी जाएगी।

इस बैठक में लगातार नौवीं बार नन्द किशोर सिंह चंदेल को केंद्रीय युवा महावीर मंडल रॉची का अध्यक्ष सर्व समिति से चुना गया। इस शुभ अवसर पर अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि केंद्रीय युवा महावीर मंडल रांची लगातार 9 वर्षों से रांची में सबसे विशाल कार्यक्रम करता आ रहा है। हर बार की तरह इस बार भी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया जाएगा साथ ही मंत्री गण, सांसद गण, विधायक गण, बोर्ड निगम के अध्यक्ष, प्रशासनिक पदाधिकारी, शहर के तमाम पत्रकार गण सहित रांची शहर के विशिष्ट और आमजनों को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया जाएगा। रामनवमी के शुभ अवसर पर शहर को बैनर पोस्टरों से पाटा जाएगा, दिनांक 5 अप्रैल महाअष्टमी को संध्या बेला में केंद्रीय युवा महावीर मंडल रांची के मंच का शुभ उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अतिथियों के द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ संरक्षक-हेम सिंह, संजय पांडे,निलेश चौधरी, संजय कुमार जयसवाल,शिवाजीत सिंह, संजय सिंह लल्लू,दीपक ओझा,अजय सिंह ,मुरारी मंगल, संजय सिंह लल्लू,विक्रम सिंह सोनू, दीपू सिंह, मुकेश सिंह, नीरज सिंह, विशाल पांडिया,देव सिन्हा,पंकज सिंह, गजेंद्र सिंह,जीतू साहू, जीतू अरोड़ा, नरेश मक्कड़ मिशु, गुलशन मीढ़ा, देव सिन्हा संरक्षक- रीना सिंह,रीता दूबे, नीलू सिंह,शिल्पी कुमारी वर्मा,पूजा कुमारी,मंजुला बेरा,सुनीता सिंह,गीता सिंह, अर्चना मिर्धा, अनिता कुमारी,शीला साहू,रवि मेहता, ममता मिश्रा,रेखा सिंह, रंजीत पांडे,अंजली चौधरी, प्रीति मौरिया, प्रमिला भारती,उर्मिला चौधरी,श्याम किशोर सिंह,मुकेश, रमेश अग्रवाल, रामेश्वर दयाल सिंह,अनिल कुमार, मनजीत सिंह, अविनाश सिंह, गोपाल पांडे,बासु बेरा,अमर सिंह, रिशु,जीतू साहू , जितेंद्र सिंह,अशोक यादव, जिमी गुप्ता,जितेंद्र कुमार सिंह, कमलेश यादव, रविंद्र कुमार सिंह, डीके सिंह, श्री राम सिंह, विजय पांडे,संयोजक-सोमू बनर्जी,बिट्टू सिंह, भोलू सिंह, राहुल सिंह, कुमार बंटी, अजीत कुमार सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष-कुंवर यस सिंह परमार,अभिजीत राज, सीनू वर्मा, विकास सिंह आदि शामिल थे।

# कोयले के अवैध व्यापार में कितने निर्दोष की जान लेगी राज्य सरकार : बाबूलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज अपराधियों द्वारा एनटीपीसी हजारीबाग के डीजीएम आलोक कुमार की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने पर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम गौरव कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से स्तब्ध हूं। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जिस प्रकार भड़काऊ बयान देकर कोयला कारोबार को प्रभावित करने की धमकी दी गई, उसके बाद से अपराधियों के हौसले और बुलंद हैं। कहा कि कल 7 मार्च को रांची में एक कोयला कारोबारी के ऊपर जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस सचेत नहीं हुई। अंततः अपराधियों ने एक युवा होनहार अधिकारी की जान ले ही ली। कहा कि हेमंत सोरेन ने अपराधियों को उकसा कर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष का आगाज कर दिया है। न जाने कोयले के काले कारोबार में कितने निर्दोष लोगों की जान लेगी यह सरकार कहा कि झारखंड में धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा के इलाके से प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी सरकारी तंत्र के संरक्षण में हो रही है, जिसके वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंट रहा है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो इसी तरह रोज हत्याएं होंगी,निर्दोष लोगों की जानें जाती रहेंगी। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केलिए यह उपयुक्त समय है कि सबसे पहले वे कोयले की चोरी बंद कराएं। अपराधियों को पकड़ने के लिये एसआईटी बनाकर कार्रवाई करना अच्छी बात है। लेकिन इससे भी ज़रूरी है कि कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिये ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में एसआईटी बनाया जाए क्योंकि जबतक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे तबतक कोयला चोरी और इसको लेकर हो रहे अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा?

## सेल ने सैटेलाईट कॉलोनी में अपनी पहली ग्रीन बिल्डिंग का किया अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सेल के आंतरिक सलाहकार, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने, भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा प्रमाणित सेल की पहली ग्रीन बिल्डिंग का उद्घाटन अमरेंदु प्रकाश के कर कमलों द्वारा सैटेलाईट कॉलोनी में किया ।

इसमें सेल बोर्ड के निदेशकों वी.एस.चक्रवर्ती, निदेशक (विपणन); ऐ. के. तुलसियानी, निदेशक (वित्त); के.के.सिंह, निदेशक (कार्मिक); बी.के. तिवारी, निदेशक प्रभारी (बोकारो); एम.आर गुप्ता; निदेशक (तकनीकी,परियोजना एवं कच्चा माल) एवं आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी(राउरकेला) की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मेजबानी सीईटी के ईडी श्रवण कुमार वर्मा ने की7 मौके पर अनूप कुमार, ईडी (सुरक्षा); वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल) एवं संदीप कर, ईडी (आर.डी.सी.आई.एस) उपस्थित थे।

सेल सैटेलाइट टाउनशिप, रांची में स्थित 30 वर्ष पुराने इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल को कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए पुनर्निर्मित किया गया है, जो पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए सेल के समर्पण को दर्शाता है।

बिल्डिंग का अभिनव डिजाइन और विशेषताएं उच्चतम ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को सुनिश्चित करती हैं।

## हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : डॉ. रंजना

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फाउंडेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाइंड और जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से शनिवार को आरोग्य भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख डॉ. रंजना चौधरी ने कहा कि समय बदल रहा है और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनने और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के लिए कई कौशल विकास योजनाएं चला रही हैं, जिनका सभी को लाभ लेना चाहिए।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# बेटियों को शिक्षित करने एवं उनके साथ भेदभाव न करने का दिया गया गया संदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 10 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम के समापन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) द्वारा शौर्य सभागार जैप-1 डोरंडा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड किरण कुमारी पासी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर राँची उत्कर्ष कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज उपस्थित थे।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समाज में फैली विषमताओं को दूर करते हुए अपनी बेटियों को शिक्षित बनाने एवं उनके साथ भेदभाव न करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इण्टर में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण एस0एस0 डोरण्डा बालिका +2 उच्च विद्यालय के पांच छात्राओं तनवी राज, इलमा, तमान्ना परवीन, कुमारी जनवी प्रिया एवं पिंकी गुरूंग को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। झारखण्ड राज्य रांची जिले के महिला पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी जिनका चयन कम्बोडिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए चयन हुआ है उस टीम के सात सदस्यों पुष्पा मिंज, असुन्ता टोप्पो, तारामनी लकडा, महिमा उरांव, संयुक्ता एक्का, अनिता तिर्की, प्रतिमा तिर्की एवं उनके मैनेजर सरिता सिन्हा को कार्यक्रम सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके को रांची जिला के बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना का नोडल नामित करते हुए उक्त विधालय को वार्डेन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत रांची जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुमारी प्रभावती, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अनगडा, लक्ष्मी भारती, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ओरमांझी, संगीता स्नेहलता कुजूर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कांके, अपर्णा तिर्की, महिला पर्यवेक्षिका, अनगड़ा, शिल्पी कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, कांके, अंशु प्रतिमा भेंगरा, महिला पर्यवेक्षिका, ओरमांझी, कलावती कुमारी, सेविका, लुपुंगढीपा अनगड़ा, शिलावती खोया सेविका फुटकल आदिवासी टोली कांके, सैरा खातून, सेविका दरदाग 2 ओरमांझी को सम्मानित किया गया।

# श्याम मंडल का फाल्गुन सतरंगी महोत्सव आज से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम मण्डल, रांची का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव नौ से 11 मार्च तक श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों का आयोजन राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप रेखा देने के लिए मंडल के सदस्य काम कर रहे हैं । कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर की साफ सफाई के बाद आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है और श्रृंगार के लिए कोलकाता से आए हुए कारीगरों की टीम कार्य में जुटी है। वहीं नौ मार्च को दोपहर तीन बजे श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर ( सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट ) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा शुरू होगी जो रांची के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु भक्तों को आशीष प्रदान करेंगे। साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 750 श्रद्धालू अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे। साथ ही भजन गायक की टोली सम्पूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे । इस अवसर पर भक्तजनों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी ।

# आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन से 24 बीयर किया बरामद





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची मंडल में कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब की बरामदगी के लिए लगातार ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ द्वारा अभियान जारी है उसी क्रम में 07.03.2025 को रांची फ्लाइंग टीम और आरपीएफ पोस्ट/रांची द्वारा रांची स्टेशन पर शाम 6ः00 बजे से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पुरुष व्यक्ति को हटिया छोर के स्नक्ककके पास काले रंग के पिथू बैग के साथ खड़ा देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली गई। उसकी बैग से कुल 24 नग किंगफिशर बरामद हुए। पूछताछ पर उसने अपना नाम अशिष रंजन, आयु 30 वर्ष, पिता- अनिल कुमार, निवासी- खेमनिचक पूर्वी लक्ष्मी नगर, पोस्ट- खेमनिचक, थाना- रामकृष्ण नगर, जिला- पटना (बिहार) बताया। पूछने पर उसने बताया कि उसने यह शराब रांची से खरीदी थी और ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस द्वारा बिहार जा रहा था इसके बाद सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर मौके पर बरामद शराब को सही तरीके से जब्ती सूची के साथ जब्त कर लिया और उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफतार आरोपी और जब्त सामग्री को 08.03.2025 को रांची के उत्पाद विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपा गया।

**निम्न अधिकारी कर्मचारी का सराहनीय कार्य रहा:** उपनिरीक्षक सुरज पांडे, एस एआई /रवि शेखर, स्टाफ मोहम्मद अलीम, आर.के. सिंह, प्रदीप, डी.के.जितरवाल तथा हेमंत शामिल थे।

# राधा- कृष्ण मंदिर में होली मिलन समारोह 10 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में पुंदाग स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शनिवार को बताया कि संत स्वामी सदानन्द महाराज के आने के बाद वृंदावन की होली के तर्ज पर होली मिलन महोत्सव का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम के परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हॉल में दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक गुरु महाराज के सानिध्य में फूलों की होली और अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी। इस अवसर पर श्री राधा- कृष्ण का भव्य श्रृंगार, भजन- कीर्तन किया जाएगा। कार्यक्रम समापन के बाद सदानंद महाराज शिष्यों और आये हुए भक्तों के बीच प्रसाद वितरण करेंगे आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन महोत्सव में अल्पाहार और ठंडई की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी कृष्ण भक्तों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# आप भी अपनी समस्याएं सीधे डीसी को बता सकते हैं, इसके लिए टॉक- टू-डीसी से जुड़े




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर शहर के समाहरणालय तक नहीं पहुंच पाते हैं, इनकी समस्याओं हल आसानी से हो जाए इसी उद्देश्य से महीने के प्रत्येक पंद्रह दिनों में उनकी समस्या से न सिर्फ अवगत होंगे बल्कि त्वरित कार्रवाई भी किया जायेगा। इसी के साथ टॉक - टू-डीसी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। पहले दिन ही कई मामले आए जिसका निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। उक्त बातें दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने पत्रकारों को बताया। उन्होंने कहा ये अभी शुरुआत है, लेकिन कारगर साबित होगा।

**हर प्रखण्ड के पंचायत के ग्रामीणों ने बतायी अपनी समस्याएं:** कार्यक्रम के दौरान जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी से अपडेट लेते हुए समस्या के समाधान के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिन ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं बतायी गयी उनका संपर्क नंबर भी जिला उपायुक्त द्वारा लिया गया ताकि आवश्यक कार्यवाही के संबंध में उन्हें जानकारी दी जा सके।

**पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या:** टॉक टू डीसी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त को पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या से अवगत कराया। सुदूर लापुंग प्रखण्ड के दानेकेरा पंचायत के महेन्द्र महतो ने बताया कि उन्हें दो महीने से पेंशन नहीं मिल रहा है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जांच करते हुए पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बुड़मू प्रखण्ड के सारले पंचायत से आशीष बेसरा द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति के लिए लगाया गये पाइप के टूटने की समस्या बतायी गयी, इस संबंध में जिला डीसी द्वारा अभियंता को यथाशीघ्र जलापूर्ति में सुधार का निर्देश दिया गया।तमाड़ के ओझासाड़म पंचायत की मायावती कुमारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लगे नल से एक महिला द्वारा पानी नहीं लेने दिया जाता, महिला द्वारा पास के स्कूल भवन में भी कब्जा किया गया है। इस संबंध में डीसी द्वारा मामले की पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को स्कूल भवन में कब्जे की भी जांच के निर्देश दिये गये।बुड़ूम प्रखण्ड के चकमे की बिंदिया देवी ने बताया शादी के बाद वो अब ससुराल के राशन कार्ड में अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं, इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन भी किया है। डीसी द्वारा वन नेशन वन राशन के तहत महिला का नाम स्थानांतरित करने के निर्देश दिये।

# मंईया सम्मान योजना में फर्जी वाड़ा का खुलासा, डीसी ने दर्ज कराया एफआईआर




परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सबसे सराहनीय पहल झारखंड की मंईया कैसे स्वालंबी बने ,आत्मनिर्भर बने, सशक्त बने इसको लेकर महिलाओं को प्रत्येक महीने 2024 से 1000 उसके खाते में देने का ऐलान किया , इसके बाद यह राशि बढ़कर 2500 या हो गई । पचास लाख सज अधिक महिलाओं ने लाभ उठाया। मार्च 2025 में मंईया सम्मान की राशि सभी के खाते में जाएगी और यह राशि होली से पहले सभी को दिया जाएगा , लेकिन इस बीच कई फर्जीवाड़े के भी खबरें आ रही है , कई जिलों में कई फर्जीवांडे पकड़े भी गए हैं ।

रांची में भी फर्जी एफआईआर दर्ज

रांची जिला में भी एक फर्जी वाड़ा करने वाले को चिन्हित किया गया है, जो मंईया सम्मान योजना का लाभ अवैध तरीके से प्रज्ञा केंद्र के संचालक के माध्यम से उठा रहा था । रांची जिला उपायुक्त मंजू नाथ भजन्त्री ने बताया कि रांची जिला में करीब साढ़े चार लाख लाभुकों को चिन्हित किया गया है , जिसमें से 11 000 लाभुकों की शिकायत मिली है। जिसकी जांच चल रही है । इसी जांच के क्रम में तमाड़ प्रखंड के कार्तिक पातर नामक व्यक्ति का नाम सामने आया है जिसमें अवैध तरीके से लगभग 112 महिलाओं के खाते को सीआईसी के पासवर्ड का गलत उपयोग करते हुए प्रज्ञा केंद्र संचालक की मिली भगत से मंईया सम्मान योजना का पैसे उठा रहा था । अब तक कितने पैसे उसे के खाते में गए हैं इसकी जांच हो रही है, फिलहाल इस पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। हम लोग जांच कर रहे हैं कि और कितने लोग गलत तरीके से मंईया सम्मान योजना का पैसा उठाया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि जो आहर्ता नहीं रखते हैं वह अब भी मंईया सम्मान योजना की राशि लेना बंद कर दे और जो राशि उठा चुके हैं उसे वापस कर दें, अन्यथा उसे पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

जो गरीब है, वही मंईया समान योजना का लाभ ले सकते हैं। आपभी अपनी समस्या कर सकते हैं। अबुआ साथी-9430328080 जन शिकायत हेतु रांची जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर पर ।

# बच्चों के पालनाघर का किया गया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** महिला दिवस के अवसर पर , उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक, चंदन कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी ,सदर राँची, उत्कर्ष कुमार के द्वारा क्रेच (पालनाघर) का उद्घाटन किया गया। यह क्रेच सुविधा मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत प्रदान की जा रही है, जो उन संस्थानों के लिए अनिवार्य है जहाँ 50 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इसमें बच्चों के लिए आरामदायक वातावरण, पोषण, स्वच्छता और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। यह सुविधा मुख्य रूप से ब्लॉक बी में कार्यरथ सभी महिला कर्मचारी एवं जो महिलाए अपने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करना चाहती है यह सुविधा उनके लिए उपलब्ध है। क्रेच का संचालन कलेक्ट्रेट बिल्डिंग ,ब्लॉक-बी , कमरा संख्या - 211 में स्थापित की गई है , जो सुबह के 10 बजे से शाम 5 बजे तक हर कार्यालय दिवस में खुला रहेगा। इस अवसर पर सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, एवं अनुमंडल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# अन्याय व अत्याचार को चुप चाप सहना और देखना भी अन्याय से कम नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर कॉलेज मैदान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज एक बार फिर आधी आबादी ने अपनी ताकत का अहसास कराया . प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अन्याय और अत्याचार को चुप चाप सहने और देखने को भी अन्याय की संज्ञा दी . उन्होंने कहा कि आज आधुनिक भारत की महिलाएं अब घर की चौखट को लांघ कर अपने हक ट्ठ अधिकार और खुद पर हो रहे जुल्म ट्ठ अत्याचार के खिलाफ लड़ने को तैयार है . समाज में महिलाओं को हमेशा लोक ट्ठ लाज के दायरे में बांधने की कोशिश हुई . आज जरूरत है कि महिलाएं एक दूसरे की ताकत बने और जरूरत पड़ने पर संगठित हो कर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार रहे . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हमेशा से महिलाओं की भागीदारी ने चौंकाया है . कई महिलाएं है जो गांव ट्ठ पंचायत में बेहतर काम कर रही है . ऐसी महिलाओं का सम्मान जरूरी है . आज समाज में 80 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं अपना योगदान दे रही है . मैंने अच्छा काम करने वाली महिला अधिकारियों को भी सबसे ज्यादा महत्व दिया है . यही वजह है कि चान्हो / लापुंग / बेड़ों प्रखंड कार्यालय में महिला अधिकारी काम करती हुई दिख जाएगी . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली से पहले मिलने जा रही है . सम्मान राशि 2500 रुपया का निवेश बेहतर तरीके से करें और लखपति दीदी कैसे बने उस पर इस जोर देने की जरूरत है . उन्होंने कहा कि कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जिस भी योजना की जरूरत है विभाग का दरवाजा सदैव खुला है . झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने अपने संबोधन में महिला को संघर्ष ट्ठ जीत और आकांक्षा का प्रतीक बताया . उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने झारखंड के गांव में आ कर महिला समूह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है . आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने शराब के खिलाफ सबसे पहले लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया था . शराबबंदी के नाम पर सबसे पहले महिलाओं की गोलबंदी हुई . उस वक्त वो खुद उस जिला के अधिकारी थे . एक गांव से शुरू हुए शराबबंदी आंदोलन से प्रभावित हो कर एक हजार के करीब गांवों में शराब पीने पर पाबंदी लग गई . सरकार ने भी महिलाओं के इस प्रयास का समर्थन किया . वहीं से सात्र ग्रुप बनाने की शुरुआत हुई . महिला समूह का हर माह बैठक होना जरूरी है . झारखंड में 2500 रुपए महिला सम्मान के तौर पर मिल रहा है . इस राशि का उपयोग बेहतर तरीके से करें . राशि का बचत कर अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा और परिवार के विकास में अपना योगदान दे सकते है।

## जे ऐल के एम महिला संगठन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा महिला संगठन के द्वारा ई ई एफ मैदान टाटीसिलवे में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर बालिकाओं का फुटबॉल प्रतियोगिता , महिला शक्ति के लिए रस्सा कसी ,घड़ा फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में सिल्ली,नवागढ़, जोरार,5 टाटीसिलवे की टीम भाग लिए।इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि जे एल के एम के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो, विशिष्ट अतिथि देवेंद्रनाथ महतो,दमयंती मुंडा,बेबी देवी,पूजा महतो,पार्वती देवी,संजय नाथ महतो,सुधांशु कुमार महतो,अजहर,अयूब।मुख्य अतिथि ने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण राज्य के नौकरियों में दिया जाए।हमारे देश में पुरुष प्रधान है। त्याग,सहिष्णुता, क्षमा महिला शक्ति की पहचान है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्वती देवी, रीता देवी,अनिता देवी,सीता महतो,लक्ष्मी देवी,पूनम महतो,मोहरी महतो, सुमित महतो,गोविंद महतो,जलेश्वर महतो,नागेश्वर महतो,प्रेमनाथ महतो,महावीर महतो,राजू महतो,विमल महतो,रामपोदो महतो,संतोष साहू,लखींद्र महतो,शिवनारायण,सुरेश महतो,इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। फुटबॉल प्रतियोगिता में जोरार की टीम विजेता, सिल्ली के टीम विजेता रही।विजेता,उपविजेता को एक़ावन सौ, एकतीस कैश तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



## लैंगिक समानता अभियान : विकास की ओर उठता एक कदम

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिनोडिकल बोर्ड ऑफ़ सोशल सर्विसेज (सी एन आई - एस बी एस एस) की ओर से लैंगिक समानता अभियान ईटकी-प्रखण्ड के कुर्गी पंचायत एवं कुल्ली में 6 और 7 मार्च को चलाया गया और इस कार्यक्रम का समापन शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ समापन हुआ। इस अभियान में ईटकी-प्रखण्ड के 6 गांव के महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उदेश्य महिला और पुरुषों के बीच सामाजिक , आर्थिक अंतर के प्रति महिला पुरुषों को जागरूक करना और उन्हें एक दूसरे के साथ मिल कर आगे बढ़ने की ओर प्रेरित करना. इस कार्यक्रम के द्वारा यह कोशिश की गयी कि गांव की माँ बहनें अपने अंदर छिपी हुई ताकत का एहसास करें । साथ ही पिता,पति और भाई सब मिलकर एक दूसरे के कामों में सहयोग करें कोई भी काम का सोच विचार कर निर्णय लेने में आपसी सहयोग के साथ काम करें। यह प्रयास जेंडर सशक्तिकरण की ओर बढ़ने का एक कदम है.



## जन औषधि केन्द्र टाटीसिलवे द्वारा जन औषधि दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन औषधि केंद्र टाटीसिलवे द्वारा जन औषधि दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।इस शुभ अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा,टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन,नागेश्वर महतो, शयनाथ महतो,के डी सिंह,के सी सिंह,सनील जॉय,भोला ठाकुर ,बनर्जी दा इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच की समाज के अंतिम व्यक्ति को कम मूल्य पर अच्छी दवाएं उपलब्ध कराना। इस पर आपकी सेन्टर अच्छा कार्य कर रहा है।इसके लिए सेंटर के सभी साथियों का बहुत बहुत आभार।चैनल पार्टनर कैलाश सिंघानिया के द्वारा दिन दयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को सेनेटरी पैड प्रदान किया गया।जन औषधि केन्द्र के स्टेट हेड सुमित पांडे ने कहा केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा दिए गए मिशन को पूरा करने के लिए अर्बन एवं रूलर क्षेत्र में केंद्र की संख्या बढ़ाने का काम कर रहे है। ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल सके।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर हेड शुभ लक्ष्मी, ओम पांडे,वेद प्रकाश पांडे, स्टेट हेड सुमित पांडे, चैनल पार्टनर कैलाश सिंघानिया,अशोक विश्वकर्मा,नकुल विश्वकर्मा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस कार्यक्रम में आसपास के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## चितरंजन महतो का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ प्रदीप वर्मा

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के असामायिक निधन पर गमगीन परिजनों से मिलने शनिवार को राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा उनके पैतृक गांव डोकाद पहुंचे।सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि चित्तरंजन महतो का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि बहुत ही कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। वे हमेशा पार्टी संगठन एवं सामाजिक कार्यों के लिए सक्रिय रहते थे।परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए सांसद ने आश्वश्त किया कि इस दुख की घड़ी में हम सब उनके परिवार के साथ खड़े हैं।मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल महामंत्री मेघनाथ,ज्योति प्रसाद, गंगाधर साव,युधिष्ठिर महतो, कृष्ण चरण महतो, ज्ञान रंजन महतो, लक्ष्मण महतो, लक्ष्मीकांत महतो,फलीन्द्र हजाम भी मौजूद रहे।



## सिल्ली में प्रेमसंस बजाज ने तीन पहिया वाहन शोरूम का किया शुभारंभ

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बजाज के अधिकृत डीलर प्रेमसंस बजाज ने शनिवार को सिल्ली में साहेब बांध के समीप तीन पहिया वाहन का भव्य शोरूम एवं अत्याधुनिक वर्कशॉप का उद्घाटन संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। प्रेमसंस बजाज ने अपने ग्राहकों के रखरखाव एवं सर्विस के लिए वर्कशॉप भी तैयार किया है। इस शोरूम में बजाज तीन पहिया के सारे मॉडल (सीएनजी, डीज़ल एवं इलेक्ट्रिक) में उपलब्ध है, फाइनेंस की सुविधा कम ब्याज दर में एवं न्यूनतम डाउन पेमेंट पर भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है इस मौके पर एक गाड़ी की डिलीवरी एवं पांच गाड़ियों की बुकिंग की गई शोरूम के मैनेजर प्रदीप वर्मा, सर्विस मैनेजर धीरज कपूर, ब्रांच हेड मोहम्मद शाबीर हुसैन, मुरी ओपी एस आई आशिष रंजन, मुन्ना सिंह एवं पूरे प्रेमसंस बजाज की सेल्स टीम उपस्थित थे ।



## पिपरवार कोयलांचल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला उत्थान एवं महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया गया।जानकारी के मुताबिक सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई।रैली की शुरुआत स्कुल प्रागंण से की गई,जो क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बचरा चार नम्बर खेल मैदान पहुंचा।रैली के माध्यम से बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा दिया गया।रैली मे स्कुल के कक्षा बाल वाटिका से कक्षा दो तक के बच्चों ने भाग लिया। रैली में शामिल बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया गया।इधर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत स्कुल की प्राचार्या डॉ.आर चौधरी ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि नारी समाज की नई होती है।जब कोई महिला आगे बढ़ती है तो वह परिवार, समाज और देश प्रगति करता है।वर्तमान में महिलाऐ अपने हक और अधिकार के लिए सभी महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र की सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामना दी।साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से दीप जलाकर की गई।कार्यक्रम में अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका टाका नारो जमीर ने अपने बच्चों के समक्ष अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर चर्चा करते हुए बच्चियों को सशक्त होने का संदेश दिया।उन्होंने महिला दिवस के उद्देश्य एवं इसके सिद्धांत पर जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया।विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने बच्चियों को आगे बढ़ने एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आहवान किया।उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के उत्थान पर चर्चा करते हुए कोयलांचल क्षेत्र की सभी महिलाओं को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने की अपील की।साथ ही महिलाओं के उत्थान एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही सभी महिलाओं से योजनाओं से जुड़कर इसका लाभ उठाने की अपील की।

## मैकलुस्कीगंज थाना परिसर में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में अरणी मंथन और जलाधिवास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैकलुस्कीगंज थाना परिसर में शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु चल रहे चार दिवसीय पांच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ मंडप में वास्तु देवताओं का आह्वान कर पूजन, अरणी मंथन तथा जलाधिवास संपन्न हुआ। मुख्य आचार्य जयप्रकाश पांडे के नेतृत्व और मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य दीनबंधु शास्त्री, चंद्रकांत स्वामी, अमित पांडे और रजनीकांत मिश्रा ने मुख्य यजमान हेमलाल साव व गौरी देवी समेत अन्य यजमान दीपक कुमार साव एवं कुमारी खुशबू, बबलू यादव एवं मीना देवी, श्रीकांत शर्मा एवं संगीता देवी, अजित कुमार वर्मा एवं नूतन कुमारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञशाला में अरणी मंथन की प्राचीन विधि से अग्नि प्रकट कर यज्ञकुंड में स्थापित की। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया में शिवलिंग, हनुमान, पार्वती, गणेश और कार्तिक की प्रतिमाओं का जलाधिवास संस्कार संपन्न हुआ, जिसमें मूर्तियों को पवित्र जल में डुबोकर पंचतत्वों से शुद्ध किया गया। मुख्य पुरोहित आचार्य जयप्रकाश पांडे ने बताया कि अरणी मंथन वैदिक ऋषियों द्वारा अग्नि उत्पन्न करने की पारंपरिक प्रक्रिया है, जिसमें विशेष प्रकार की लकड़ियों के घर्षण से अग्नि उत्पन्न की जाती है। इसे सृष्टि की सृजन ऊर्जा और शुद्धि का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि अग्नि यज्ञ की आत्मा होती है और यह सभी पवित्र कर्मो का आधार मानी जाती है। जलाधिवास का उद्देश्य मूर्तियों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है, जिससे वे मंदिर में प्रतिष्ठित होने के योग्य बन सकें। यह प्रक्रिया पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश तत्वों के संतुलन को स्थापित करने की मान्यता पर आधारित है ।श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है, और वे भक्ति भाव से यज्ञशाला में पूजन-अर्चन कर रहे हैं। आयोजन समिति के घंटू पांडे ने बताया कि तीसरे दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें मंदिर में प्रतिष्ठित होने वाली प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस अवसर पर विजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, कुलदीप साहू, उदय सिंह, गगन राम, उमेश कुमार सिंह, अमित कुमार राम, निरंजन प्रसाद, अजय कुमार झा और प्रभात रंजन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 92 लोगों का निशुल्क नेत्र जांच किया गया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित उच्च विद्यालय सकरपदा में शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सफदर इमाम फाउंडेशन व भगवान महावीर आई हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से आयोजित शिविर में डॉ जूही कुमारी व डॉ ममता कुमारी ने 92 लोगों के नेत्रों की जांच कर उचित परामर्श दिया। और जरूरतमंदों के बीच दवा का वितरण किया गया। 11 लोगों में मोतियाबिंद पाए गए। इससे पूर्व सफदर इमाम फाउंडेशन के प्रोफेसर मजहर इमाम ने हॉस्पिटल के डाइरेक्टर कमल जैन और विजय जैन को बुके देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शिविर में स्कूल के शिक्षक जफर इमाम, जावेद अख्तर, कमलेश कुमार सिंह सहित विद्यालय के बच्चे व ग्रामीण मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केंद्र रांची व हीरानागपुर अल्पसंख्यक महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संस्था परिसर में अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था की सचिव शमीमा खातून ने महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय, कौशल विकास और सशक्तिकरण के विभिन्न क्षेत्रों में आगे आने का आह्वान किया साथ ही कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज की प्रगति अधूरी है, इसलिए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत महिलाओं के समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत कुमार, जिला उद्योग केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश रंजन, इशरत जहां,तसलीमा खातून, रेहाना खातून, सहित अन्य मौजूद थे।

## नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती में विधिक जागरूकता शिविर सह लिगल लिट्रेसी क्लास का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती मे अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर सह लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को कई प्रकार की कानूनी जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में शामिल पीएलवी शिवकुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में यह कार्यक्रम चतरा जिले के सभी प्रखंडों और पंचायत में आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि चतरा जिले में स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी प्रदान करने के लिए लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया जा रहा है,जिसके माध्यम से बच्चों को कई प्रकार की कानूनी जानकारी एवं सहायता प्रदान की जा रही है।उन्होंने कहा कि लिगल लिट्रेसी क्लास के माध्यम से बच्चो को बाल विवाह,बाल मजदूरी,दहेज प्रथा,नशापान,महिला सशक्तिकरण के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कामकाजी महिलाओं का अधिकार एवं महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों के बारे में भी जानकारी दी गई।पीएलवी शिव कुमार ने बताया कि अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर पंचायत की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रकार की जानकारी दी गई,साथ ही महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में स्कूल के शिक्षक,बच्चे एवं महिलाएं शामिल हुए।

## फ्लोरेंस कॉलेज नर्सिंग की छात्रा प्रेरणा श्रीवास्तव को मास्टर इन नर्सिंग में स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राँची विश्वविद्यालय द्वारा 38वा दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की छात्रा प्रेरणा श्रीवास्तव ने परचम लहराकर संस्थान का नाम रौशन किया। जिसमे झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल श्री संतोष गंगवार ने अपने हाथों से स्वर्ण पदक व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किये । मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ0 अजित कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। प्रेरणा श्रीवास्तव को यह सम्मान बेस्ट मास्टर इन नर्सिंग (मेंटल हेल्थ नर्सिंग) के लिए दिया गया। बताते चले कि प्रेरणा श्रीवास्तव 2021-2023 सत्र के एम0एस0सी0 नर्सिंग की छात्रा रहे और फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग से शिक्षा प्राप्त कर यह उपाधि पाई । इस अवसर पर संस्था के सचिव श्रीमती जीनत कौशर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । वहीं संस्थान के निदेशक डॉ0 शाहीन कौशर, डॉ0 नाजनीन कौशर, प्राचार्या विनिशा टी0 बन्श्रीयार, शिक्षक गण सहित छात्र-छात्राओं ने रजनी इस सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी ।



## एमआरडी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सांडी में अंतर्राष्टीय महिला दिवस आयोजित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोती राज देवी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सांडी ओरमांझी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को जोश और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सिकिदरी रोड में मानव श्रृंखला बनाकर बताया कि महिलाओं की शक्ति,संघर्ष और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित रहा। मौके पर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्या डॉ अनवर जहां ने कहा कि नारी सिर्फ परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भी सशक्त धुरी है। उनकी भागीदारी के बिना समाज की प्रगति अधूरी है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को सर्वोपरि रखने की अपील की। मौके पर बी एड एवं डी एल एड के छात्र-छात्राओं ने नाटक (स्किट), भूमिका निभाना (रोल प्ले), और पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। प्रस्तुतियों में महिला अधिकार, लैंगिक समानता, और समाज में महिलाओं के योगदान को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। खासतौर पर निर्मला उपनियास पर आधारित प्रस्तुती( स्किट) ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मौके पर महाविद्यालय की उप प्राचार्या आरफा सदफ समेत सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान में कार्यक्रम आयोजन आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथियों में रांची जिला परिषद की सदस्य सरिता देवी, आरटीसी कॉलेज की सहायक प्रोफेसर शशि मिश्रा, मुंबई में चेनोवाह सूचना सेवाएँ प्राइवेट लिमिटेड में प्रौद्योगिकी की प्रमुख मुक्ति प्रिया और छ्ब्ज्ञ्ज खड़गपुर की शोध छात्रा सुप्रिया गोप शामिल थीं। अंतर्राष्टीय महिला दिवस 2025 का विषय %एक्शन को तेज करें% है, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को मान्यता देना, लिंग समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, और महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर, सभी अतिथियों ने वैश्विक स्तर पर महिलाओं के अधिकारों और योगदानों को उजागर किया। कार्यक्रम ने संस्थान के प्रमुख डॉ. एन. हरिबाबू, सचिव श्याम नारायण महतो, और प्रबंध निदेशक सुमित राज द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के सफल समन्वय में महिलाओं की सेल की समन्वयक किरण कुमारी,बिनिता हिंजे,बबिता कुमारी, और मिनुति श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## रैयत विस्थापित मोर्चा का 9 मार्च को कार्यालय उदघाटन सह होली मिलन समारोह

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया कार्यालय का उदघाटन सह होली मिलन समारोह का आयोजन 9 मार्च को डकरा में किया जाएगा।मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के नेतृत्व में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पूरे जोर शोर से तैयारी किया जा रहा है।टेंट की भी व्यवस्था की गई है।इस संबंध में मोर्चा के सचिव जगरनाथ महतो एव प्रवक्ता रामलखन गंझू ने बताया कि इस कार्यक्रम में मोर्चा के सभी शाखा से सैकड़ो रैयत विस्थापित शामिल होंगे ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा तथा विशिष्ट अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा,झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया,मोर्चा के महासचिव सैनाथ गंझु, एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता,मोर्चा के केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा,केंद्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार महतो,इकबाल हुसैन,खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,खलारी पूर्वी जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन,पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी,टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव सहित खलारी प्रखंड के सभी मुखिया, यूनियन प्रतिनिधि एव रैयत विस्थापित प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# आजादी के बाद पहली बार तुंगबुरु में बनेगी पक्की सड़क

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से 2 किमी सड़क की स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की जोड़सा पंचायत अंतर्गत तुंगबुरु गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से स्वीकृत 2 किमी पक्कीकरण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार को किया गया। सारजमली से तुंगबुरु भाया चिथलगोड़ा तक करीब 2 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व मुखिया जबा रानी सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर कार्य का शिलान्यास किया। इसकी प्राक्कलित राशि 2 करोड़ 82 लाख रुपए है। सड़क निर्माण का ठेका मुद्रिका इंफ्रास्टिल प्राइवेट लिमिटेड जमशेदपुर को मिला है। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि विधायक मंगल कालिंदी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती एवं पिछड़े क्षेत्रों की सभी कच्ची सड़कों का कालीकरण एवं पीसीसी ढलाई निर्माण हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत भी तेजी से करवाई जा रही है ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को आज पूरा



कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पटमदा प्रखंड मुख्यालय जोड़ने वाली यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है। तुंगबुरु निवासी छुटुलाल माझी ने बताया कि आजादी के बाद पहली इस सड़क का निर्माण होने से समय और ईंधन की बचत होगी। इस सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर होने के कारण ग्रामीणों को अतिरिक्त दूरी तय करते हुए दूसरी सड़कों से सफर करना पड़ता है अब उससे मुक्ति मिलने की उम्मीद है। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, रुपेण सिंह, जागरण पाल, छुटुलाल माझी, कृष्णमोहन कुंभकार, गोविंद सिंह, संजय सिंह, धीरेन टुडू, अंबुज पाल व स्वपन महतो आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टग ऑफ वॉर, थ्री-लेग्ड रेस और डंब चैरड्स जैसी रोचक गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी जोश और खेल भावना का प्रदर्शन किया। विजेताओं को उनके उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में मैनेजिंग डायरेक्टर ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे भी उपस्थित रहे। कालिंगनगर में एक विशेष केक काटने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसने महिलाओं के योगदान की सराहना और एकता का प्रतीक बना। पब्लिक हेल्थ सर्विसेज टीम ने शहर को साफ रखने में अपना समर्पण और मेहनत दिखाने वाली सफाई कर्मचारी महिलाओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस उत्सव में 250 से अधिक महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

## साकची में पप्पू सरदार ने महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिने तारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक एंव शहर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पप्पू सरदार ने साकची बाजार के डालडा लाइन में सफाई कर्मी महिलाओं के साथ इस खास दिन को मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने केक काटा और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। साथ ही महिला सफाई कर्मियों ने हाथों में गुब्बारे लेकर अपनी खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को केक खिलाकर उत्सव का आनंद लिया। महिला सफाई कर्मियों ने नृत्य भी किया। इस मौके पर पप्पू ने उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। पप्पू ने कहा कि महिलाएं मां, बहन और पत्नी के रूप में परिवार का आधार होती हैं और कामकाजी महिलाएं घर और रोजगार दोनों संभालती हैं। उन्होंने सभी से महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की अपील की। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के तत्वावधान में 90 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ईचागढ़ प्रखंड के गौरांगकोचा कालिंदी बस्ती से चौक तक प्रभात फेरी निकाल कर महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। पीएलवी गंगासागर पाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनको अधिकार के प्रति जागरूक करना तथा उनको सम्मान देना। कार्यक्रम में दिगम्बर महतो, इशिता उरांव, तुस्ट रानी मंडल, निर्मल घोष आदि उपस्थित थे।

## ईचागढ़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे उपस्थित थे। बैठक में शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने कहा कि शराब एवं शराबियों पर विशेष नजर रखते हुए होली मनाई जाय, चूंकि नशे की हालत में पुरानी विवाद को लेकर लोग मारपीट भी कर लेते हैं, जिससे रंग में भंग डालने का काम किया जाता है। बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि डीजे बजाने और अश्लील गाने बजाने वालों पर कारवाई की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारी को सभी डीजे वाले को नोटिस तामील कराने का निर्देश भी दिया। मौके पर पंसस प्रतिनिधि अनिल सिन्हा, 20 सूत्री सदस्य नरेन गोप, वार्ड सदस्य रायूफ अंसारी, नकुल घोष, ललित घोष, अमूल्य रतन प्रामाणिक, अमित सिन्हा, फटिक चन्द्र गोराई व बापी गोराई आदि उपस्थित थे।

## एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में मनाया गया महिला दिवस



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में शनिवार को समारोह आयोजित कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि आज पूरे विश्व में महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है। भारत में आजादी के बाद महिलाओं को पुरुषों की तरह सशक्त बनाया गया है। आज महिलाएं सशक्त व स्वावलंबी भी हैं। उन्होंने महिलाओं को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन एवं अपने अधिकार एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के सभी महिला शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ, उपहार एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षिका श्रीमती भारती कुमारी, श्रीमती मिताली बासु, श्रीमती अल्पा रोशनी बाखला, सुश्री अनीता मुर्मू, तानिया सिंह, स्वाति शर्मा, रिक्ता मिद्या, आशा कुमारी, रितिका गुंजन धान, रिंकी कुमारी, श्वेता कुमारी, सविता गुप्ता,सरस्वती बास्के, कौशलेंद्र कुमार, अजय कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

## 10 को निकलेगी 160 वीं निशान यात्रा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवाओं में धर्म के प्रति सकारात्मक सोच के उदय हेतु सतत प्रयासरत नगर के धार्मिक एवं सामाजिक संगठन श्री श्याम बाल मंडल के अंतर्गत शी श्याम रात्रि निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 10 मार्च सोमवार को विशाल रात्रि निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी समिति के अनिल मोदी, विमल अग्रवाल, अनिल रिंगसिया एवं अन्य ने बिष्टुपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि रात्रि निशान यात्रा की शुरुआत जमशेदपुर में समिति ने पहली बार की थी। समिति द्वारा प्रत्येक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को रात्रि निशान यात्रा निकाली जाती है। रात्रि निशान यात्रा का यह क्रम 159 माह से लगातार जारी है। श्याम प्रभु की भक्ति में फागुन माह का विशेष महत्व होता है। इस फागुन माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी 10 मार्च 2025 सोमवार को 160 वीं निशान यात्रा साकची स्थित शिव मंदिर से रात्रि 7ः00 बजे निकाली जाएगी जो की नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए जुगसलाई स्थित बैकुंठ धाम मंदिर में जाकर समाप्त होगी।

## टाटानगर स्टेशन में शंकराचार्य का स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज शनिवार को सुबह पटना टाटा ट्रेन से टाटानगर स्टेशन पहुंचे ?। टाटानगर स्टेशन में पहले से मौजूद भक्तों ने शंकराचार्य जी महराज का जयघोष कर उनका अभिनंदन व स्वागत किया। इस दौरान भक्तों ने शंकराचार्य जी महराज का चरण वंदन किया। महराज जी ने सबों को आशीर्वाद दिया। गौरतलब हो कि शंकराचार्य जी महाराज मनोहरपुर के समीज आश्रम में होली तक रुकेंगे। इस दौरान पूरे देश से भक्तगण महराज जी से आशीर्वाद लेने व होली का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित होंगे। इस दौरान महराज जी विभिन्न विषयों पर प्रवचन देंगे। टाटानगर स्टेशन में महराज जी का स्वागत करने वालों में टप्पू खिरवाल, शुभम खिरवाल, प्रिंस चौधरी, हेमंत अग्रवाल समेत काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

स्वागत के बाद महराज जी मनोहरपुर के लिए प्रस्थान कर गये। टप्पू खिरवाल ने बताया कि आदरणीय शंकराचार्य जी महराज आगामी 17 मार्च को पुनः जमशेदपुर में पधारेंगे।

## करीम सिटी कॉलेज ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज ने महिला सेल द्वारा आयोजित एक जीवंत और सार्थक कार्यक्रम के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें महिलाओं की ताकत, उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के लिए छात्र, संकाय और सम्मानित अतिथि एक साथ आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमटीएमसी के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर डॉ. जरीना बेगम और कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज की गरिमामयी उपस्थिति के साथ महिला सेल समन्वयक डॉ. कौसर तस्नीम ने भाग लिया। उनके प्रेरक भाषणों ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से अधिक समावेशी समाज की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया। इस समारोह में कई आकर्षक प्रदर्शन हुए, जिसकी शुरुआत अद्रिजा मलिक द्वारा खूबसूरती से कोरियोग्राफ किए गए स्वागत नृत्य से हुई, जिसने कार्यक्रम के लिए एक सुंदर स्वर तैयार किया। सोनल कुमारी की भावपूर्ण कविता ने दर्शकों को झंकृत कर



दिया, जिसमें महिलाओं के संघर्ष और विजय को उजागर किया गया, जबकि सुजाता भद्रा के भावपूर्ण गीत ने इस अवसर को और भी भावनात्मक बना दिया। रौनक रोशन की स्टैंड-अप कॉमेडी ने दर्शकों का मनोरंजन किया, जिससे हॉल में हंसी की लहर दौड़ गई। इस कॉमेडी ने रोज़मर्रा की लैंगिक गतिशीलता पर एक हल्का-फुल्का लेकिन प्रभावशाली दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आयुषवंत शर्मा और स्नेहा शर्मा ने उत्साह और व्यावसायिकता के साथ किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित किया।

## देश के विकास में महिलाओं का योगदान सर्वोपरी है : मान सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम में अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जेएसएलपीएस की ओर से अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस एवं कुचाई जेंडर रिसोर्स सेंटर का उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। विधिवत उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि अनुप सिंहदेव, कुचाई प्रमुख गुडडी देवी, उप प्रमुख सुखदेव सरदार व कुचाई अंचल अधिकारी सुषमा सोरेन आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्री मुंडा ने कहा देश के विकास में महिलाओं का योगदान सर्वोपरि हैं। महिला आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है।



सामाजिक परिस्थिति को बदलने के लिए नारी को सशक्त होना होगा। विधायक प्रतिनिधि सिंहदेव ने कहा कि जब तक लोगो के मानसिकता में बदलाव नही होता तब तक महिला दिवस कैसे मनाया जा सकता है। महिलाओ को शिक्षित होने के साथ कानुनी रूप से जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके अलावे रंगारंग सास्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख गुडडी देवी, उप प्रमुख सुखदेव सरदार, सीओ सुषमा सोरेन, थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, दलभंगा ओपी प्रभारी रविन्द्रर मुंडा, बीपीएम रमेश द्विवेदी, सीएमएफ अध्यक्ष पार्वती गागराई, पंसस लालमुनी मुंडा,मुखिया मंगल सिंह मुंडा,मुखिया अनुराधा उरांव, मुखिया सरस्वती मिंज,अमित दुबे, धमेन्द्र सिंह मुंडा,फागु मुंडा,बनवारी लाल सोय, रश्कि लाल सोय, बदन सरदार व कैरी सोय आदि मौजूद थे।

## महिलाओं को अपना इतिहास स्वयं लिखना होगा : डॉ कविता

### - सोना देवी विश्वविद्यालय में अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के सभागार में आज अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका%- विषय पर आयोजित इस सेमिनार में समाजसेवी डॉ कविता परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। डॉ कविता परमार ने महिलाओं को पहले से मिल चुके अधिकारों पर चर्चा से शुरूआत की। उन्होंने आगे कहा कि भारत देश




में महिलाओं की स्थिति दाता के रूप में रही है। जब महिलाओं के दाता स्वरूप में बदलाव आता है तब स्थिति चिंताजनक हो जाती है। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में घाटशिला की अंचल अधिकारी निशत अम्बर ने शिरकत की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि सशक्त वही है जो अपने लिए निर्णय लेने में सक्षम है। इस अवसर पर घाटशिला प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद, सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने भी अपनी बात रखी।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स में मनाया गया महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड प्लांट एक में कार्यरत महिला कर्मचारियों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला कर्मियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न ग्रुपों में बंटी महिलाकर्मियों ने अलग-अलग डिजाइन की रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्लांट हेड एम बालामुरली ने कहा कि आजकल महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर कार्य कर रही है। सरकार भी महिलाओं को 33



प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने महिला कर्मियों से खासकर अपनी बेटियों को शिक्षित करने की अपील की। कार्यक्रम को प्रबंधक सीएन बंधोपाध्याय, मेंटेनेंस विभाग के महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी महिलाकर्मियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर एचआर विभाग के मैनक गुप्ता, विवेक कांत, प्रवीण कुमार, शर्मिष्ठा घोष, सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह, सतीश महतो समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## एसएसजी इंग्लिश स्कूल में महिला दिवस पर साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री साकची गुजराती (एसएसजी) इंग्लिश स्कूल के सभागार में शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर टाटा समूह की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत महिला साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मौसमी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में महिला अभिभावक उपस्थित रहीं। प्रशिक्षक अंकित कुमार ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी और उन्हें शिक्षा व तकनीकी ज्ञान के महत्व से अवगत कराया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

## कुचाई थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई थाना परिसर में शनिवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक कुचाई अंचल अधिकारी सुषमा सोरेन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी सुषमा सोरेन, कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, दलभंगा ओपी प्रभारी रविंद्र सिंह मुंडा, प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, उप प्रमुख सुखदेव सरदार, महेंद्र लायल, सिमन तियु, चंद्र मोहन गागराई, धर्मेंद्र साडिल, सत्येंद्र कुम्हार, दिनेश महतो, डुमु गीप, लुबुराम सोय, राहुल दास, अनूप अग्रवाल व करण महतो आदि उपस्थित थे।

## रैयतों को नहीं मिला मुआवजा, विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में पोटका विधायक संजीव सरदार ने शनिवार को क्षेत्र के रैयतों का मामला उठाया। सड़क निर्माण के लिए किए गए भूमि अधिग्रहण के बाद अब तक रैयतों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने तारांकित प्रश्नों के माध्यम से कहा कि पोटका एवं डुमरिया प्रखंड के विभिन्न रैयतों की भूमि अधिग्रहण कर 2022-23 में कई निर्माण कार्य कराए गए थे लेकिन प्रभावित ग्रामीणों को अब तक उचित मुआवजा राशि नहीं मिली है।

**इन सड़क निर्माण कार्य के लिए हुआ था भूमि अधिग्रहण**

पथ निर्माण विभाग द्वारा पोटका और डुमरिया प्रखंड में सड़क निर्माण के लिए कई ऐसी सड़कें हैं जिनके लिए जमीन अधिग्रहित की गई है। सड़कों में पिछली से शंकरदा, दामूडीह, पाथरचाकड़ी होते हुए सुंदरनगर - जादूगोड़ा मुख्य



पथ, बानाडूंगरी भाया दामूडीह चौक, लोवाडीह, चेमाईजुड़ी, धिरोल, बांगो, मेसोगोड़ा भाया धिरोल, खांचीबिल होते हुए हाता - जादूगोड़ा मुख्य पथ और सावनाडीह (कालिकापुर) तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनार्निर्माण कार्य और उसके साथ भागाबंदी से बेसारपहाड़ी, सालगाडीह, दामूकोचा भाया भीतरआमदा, फुलझरी होते हुए उड़ीसा सीमा तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य. कोवाली से डुमरिया तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनार्निर्माण कार्य भी शामिल है। विधायक के सवाल पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने मुआवजा न मिलने की बात को स्वीकार किया। विभाग ने बताया कि वर्तमान में यह प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है और सर्वेक्षण कार्य पूरा होते ही प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। इसके अलावा, विधायक संजीव सरदार ने यह भी सवाल किया कि अंचलाधिकारी पोटका द्वारा रैयतों की भूमि सत्यापन रिपोर्ट जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजी गई है या नहीं। इस पर सरकार ने पुनः आंशिक स्वीकृति देते हुए बताया कि 22 फरवरी 2025 को पोटका के अंचल अधिकारी ने सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया था और रिपोर्ट तैयार कर दी गई है, लेकिन उसमें कुछ त्रुटि होने के कारण फिर से रिपोर्ट मांगी गई है, अंतिम रिपोर्ट अब तक जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को नहीं मिली है।

## मीशो ने रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी के साथ फुटवियर श्रेणी का किया विस्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** भारत के ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर प्रमुख ब्रांड्स रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी को पेश कर फुटवियर श्रेणी को और मजबूत किया है। इस कदम से लाखों खरीदारों को विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले ब्रांड्स तक आसान पहुंच मिलेगी। खासतौर पर टियर-2 और टियर-3 बाजारों में बढ़ती मांग को देखते हुए मीशो ने यह पहल की है, जिससे शॉपर्स को कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी वाले फुटवियर मिल सकें। मीशो पर इन ब्रांड्स के लॉन्च के बाद बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिलैक्सो और पैरागन की मांग में 2.5 गुना, जबकि लिबर्टी की मांग में 2 गुना इजाफा दर्ज किया गया है। खासकर महवा, भाटापारा, सुपौल और नुज़विद जैसे टियर-3 शहरों में फ्लिप-फ्लॉप्स, कैजुअल, स्पोर्ट्स और फॉर्मल फुटवियर की मांग तेजी से बढ़ रही है। मीशो लगातार अपने मॉल सेक्शन को विस्तारित कर ग्राहकों की जरूरतों और बदलती शॉपिंग आदतों को समझ रहा है। रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी जैसे ब्रांड्स भी मीशो के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं और भारत के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## होली में हुड़दंगियों पर रहेगी कड़ी नजर : थाना प्रभारी

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** होली में हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रहेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होली के मद्देनजर गम्हरिया थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने लोगो से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों के इस त्योहार को मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली के दौरान हुड़दंग कटने वाले तथा किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी और उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित गम्हरिया के अंचल अधिकारी कुमार अरविंद वेदिया ने कहा कि होली के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी भी मौजूद रहेंगे तथा पूरे क्षेत्र में लगातार गश्ती की जाएगी। शरारती तत्वों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## अनियंत्रित कोयला लदा ट्रेलर पलटा

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली-रांगामाटी सड़क पर दुबराजपुर के पास एक कोयला लदे अनियंत्रित 22 चक्का ट्रेलर पलट गया। बताया जा रहा है कि रामगढ़ से जमशेदपुर की ओर जा रहा अनियंत्रित ट्रेलर तीखी मोड़ पर पल?ट गया। इससे सभी कोयला खेतों में और सड़क पर बिछ गया। इसकी सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रेलर को कब्जे में ले लिया। बीच सड़क पर वाहन के पलटने से अन्य वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## कांगड़ा बाइपास के घाट

**यहां** आरती का सफर घाट तलाश रहा है तो हिमाचल की नदियों का इतिहास गौरवान्वित होने लगा है। खनन और बाढ़ के खतरों के बीच कांगड़ा के साथ बहती बनेर अंततः पर्यटन के काबिल समझी गई। कभी 'बसदी बनेर दे कंडे', महज भजन था जो अब पर्यटन की परिभाषा और पर्यटन की अभिलाषा में रूपांतरित होने जा रहा है। समाज के सहयोग से कुछ घाट बनाए जा रहे हैं, तो प्रशासनिक पहल से अब नवरात्रि महोत्सव के दौरान सुबह-शाम यहां महाआरती होगी। ये करवटें नए पर्यटन और धार्मिक पर्यटन के परिचय में इजाफा करेंगी। यह दीगर है कि कांगड़ा बाइपास के साथ बनेर जिस आभा में इजाफा करती है, उसे पर्यटन की एडीबी पोषित योजनाएं देख न पाईं। दिव्य हिमाचल लगातार बनेर के साथ घाट पर्यटन को बढ़ावा देने का सुझाव देता रहा है, लेकिन परियोजनाएं तो परियोजनाएं होती हैं। ये संभावना के बजाय सियासी प्राथमिकताएं देखती हैं। अगर प्रशासन को इजाजत और पर्यटन को निष्पक्षता से आंख खोलने दी जाए, तो हिमाचल का चप्पा-चप्पा आर्थिक चरखा चला सकता है। कांगड़ा में बाइपास की भौगोलिक परिस्थिति, बनेर की उपस्थिति और चारों तरफ के नजारे, एक बड़े पर्यटन परिसर, मनोरंजन केंद्र तथा अतिथि संतुष्टि का आग्रह करते रहे हैं। ऐसे में एक व्यापक परियोजना के तहत इस क्षेत्र को मिनी हरिद्वार, बनारस के घाट और हाईवे पर्यटन का बेहतरीन उदाहरण बनाया जा सकता है। आश्चर्य यह कि कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाने की परियोजनाएं कांगड़ा शहर से ही रूठ गईं। आश्चर्य यह भी कि कांगड़ा निवासी और पर्यटन के कार्यभार में मंत्री का रैंक संभाले आरएस बाली भी इस स्थल की गुजारिश नहीं समझ रहे। अगर बाली भारत के सबसे ऊंचे म्यूजिकल फाउंटेन का शिलान्यास बाइपास पर उभरते पर्यटन के नाम कर दें, यहां एक फूड कोर्ट, आधुनिक घाट, टापू और बच्चों के मनोरंजन का पार्क बनाने की योजना में एडीबी से संपर्क कर लें, तो यह स्थल कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का सही मायने में कांगड़ा शहर में ही शिलालेख कर देगा। कांगड़ा बाइपास के अलावा कालेश्वर महादेव की प्रतिष्ठा में योजनाएं बनें तो वहां भी सैलानियों के कुंभ लगेंगे। यह इसलिए भी क्योंकि प्रवासी मजदूरों के आने से छठ पूजन जैसे समारोह, नदियों के किनारे सुरक्षित स्थल ढूंढने लगे हैं। पिछले दो-तीन दशकों से हिमाचल में गणेशोत्सव की धूम ने घाट पर्यटन की जरूरत को हर खड्ड और नदी में निहारा है। कांगड़ा बाइपास साक्षी है कि जिला के सबसे बड़े गणेश विसर्जन स्थल के रूप में यह आस्था का केंद्र बन गया है। इसी तरह प्रदेश के अलग-अलग भागों में नदी-नालों और खड्डों के मुहाने तलाशे और तराशे जा रहे हैं। बिलासपुर के नजदीक से गुजरती फोरलेन और प्रस्तावित रेल परियोजना की दृष्टि ने झील पर्यटन की दर्जनों मंजिलें खोज ली हैं। बिलासपुर के जिलाधीश आबिद हुसैन इन्हीं झीलों और बीच में रह गए टापुओं में पर्यटन तलाश रहे हैं। कुछ बेहतरीन प्रयास हो गए हैं, जबकि कई चिन्हित स्थलों पर प्रशासन अपने तौर पर गंभीरता से प्रयास कर रहा है। कैप्टन सैलेज सियाज फाउंडेशन के सहयोग तथा एसडीएम इशांत जसवाल के प्रयास से कांगड़ा में घाट निर्माण का प्रथम चरण दिखाई दे रहा है और अगर इस क्षेत्र के विकास के लिए एक मास्टर प्लान से कार्य हो, तो एडीबी और मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से सौ करोड़ के निवेश की जरूरत रहेगी। ऐसे में हर मंदिर ट्रस्ट को अपने क्षेत्र में कम से कम पर्यटन क्षेत्र में एक महापरियोजना पर गंभीरता से काम करना चाहिए। कांगड़ा मंदिर के विस्तारित केंद्र के रूप में बाइपास व बनेर के तट पर गौर करना होगा। चामुंडा और हिमानी चामुंडा के बीच कई पर्यटन गांव मंदिर आय से विकसित हो सकते हैं। नयनादेवी शहर के हर पड़ाव में मंदिर ट्रस्ट मंदिर संस्कृति के शिलालेख लिख सकता है। दियोटसिद्ध, चिंतपूर्णी व ज्वालाजी अपने आसपास के क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के महामार्ग से जोड़ सकते हैं, तो चंबा और भरमौर की सांस्कृतिक विरासत में वार्षिक महोत्सवों की उड़ान का जज्बा सुदृढ़ हो सकता है।


समाज के सहयोग से कुछ घाट बनाए जा रहे हैं, तो प्रशासनिक पहल से अब नवरात्रि महोत्सव के दौरान सुबह-शाम यहां महाआरती होगी। ये करवटें नए पर्यटन और धार्मिक पर्यटन के परिचय में इजाफा करेंगी। यह दीगर है कि कांगड़ा बाइपास के साथ बनेर जिस आभा में इजाफा करती है, उसे पर्यटन की एडीबी पोषित योजनाएं देख न पाईं। दिव्य हिमाचल लगातार बनेर के साथ घाट पर्यटन को बढ़ावा देने का सुझाव देता रहा है, लेकिन परियोजनाएं तो परियोजनाएं होती हैं। ये संभावना के बजाय सियासी प्राथमिकताएं देखती हैं। अगर प्रशासन को इजाजत और पर्यटन को निष्पक्षता से आंख खोलने दी जाए, तो हिमाचल का चप्पा-चप्पा आर्थिक चरखा चला सकता है। कांगड़ा में बाइपास की भौगोलिक परिस्थिति, बनेर की उपस्थिति और चारों तरफ के नजारे, एक बड़े पर्यटन परिसर, मनोरंजन केंद्र तथा अतिथि संतुष्टि का आग्रह करते रहे हैं। ऐसे में एक व्यापक परियोजना के तहत इस क्षेत्र को मिनी हरिद्वार, बनारस के घाट और हाईवे पर्यटन का बेहतरीन उदाहरण बनाया जा सकता है।


'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है

## पंजाब-किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा

ललित गर्ग


आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर 'आप' पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है।


**पंजाब** में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर 'आप' पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी-यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है? पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के



हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि 'आप' सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दर्शाता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है? आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए, अन्यथा पंजाब की अशांति एवं अराजकता प्रांत को न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि सुशासन के मोर्चें पर धराशाही कर देगी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणिति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। अपनी हार एवं नाकामयाबियों से बौखलायी आप सरकार अधिकारियों को निलंबित एवं तबादलें कर रही है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों में भी गहरा असंतोष सामने आ रहा है, वे भी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने के विकल्प चुनकर सरकार की समस्याओं को बढ़ा दिया है। पंजाब में आप सरकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आम लोग अब बार-बार होने वाले प्रदर्शनों, धरनों और नाकेबंदियों से ऊब चुके हैं। आप शासन की खामियां ही उजागर हो रही हैं, अधूरे वादों, कानून-व्यवस्था या आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पंजाब की शांति को लील रहे हैं। भगवत मान छल और झूठ की राजनीति करते हुए अपने हर वादे से मुकर रहे हैं।

दृष्टि कोण

## बचपन और खिलौनों का संसार

**सृष्टि** परिवर्तनशील है और वर्तमान संचार एवं प्रौद्योगिकी के बदलते जमाने में नित नए बदलाव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहे हैं जो बच्चों सहित सभी की दैनिक गतिविधियों को भी प्रभावित कर रहे हैं। कभी एक बचपन वह भी था जिसमें मोबाइल गेमिंग से इतर लुकाछिपी, गिली-डंडा, सुंदर स्टापू, कंचे-गोलियां, सांप-सीढ़ी, लुडो, पि_गर्म, लंगड़ी टांग और सस्ते खिलौनों में ही बच्चों का संसार सिमटा होता था। आज संपन्न वर्ग के लोगों के पास रुपया-पैसा खूब है तो इलेक्ट्रॉनिक के एक से बढक़र एक बैटरी चालित खिलौने बाजार में मौजूद हैं, वहीं सामान्य वर्ग के बच्चों के मनोरंजन के लिए प्लास्टिक के बने सस्ते खिलौने भी बहुतायत में मिल जाएंगे। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में मेलों के दौरान ऐसे खिलौनों की भरमार देखने को मिलती है जहां बच्चों को अपने माता-पिता से खिलौने लेकर देने की जिद्द के चलते उन्हें दुकान के आगे लोटम-पोट होते हुए अक्सर देखा जा सकता है। जब तक बचपन का सुनहरा दौर रहेगा, खिलौनों का संसार यूं ही बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करता रहेगा। हिंदू धर्मग्रंथों में भी अलग-अलग खिलौनों का वर्णन पढऩे को मिलता है। दुनिया में लोकप्रिय खेल शतरंज प्राचीन भारत में 'चतुरंग या चादुरंगा' के रूप में खेला जाता था। आधुनिक लूडो तब 'पच्चीसी' के रूप में खेला जाता था। हमारे धर्मग्रंथों में भी बालक राम के लिए अलग-अलग कितने ही खिलौनों का वर्णन मिलता है। ज्यादातर भारतीय खिलौने प्राकृतिक तथा ईको फ्रेंडली चीजों से बनते रहे हैं और उनमें इस्तेमाल होने वाले रंग भी प्राकृतिक और सुरक्षित होते हैं। खिलौने न केवल क्रियाशीलता बढ़ाते हैं, बल्कि महत्वाकांक्षाओं को पंख भी लगाते हैं। बच्चों के मस्तिष्क विकास में खिलौने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और मनोवैज्ञानिक गतिविधियों तथा ज्ञान की कुशलता बढ़ाने में बच्चों की मदद करते हैं। खिलौने का एक-एक रंग बच्चे के जीवन में कितने ही रंग बिखेरता है। भारत के घरेलू बाजार के साथ-साथ वैश्विक खिलौना बाजार में हमारे विनिर्माण क्षेत्र के लिए खिलौना उद्योग एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। भारतीय खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने से वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और भारत को भी फायदा मिलेगा। दुनिया में खिलौनों का कारोबार 6624 अरब रुपए का है। भारत के 125 अरब के खिलौना कारोबार में से 88 अरब के खिलौनों अर्थात 85 फीसदी खिलौने बाहर से आयात किए जाते हैं, जिसमें से 15 प्रतिशत खिलौनों को मलेशिया, जर्मनी, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड और अमरीका से मंगाया जाता है, शेष 85 फीसदी खिलौने चीन से आयात किए जाते हैं। चीन दुनिया भर में 1472 अरब रुपए के खिलौनों का निर्यात करता है। दुनिया भर में खिलौना उद्योग 5 फीसदी की दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है, जबकि भारत में यह उद्योग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। भारत में खिलौना उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। साल 2014-15 से 2022-23 के बीच, खिलौनों के निर्यात में 239 फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं, आयात में 52 फीसदी की गिरावट आई है। यह खुशी की बात है कि भारत अब खिलौना निर्यात में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस उद्योग से जुड़े उद्यमियों को सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए। चूंकि खिलौना उद्योग लंबे समय से अनेकों बाधाओं का सामना कर रहा है, इस कारण भारतीय खिलौना उद्योग की वृद्धि दर अपेक्षित विकास की तुलना में बहुत कम हुई है। दूसरे खिलौना उद्योग की समस्याओं के समाधानों के लिए कोई नीति न होने से इस सेक्टर में वृद्धि की रफ्तार धीमी है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वित दृष्टिकोण का अभाव है। इसके अलावा खिलौना निर्माण एक स्वैच्छिक क्षेत्र है, जिसमें न केवल उत्पादन के लिए, बल्कि तैयार उत्पादों के भंडारण और इसकी पैकिंग के लिए बड़ी मूलभूत सुविधाओं की जरूरत होती है। खिलौना उद्योग के क्षेत्र में कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। जैसे आसान तरीके से बैंकों से ऋण अथवा वित्तीय सहायता न मिलना। खिलौना उद्योग में डिजाइन और इनोवेशन की बहुत कमी है, जिसके कारण नए उत्पाद बनाना बहुत मुश्किल है। खेद है कि भारत में कोई भी एकल समर्पित खिलौना डिजाइन संस्थान नहीं है। दुनिया में बेचे जाने वाले ज्यादातर खिलौने इलेक्ट्रॉनिक हैं, जबकि भारत में बने खिलौने यांत्रिक ही ज्यादा हैं। खिलौनों के निर्माता इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों पर अधिक जीएसटी दर लगने के कारण इलेक्ट्रॉनिक खिलौने बनाने से हिचकते हैं। वर्तमान में, मैकेनिकल खिलौनों पर 12 फीसदी, इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों पर 18 प्रतिशत और वीडियो गेम और वीडियो गेम कंसोल पर 28 प्रतिशत जीएसटी की दर से टैक्स लगता है।

कुछ अलग

## बदलते मौसम के मसीहा

**हमसे** बार-बार पूछा जाता है कि कतार में खड़े इस देश के आखिरी आदमी के चेहरे से मुस्कान क्यों लुप्त हो गई है? अजी यहां कतार एक हो तो उसकी बात करें। यहां तो कतार-दर-कतार है। जिधर आंख उठाओ वहां कतारें खड़ी नजर आती हैं, और उनके अंत में लोगों के झुंड हैं, केवल एक आदमी नहीं, जो अपने अच्छे दिनों या जीवनोदय का इंतजार कर रहा है। अंत्योदय के नाम से उसे इसी कतार में खड़ा किया गया था न। सोचा था एक कतार होगी, आगे सरकती-सरकती कभी खत्म हो जाएगी। लेकिन यहां तो हर क्षेत्र में कतार-दर-कतार लगती गई। महात्माओं ने जहां भी युग बदलने का वायदा किया, वहां कतार लगती गई और अगले दिन बदलने का इंतजार करने लगी। लेकिन रुत पर रुत बदलती गई। दिन, महीने और महीने साल हो गए, यह कतार आगे नहीं सरकी, बरसों से वहीं खड़ी रही। अब तो क्रांति का सपना देखने वाली आंखें बेनूर होती नजर आ रही हैं। देश तरक्की करेगा, योजनाबद्ध आर्थिक विकास के रास्ते पर सरपट भागेगा। लेकिन बारह पंचवर्षीय योजनाओं का कितना लंबा रास्ता था, कि उसे अपने कंधों पर ढोते-ढोते योजना आयोग का कचूमर निकल गया। उसे सफेद हाथी कह कर नकार दिया गया। जबकि सफेद हाथी तो इसके नियामक और प्रचालक थे, जो अपने-अपने वातानुकूलित गवाक्षों से 'जंग का मुजरा' देखने के नाम पर इसकी प्रगति के आंकड़ों का मुजरा देखते रहे। कभी समाजवादी व्यवस्था पैदा करने के नाम पर यह क्रांति यात्रा शुरू हुई थी। रास्ता इतना लंबा था कि नौकरशाहों और सत्ता के दलालों ने इसे खत्म होने नहीं दिया। प्रगति का हर मील पत्थर, भ्रष्टाचारियों की लोभलिप्सा का हाजमा दुरुस्त करता रहा, और अब सत्तर बरस के बाद उपलब्धियों के मूल्यांकन के लिए मील के पत्थरों को गिनने का फैसला हुआ, तो पाया कि मील के पत्थर नदारद हो गए थे, फसल सुरक्षित रखने के लिए जो बाढ़ लगी थी, वही फसल को खा गई। आम आदमी हर कतार से दुत्कार दिए जाने के बाद फुटपाथ पर आ गया था। कहां तो हर घर को चिराग देने की बात थी, और अब तो गरीब शहरों की अंधेरी बस्तियों को एक चिराग भी नहीं मिला। कतारें टूटती बनती रही, लेकिन एक ही जगह रुकी रहीं। कामदारों को धकेल कर उभर आए उनकी जगह कुछ नामदार, जिन्होंने गर्व से बताया कि हम जहां खड़े हो जाते हैं, तो वहां से ही कतार शुरू होती है। हमने इन कतारों के सरगना महापुरुषों की झोली में देश की प्रगति के मील पत्थर तलाशने चाहे, लेकिन वहां भी भव्य अट्टालिकाएं और कुछ वातानुकूलित गाडियां। कुछ दावे थे और कुछ घोषणाएं, लेकिन ये दावे और घोषणाएं पौन सदी के अंधेरे में गुम हो गई। उस भारी भीड़ के चेहरे पर खोई हुई मुस्कान लौटा नहीं पाई। सफेद हाथी उनके अस्तबल में गुम हो गया और उसकी जगह उन्हें मिल गया नीति आयोग। इसने कतार से गुम हो गए लोगों से पूछा, क्या यह किसी पुराने साइनबोर्ड पर लिखी नई इबारत है? बताया गया, नहीं ऐसा नहीं है। लिपापुता रंग-बिरंगा यह तो नया साइन बोर्ड है, केवल एक साइन बोर्ड। इसके द्वारा निर्देशित होने वाला रास्ता अभी बनाया जाएगा। यह रास्ता आपको सर्वकल्याण की ओर कैसे ले जाएगा, इसका फैसला अभी किया जाएगा। योजनाबद्ध आर्थिक विकास से आपका कायाकल्प करने की योजनावधि क्या होगी, इस पर फैसला भी अभी होना है। फिलहाल आप समाज बदल जाने, युग पलट जाने का सपना देखिए। समाज बदल जाने और गरीब-अमीर का भेद मिट जाने का सपना तो हम बहुत दिन से देख ही रहे थे। अब तो हमारे फुटपाथों पर भी उनकी भव्य अट्टालिकाएं छाया नहीं करती।

देश दुनीया से

## रिश्तों की बारात

**यह** सच ही है कि हमारा दिमाग हमारा सबसे बड़ा दोस्त है और हमारा दिमाग ही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है। हमारे पूर्वज जब जंगलों में रहते थे तो उनका जीवन बहुत कठिन था। हर ओर से खतरा ही खतरा था। भोजन के साधन और विकल्प सीमित थे। जीवन हर रोज संकट में होता था। शेर, चीता, भेडिया आदि ही नहीं, सांप और बिच्छू भी घातक हो सकते थे। जानवर अपना भोजन बन सकता हो तो मार लो, और खतरनाक हो तो भाग लो। हमारे पूर्वजों के साथ 'फाइट ऑर फ्लाइट' की यह स्थिति इतने लंबे समय तक रही कि वह हमारे जन्म-जन्मांतर के संस्कार का हिस्सा बन गई। मनोविज्ञान कहता है कि यदि हमारे सामने कोई ऐसा काम आ जाए जो कठिन है या नापसंद है, तो हमारा दिमाग उसे न करने के बहाने गढ़ लेता है और हमें समझ भी नहीं आता कि हमारे अपने दिमाग ने ही हमें किस तरह से गलत रास्ते पर डाल दिया। हमारे सामने कोई कठिन काम आ जाए तो हमारा दिमाग हमें कहेगा कि पांच मिनट सैर करके तरोताजा हो जाएं ताकि काम को अच्छे से अंजाम दे सकें, या यह कि हमारी दराज में बहुत खिचपिच हो गई है, थोड़ा इसे साफ कर लें, फिर तसल्ली से काम शुरू कर देंगे, आदि-आदि। इसी तरह हमारा दिमाग हमें बहका कर दूसरी तरफ मोड़ देता है और सारा दिन बीत जाने पर हमें याद आता है कि असली काम तो हमने किया ही नहीं। हमारा दिमाग एक घोड़े की तरह है। लगाम हो तो यह हमारे काबू में रहता है और बेलगाम हो जाए तो हम किसी काम के नहीं रहते। यही कारण है कि दिमाग को काबू में रखने के लिए हमें कुछ चीजों से अपने रिश्ते का विश्लेषण करते रहना चाहिए। 'सहज संन्यास मिशन' में हम इसे ही 'रिश्तों की बारात' कहते हैं। ये रिश्ते हैं, खुद से रिश्ता, परिवार से रिश्ता, रिश्तेदारों, सहकर्मियों, दोस्तों और जान-पहचान वालों से रिश्ता, वृहत्तर समाज से रिश्ता, समय से रिश्ता, धन से रिश्ता, और परमात्मा से रिश्ता। अपने आप से हमारा खुद का रिश्ता हमारे पूरे जीवन को परिभाषित करता है। हम खुद को प्यार करें, अपनी कमियों और गलतियों से सबक सीखें पर खुद में हीनभावना न आने दें, आत्मविश्वास से लबरेज रहें तो बहुत से काम आसान हो जाते हैं। हम काम शुरू करने से पहले ही हार नहीं मानते, काम में कहीं अटक जाएं तो निराश नहीं होते बल्कि चुनौतियों और समस्याओं के समाधान ढूंढते हैं। आत्मविश्वास हो तो हमें किसी से सीखने में या सहायता मांगने में हिचक नहीं होती। इसमें कोई शक नहीं कि हमारा परिवार हमारा सबसे बड़ा सहारा है और हमारे परिवार के सदस्य निस्वार्थ भाव से हमारी सहायता करते हैं, हमारी कमियों और गलतियों का बुरा माने बिना हमें सही राह दिखाते हैं। पशु-पक्षियों और जानवरों के बच्चे बहुत जल्दी आत्मनिर्भर हो जाते हैं, लेकिन मनुष्यों के बच्चे बहुत लंबे समय तक मां-बाप और परिवार पर निर्भर रहते हैं। परिवार से हमारा रिश्ता स्वस्थ हो तो हमें अकेलापन महसूस नहीं होता, आत्मविश्वास बढ़ जाता है और हमारे लिए जोखिम लेना भी आसान हो जाता है। हमारे बहुत से रिश्तेदार और दोस्त हमारे शुभचिंतक होते हैं। हमारा व्यवहार संतुलित हो तो हमारे रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी और जान-पहचान वाले लोग भी आड़े समय हमारे काम आते हैं। यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वृहत्तर समाज से हमारा रिश्ता हमारे रिश्तेदारों, दोस्तों, सहकर्मियों और जान-पहचान वाले दीगर लोगों से हमारे रिश्ते को प्रभावित करता है। जब हम अपना स्वार्थ छोडक़र दूसरों के काम आने की आदत अपना लेते हैं और अपने संपर्क में आने वाले लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं, तो दूसरे लोग भी हमारे आड़े वक्त में हमारे काम आते हैं। अक्सर दूसरों के साथ हमारा व्यवहार ही यह तय करता है कि हम जीवन में कितने सफल होंगे। समय के साथ हमारा रिश्ता हमारी सफलता या असफलता का बहुत बड़ा कारक है। हम अपने समय की कीमत समझते हैं या नहीं, हम अपने समय का सदुपयोग करते हैं या नहीं, हम अपने समय के मामले में सजग हैं या नहीं, हमारे जीवन की दशा-दिशा तय करने में इसका बहुत बड़ा हाथ है। हम अपने लक्ष्य के प्रति सजग हों और उपलब्ध समय का पूरी संजीदगी से उपयोग करें तो सफलता हमारे कदम चूमती है। समय बर्बाद करने वाली आदतों से खुद को बचा कर रखना और समय बर्बाद करने वाले लोगों से खुद को बचा कर रखना हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। इस मामले में हम जितने स्पष्ट होंगे, लोग हमारे समय का उतना ही आदर करेंगे। समय के साथ हमारे रिश्ते की ही तरह धन के साथ हमारा रिश्ता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सहज संन्यास परंपरा के हम संन्यासी लोग भी धन के महत्व को नहीं नकारते। हम धन की निंदा नहीं करते, धन को बुरा नहीं मानते, हम सब गृहस्थ संन्यासी हैं और हमने न घर छोड़ा है, न परिवार छोड़ा है, न दुनिया छोड़ी है। हम सब अपनी-अपनी नौकरी या व्यवसाय में लगे हैं। हम मानते हैं कि धन का दुरुपयोग बुरा है, धन का लालच बुरा है, धन के लिए धोखा देना, झूठ बोलना या ठगना बुरा है, खुद धन बुरा नहीं है, अमीर होना बुरा नहीं है, गरीबी कोई गुण नहीं है, अमीरी कोई दुर्गुण नहीं है। धन हो तो अच्छी शिक्षा लेना, दुनिया देखना, जोखिम लेना और किसी की सहायता करना आसान हो जाता है। धन हमें अपने ढंग से जीने की स्वतंत्रता देता है, धन हमें समय के सदुपयोग की स्वतंत्रता देता है, धन हमें अपने मनचाहे निर्णय लेने की स्वतंत्रता देता है। खुद से, परिवार से, रिश्तेदारों, दोस्तों, सहकर्मियों और जान-पहचान वालों से हमारा रिश्ता, धन और समय के साथ हमारा रिश्ता महत्वपूर्ण है, पर परमात्मा के साथ हमारा रिश्ता इन सबसे ऊपर है। जब हम हर जीव में परमात्मा का प्रकाश देखते हैं तो हम प्रेममय हो जाते हैं और हमारे दृष्टिकोण में दयालुता अपने आप आ जाती है। हम ब्रह्मांड से जुड़ जाते हैं और इस ब्रह्मांड के संसाधनों का आदर करना सीख लेते हैं। हम परमात्मा के प्रति समर्पित हो जाते हैं और हमारा हर काम ही पूजा हो जाता है। परमात्मा के प्रति समर्पण पूरा हो जाए तो रिश्तों की यह बारात सार्थक हो जाती है और जीवन सफल हो जाता है। जीवन का अंतिम लक्ष्य भी तो यही है। जहां हमें भौतिक संसाधनों की जरूरत रहती है, वहीं जीवन का अंतिम लक्ष्य तो मोक्ष प्राप्त करना ही है।


हमारे पूर्वज जब जंगलों में रहते थे तो उनका जीवन बहुत कठिन था। हर ओर से खतरा ही खतरा था। भोजन के साधन और विकल्प सीमित थे। जीवन हर रोज संकट में होता था। शेर, चीता, भेडिया आदि ही नहीं, सांप और बिच्छू भी घातक हो सकते थे। जानवर अपना भोजन बन सकता हो तो मार लो, और खतरनाक हो तो भाग लो।


आप का नजरीया

## व्यापार-युद्ध की नौबत

**अमरीकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने विश्व में व्यापार-युद्ध छेड़ दिया है। जो देश अमरीका के साथ व्यापार करते हैं अथवा प्रत्यक्ष रूप में व्यापार के साझेदार नहीं हैं, वे सभी देश प्रभावित होंगे। विश्व में 2008 की आर्थिक मंदी के आसार बन गए हैं। चीन ने तो अमरीका को 'किसी भी युद्ध' की चेतावनी दे दी है। कनाडा बहुत गुस्से में है और उसने भी अमरीकी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने का पलटवार किया है। ये संपूर्ण व्यापार-युद्ध के हालात हैं, नतीजतन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे व्यापार, आर्थिक निवेश और व्यापार-नीतियां प्रभावित होंगी। ट्रंप भूमंडलीकरण के खिलाफ काम कर रहे हैं और इसमें अमरीका का फायदा देख रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं होगा। इस व्यापार-युद्ध से अमरीका में महंगाई बढ़ेगी। शेयर बाजार और कंपनियों के कारोबार प्रभावित होंगे। अमरीकी बाजार 2.6 फीसदी तक गिरे हैं, यह बिल्कुल स्पष्ट है। भारत अभी तक संतुलित स्थिति में है। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि भारत को फायदा होगा। पहले तीन महीनों में ही भारत से अमरीका को निर्यात 10 फीसदी तक बढ़ सकता है। इसके बुनियादी कारण भी हैं। चीन ने गेहूं, मक्का, कपास, चिकन पर 15 फीसदी और सोयाबीन, सुअर के मांस, बीफ, फल-सब्जियों और डेयरी उत्पादों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ थोप दिया है। अमरीकी सोयाबीन और कपास के लिए चीन सबसे बड़ा बाजार है। चीन बीफ, डेयरी उत्पाद, सुअर मांस और मुर्गी के मांस आदि का भी बड़ा खरीददार है। यदि अमरीकी उत्पाद महंगे हो जाएंगे, तो चीन ब्राजील, अर्जेन्टीना, पराग्वे सरीखे वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से आयात कर सकता है। इन स्थितियों में अमरीकी किसान, व्यापारी को नुकसान हो सकता है। गौरतलब यह है कि नवंबर 2024 के चुनाव में अमरीका के कृषि पर आश्रित लोगों और क्षेत्रों के करीब 78 फीसदी लोकप्रिय वोट ट्रंप को मिले थे। यही नहीं, चीन से आने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल, कंप्यूटर, वीडियो गेम्स और उपभोक्ता सामान भी महंगे होंगे। दरअसल यह व्यापार-युद्ध चीन, कनाडा, मैक्सिको बनाम अमरीका तक ही सीमित नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप विश्व भर में इस्पात, अल्मूनियम पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा भी कर चुके हैं। यह 12 मार्च से प्रभावी होगा। 'पारस्परिक टैरिफ' की बात भी ट्रंप करते रहे हैं, लिहाजा भारत इन स्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। हालांकि भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन का मानना है कि भारतीय निर्यातकों को अमरीका में शिपमेंट बढ़ाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने 2019 में भी जब चीन पर अधिक टैरिफ लगाया था, तब भारत चौथा सबसे बड़ा लाभ पाने वाला देश था। इन परिस्थितियों में भारत अपने को एक विश्वसनीय, वैश्विक व्यापार-साझेदार के तौर पर स्थापित कर सकता है। वह अपने निर्यातकों को प्रोत्साहित करे, ताकि वे नए बाजार खंगाल सकें। इस संदर्भ में ब्रिक्स जैसा संगठन अपने देशों में विमर्श करे और वे एक सामान्य टैरिफ पर आपसी व्यापार को बढ़ा सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर में चलाया गया जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता अभियान तो कानून की जानकारी दिया गया।जल सहिया के द्वारा ब्लॉक मोड़ से जागरूकता अभियान मुखिया निर्मला देवी के नेतृत्व में निकालकर मुख्य चौक पहुंचा। इस दौरान बापू ने दिया संदेश, स्वच्छ रखो भारत देश,हम सभी ने ठाना है, देश को स्वच्छ बनाना है समेत कई नारे लगा रहे थे। वहीं विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पहरा पंचायत के किरकिरा आंगनबाड़ी केंद्र में पीअलभी प्रेरणा दास ने कानूनी सहायता जागरूकता अभियान चलाते हुए यौन उत्पीड़न, शारीरिक उत्पीड़न, मानसिक उत्पीड़न, दहेज प्रथा, शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, डायन प्रथा, बाल विवाह समेत कानून की जानकारी दिया। जबकि पीएलभी पवन कुमार के नेतृत्व में बारिसाखी व मायाडीह गांव जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं का अधिकार समेत अन्य की जानकारी दिया। मौके पर संगीता देवी, मंजू देवी, पुष्पा देवी, शिला देवी, सोनी देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## एमओ ने किया डीलर व लाभुकों के साथ कार्यशाला, कई जानकारियां जुटाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जॉन कुमार मरांडी के नेतृत्व में डीलर व लाभुकों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यशाला में उपस्थित डीलरो को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरो को खाद्यान्न वितरण में हो रही समस्याओं की जानकारी जुटाई। डीलरो ने ई पौष महीन में नेटवर्क की समस्या, विकलांग लाभुक व 60 वर्ष वाले लाभुक का ई केवाईसी नहीं होने की जानकारी दिया। वहीं कार्यशाला में उपस्थित लाभुकों को प्रत्येक माह खाद्यान्न उठाव करने की बात कही। साथ ही पीडीएस दुकान बेहतर संचालन करने के साथ साथ राशनकार्ड धारियों के साथ भी व्यवहार कुशल रखने की बात कही। बैठक में डीलर संतोष सिंह, कृष्णा पासवान, ऋतुराज दांगी, शारदा देवी, दासो उरांव, नेमू साव समेत लाभुक मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता रैली का किया गया आयोजन




**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय से एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्रखंड मुख्यालय से चलकर प्रतापपुर चौक बाजर होते हुए कस्तूरबा गाँधी तक पहुंची। जिसमें जलसहिया और समुह कि महिलाओं के साथ ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हुई। जिसमे महिलाओं ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर जुलूस निकाला और जल बचाव जीवन बचाव का नारा लगाया।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के निकट स्थित +2 उच्च विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की तत्परता से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक एस ए आलम ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। घायल युवक टंडवा थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव निवासी विजय भुइंया पिता जगदीश भुइंया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक बाईक पर सवार होकर चतरा गया था।वापस घर लौटने के क्रम में बाईक सिमरिया +2 उच्च विद्यालय के पास अनियंत्रित होकर बाईक समेत गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके संबंध में चिकित्सक ने बताया कि युवक गंभीर रूप से घायल हुआ परंतु है बावजूद सुरक्षित है। जिसे बेहतर इलाज की आवश्यकता है।

# गिद्धौर में जेएसएलपीएस के तहत एफपीओ का हुआ शुभारंभ





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ऊपर टोला ब्लॉक मोड समीप सलगा रोड में जेएसएलपीएस के तहत संचालित (10के एफपीओ) किसान उत्पादक समूह का उद्घाटन विधिवत फिता काट कर नारियल तोड़ते हुए दीप प्रचलित कर शनिवार को किया गया। इस कंपनी का पूरा नाम गिद्धौर महिला आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड है। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्या अनीता देवी गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा जेएसएलपीएस बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति थे। जिन्होंने सामूहिक तरीके से कार्यक्रम को उद्घाटन किया। इस कंपनी के तहत जेएसएलपीएस से जुड़े कुल 1500 महिलाओं को जोड़ना है। इस कंपनी में सरकार के द्वारा 3 साल में 18 लाख रुपैया देगी। जिससे एफपीओ का संचालन करना है। एवं उसके बाद खुद से एफपीओ को इनकम कर अपने ऊपर निर्धारित हो आजीविका को बढ़ाना है।इस कंपनी के डायरेक्टर प्रतिमा देवी ने बताई की कंपनी अकेले नहीं बल्कि सभी सदस्यों के सहयोग से संचालित होगा। और एफपीओ के द्वारा किए गए कार्य का लाभ समूह से जुड़े सभी सदस्यों को मिलेगा। इस कार्यक्रम में सम्मिलित एफटीसी अनिल प्रजापति अकाउंटेड अमरजीत सिंह एलएच सुमन कुमारी सीसी सुनील पासवान सुमित्रा देवी आईपीआरपी सुनीता देवी एफपीओ कोषाध्यक्ष उषा देवी सदस्य पूजा कुमारी कंचन कुमारी अंजू देवी सिओ अमित कुमार एवं दर्जनों जेएसएलपीएस से जुड़े कर्मी के साथ-साथ समूह से जुड़े सदस्या उपस्थित थी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चतरा कॉलेज में महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चतरा कॉलेज के बीएड विभाग के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में विभाग के विभागाध्यक्ष तथा शिक्षक गण की उपस्थिति में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महिला सशक्तीकरण के बारे में सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्रों ने लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें लघु नाटक, वाद विवाद, संगीत तथा नृत्य प्रदर्शन आदि शामिल है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉक्टर नंदकिशोर सिंह ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने सुंदर एव प्रगति शील विचार प्रस्तुत किया।वहीं डॉक्टर मुमताज अंसारी, डॉक्टर ग्लोरिया ग्रेस, डॉ कंचन तथा सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने अपना विचार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जेएसएलपीस महिला समूह द्वारा कुंदा बजार टाड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला समूह की सदस्यों ने अपने अनुभवों और चुनौतियों के बारे में बात की, उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस बीपीएम सतेंद्र ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं उनका सहयोग सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए आवश्यक है। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कहाँ की समाज के विकास में महिलाओ का योगदान अतुलनीय है। बीडीओ ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## आजसू जिला कमिटी का विस्तार, नए पदाधिकारियों को मिली ज़िम्मेदारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से जिला कमिटी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की।नवगठित कमिटी में रवि वर्मा को जिला प्रवक्ता, सरोज लोहरा को जिला संगठन सचिव, देवेंद्र प्रसाद और नीलकंठ प्रसाद साहू को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय, जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव एवं बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने बुके देकर शुभकामनाएं दीं। श्री पाण्डेय ने कहा कि संगठन को मजबूती देने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन के विस्तार और मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## व्यवहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

### 12,500 वादों का हुआ निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय लातेहार में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। उन्होंने सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं और वादकारियों को अधिक से अधिक लोक अदालत का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। लोक अदालत के दौरान 12,500 वादों का निपटारा किया गया तथा लगभग 7 करोड़ 02 लाख 74 हजार 974 रुपये का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा, जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने 32 लाख रुपये का चेक स्थानीय सखी मंडल को सौंपा।इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन ने वर्षो से अलग रह रहे दो जोड़ों को समझाकर पुनः एक साथ रहने के लिए राजी किया।

## होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बालूमाथ में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शनिवार को बालूमाथ थाना परिसर में एसडीपीओ विनोद रवानी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीपीओ ने लोगों से अपील की कि बिना सहमति के किसी पर रंग-गुलाल न लगाएं और शराब पीकर हुड़दंग करने से बचें। उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और पुलिस को तुरंत सूचना देने की अपील की। बैठक में जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बारियातू में भैया/बहनों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत सचिव रीना कुमारी, अभिभावक प्रतिनिधि प्रभा देवी, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं वरिष्ठ आचार्या वीणा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और मां शारदे एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और संस्कार निर्माण में माताओं की अहम भूमिका होती है। मुख्य अतिथि रीना कुमारी ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अच्छे शिक्षा और संस्कार जरूरी हैं, जिसे देने में माता की विशेष भूमिका होती है। उन्होंने माता-पिता से बच्चों को मोबाइल से दूर रखने, समय पर स्कूल भेजने और उनकी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान माताओं के बीच दो प्रकार के खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आचार्या वीणा देवी ने महाभारत के अभिमन्यु प्रसंग का उदाहरण देते हुए गर्भकाल से ही बच्चों के संस्कार निर्माण पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन किरण दीदी और लक्ष्मी दीदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं एवं विद्यालय के आचार्य-आचार्याएं उपस्थित रहे। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पीवीयूएनएल ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पुलिस को सौंपी पांच बाइक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना के तहत सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लातेहार पुलिस को गश्ती गतिविधियों को सुदृढ़ करने और दूरस्थ क्षेत्रों में सुगमता से पहुंचने के लिए 05 (पांच) टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल प्रदान की गई। इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आर. के. सिंह ने लातेहार के पुलिस कप्तान कुमार गौरव को 05 मोटरसाइकिल सौंपीं। इस अवसर पर सीईओ सिंह ने कहा कि यह वाहन लातेहार जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पुलिस गश्ती को मजबूत बनाने और समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होंगे। पुलिस कप्तान, लातेहार ने इस सराहनीय पहल के लिए पीवीयूएनएल का धन्यवाद करते हुए कहा कि इन वाहनों से जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान एसडीपीओ अरविन्द कुमार बनहरदी कोयला परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर, अपर महाप्रबंधक आर. बी. सिंह, उप महाप्रबंधक शंकर, जीवनेंदू महापात्र, अमरेश चंद्र राउल, वशिष्ठ प्रबंधक शिवनेश कुमार, भानू प्रकाश, सुबोध जॉन पूर्ति, कार्यपालक कुमारी पूजा, अबीर नाथ लाल, शुभंकर मंडल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम पीवीयूएनएल द्वारा किया गया यह महत्वपूर्ण कार्य समाज और पुलिस प्रशासन के बीच सहयोग और सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# उपायुक्त ने टोमेटो सोलर ड्रायर मशीन का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बनियों ग्राम में टोमेटो सोलर ड्रायर मशीन का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य और तिलक लगाकर उपायुक्त का भव्य स्वागत किया।उद्घाटन के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिले के बालूमाथ, बारियातु और हेरहंज प्रखंडों में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती होती है, लेकिन कोल्ड स्टोरेज के अभाव में किसानों को कम दामों में टमाटर बेचने को मजबूर होना पड़ता था। ऐसे में सरकार की पहल पर पहले चरण में टोमेटो सोलर ड्रायर मशीन लगाई गई है। इस मशीन से 15 किलो कच्चे टमाटर से 1 किलो ड्राई प्रोडक्ट तैयार होगा, जिसे सोशल अल्फा कंपनी 250 से 280 प्रति किलो की दर से खरीदेगी। सोशल अल्फा कंपनी की मैनेजर पूजा कुमारी ने बताया कि यह मशीन टमाटर को सुखाकर उसकी गुणवत्ता बनाए रखेगी और किसानों को अधिक मुनाफा दिलाएगी। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो जिले के अन्य गांवों में भी इसे स्थापित किया जाएगा।इससे पूर्व उपायुक्त ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में उपस्थित महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीसीओ जगमनी टोपनो, एसडीपीओ बिनोद रवानी, बीडीओ सोमा उरांव, प्रखंड प्रमुख ममता देवी सहित कई पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## व्यवसायिक समिति ने पर्यटन और नगर ग्रामीण विकास मंत्री सुदीव्य कु. सोनू से की मुलाकात



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने राज्य के पर्यटन और नगर ग्रामीण विकास मंत्री सुदीव्य कु.सोनू से बेतला में मुलाक़ात कर पर्यटन के दृष्टिकोण से बरवाडीह बाजार क्षेत्र के विकास और व्यावसायिक वर्ग की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं को लेकर तीन सूत्री मांगपत्र सौंपने का काम किया। दीपक राज ने मांगपत्र के माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बरवाडीह बाजार क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर से होते हुए मुख्य बाजार, मुर्गा मंडी, सब्जी मार्केट, बस स्टैंड और विवेकानंद चौक आदि 50 से अधिक मुख्य स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने, बरवाडीह बाजार एवं बस स्टैंड में वर्षो से बंद पड़े शौचालय का चालू कराने। बरवाडीह संपूर्ण बाजार में आवश्यक स्थानों एवं मुख्य चौक चौराहों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन कराने आदि मांग की। जहां पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मांगपत्र को गंभीरता से पढ़ते हुए सभी मांगो को जायज बताया और पूरा कराने को लेकर आश्वत किया।

# नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपयुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है। हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत संघर्ष और आत्मविश्वास होता है सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती है महिलाएं किसी से कम नहीं वह अपने बलबूते इतिहास रचने की क्षमता रखती है।

आज अंतर्राष्ट्रीय 8 मार्च को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने प्रोजेक्ट जागृति के बारे में सभी महिलाओं से जानकारी साझा की उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट जागृति बच्चियों के शिक्षण उत्थान के लिए कार्य कर रही है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है इसके रोकथाम के प्रयास प्रोजेक्ट जागृति के माध्यम से किये जा रहे हैं, यह प्रोजेक्ट महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। कुछ महिलाओं और बच्चियों ने ग्रामीण स्तर पर अच्छा कार्य किया है। प्रोजेक्ट जागृति ग्रामीण स्तर पर बच्चियों के ड्रॉप आउट या अन्य समस्याओं पर भी कार्य कर रही है,बच्चियों को बेहतर जीवन मिल सके इस पर भी अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि परिवार में रह रही महिलाएं अगर कुछ करना चाहती हैं तो उन्हें सपोर्ट करें। महिलाएं अपना आत्मविश्वास और सम्मान बनाए रखें। उपायुक्त ने पुनः सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।




**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन योजनाओं की दी गई जानकारी**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को पीएम मातृत्व वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,सुकन्या समृद्धि योजना व अन्य सरकार द्वारा महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**वित्तीय वर्ष 2024/25 में राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को उपायुक्त के हाथों दिया गया चेक**

वित्तीय वर्ष 2025 24 25 में राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को इस कार्यक्रम के माध्यम से दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। जिसमें बड़कागांव लंगातू ग्राम की निवासी सावित्री कुमारी, डाड़ी प्रखंड के गीद्दी (ए) निवासी प्रीति कुमारी,चौपारण के वृंदा पंचायत की प्रीति कुमारी, हजारीबाग ग्रामीण के दारू पंचायत की मधु कुमारी एवं बरही प्रखंड के बरही पश्चिमी निवासी निजहत नाज़नीन को उपायुक्त के हाथों दो दो लाख रुपया का चेक वितरित किया गया।

इस कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मां देव प्रिया,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, सामान्य शाखा पदाधिकारी सना उस्मानी, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार एवं जिला कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया मौजूद रहे।

# पंचायत समिति सदस्यों को सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं दी जाती, न ही मासिक बैठकों का सही से आयोजन किया जाता है : उप प्रमुख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** । सदर प्रखंड में सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। प्रखंड प्रशासन पर पंचायत समिति और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को योजनाओं से दूर रखने का आरोप लगा है। सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों को सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं दी जाती, न ही मासिक बैठकों का सही से आयोजन किया जाता है। इससे विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित पशुधन योजना में भी धांधली की बात सामने आई है, जहां ग्राम सभा की अनदेखी कर अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। रविकांत सिंह ने सदर अंचल कार्यालय में भी गहरी जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि जाति, आवासीय और अन्य प्रमाण पत्र बनवाने में छात्रों और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। कार्य दिवस के दौरान अधिकारी अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं, जिससे जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड



विकास पदाधिकारी खुद को पूरे प्रखंड का मालिक समझकर काम कर रहे हैं, जबकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कई बार जांच की गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। रविकांत सिंह ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनता और जनप्रतिनिधि बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद् की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में सांसद हजारीबाग मनीष जायसवाल, विधायक सदर प्रदीप प्रसाद, विधायक बरही मनोज यादव, विधायक बरकट्ठा अमित यादव, विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी, विधायक मांडू उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि डीएमएफटी मद से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप प्रभावित इलाकों में प्राथमिक सेक्टर खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, महिला एवं बाल विकास एवं द्वितीय सेक्टर में कौशल विकास प्रशिक्षण सहित खनन प्रभावित इलाकों में आधारभूत सुविधाएं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं समय पर योजनाएं पूरी हो इसका अनुश्रवण करना सभी जनप्रतिनिधियो की भी सामूहिक जिम्मेवारी है। उन्होंने बताया कि डीएमएफटी मद का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले सेक्टर में खर्च किया जाता है। ज़िला प्रशासन खनन प्रभावित इलाकों में लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, बाल व महिला कल्याण सहित मूलभूत सुविधाओं में गुणात्मक व मात्रात्मक सुधार के लिए लोगो को ध्यान में रखकर कई तरह की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि ज़िला के 576 आंगनवाड़ी केंद्रों को




डीएमएफटी मद से मॉडलीकरण किया गया है साथ ही मॉडल एस्टीमेट व पोषक इलाकों में जमीन चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए है। बैठक में खनन प्रभावित इलाकों के गावों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं को घर पर पहुंचाने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मोबाइल मेडिकल वाहन, चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करने के प्रयास किए गए है। दिव्यांजनो को चिह्नित कर बैटरी चलित ट्राई साइकिल दिया गया है। साथ ही साथ कौशल विकास,महिला एवं बाल विकास,पेयजल एवं स्वच्छता,कृषि,वृद्धाश्रम,सभी प्रखंडों में पुस्तकालय का निर्माण आदि कई उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है। उपायुक्त ने न्यास परिषद की बैठक में विस्तृत रूप से डीएमएफटी मद से किए गए आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

# रेनबो स्कूल के छात्र रवि कुमार के असमय निधन पर विद्यालय प्रबंधन ने जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : बरही प्रखंड के शिवपुर गड़लाही स्थित रेनबो स्कूल में शनिवार को गमगीन माहौल रहा जब विद्यालय के कक्षा आठवीं के छात्र रवि कुमार के असमय निधन की खबर मिली। 13 वर्षीय रवि कुमार जो करसो गांव के निवासी थे और पढ़ाई में काफी होनहार छात्र माने जाते थे। उनके अचानक निधन से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि विद्यालय के शिक्षकों और सहपाठियों में भी शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व रवि कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन उनकी सेहत में सुधार की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन की खबर से पूरा परिवार सदमे में है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। रवि कुमार के असमय निधन की खबर मिलते ही रेनबो स्कूल प्रशासन, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। विद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित सभी ने उनकी



आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रवि कुमार एक मेधावी छात्र थे, जिनका असमय जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी मुस्कान और जिज्ञासु स्वभाव हमेशा हमें याद रहेंगे। विद्यालय परिवार इस कठिन समय में उनके परिजनों के साथ खड़ा है और हम उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। विद्यालय के अन्य शिक्षक और रवि के सहपाठी भी अपने प्रिय मित्र के अचानक चले जाने से भावुक हो उठे। कई विद्यार्थियों ने कहा कि रवि पढ़ाई में अच्छा होने के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी रुचि रखते थे। रवि कुमार के निधन की खबर सुनकर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित कई शिक्षक उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के साथ खड़े रहें। शोक व्यक्त करने वालों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, सुजीत कुमार, स्वाती कुमारी सहित अन्य शामिल रहें।

# पंडित नेहरू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत चोचरो पार्क में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की प्रतिमा को शनिवार को कुछ शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पंडित नेहरू की प्रतिमा खंडित किए जाने की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता अरुण साहू अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं अरुण साहू ने कहा कि सामंतवादी विचारधारा वाले लोग इस तरह की घटना को बढ़ावा दे रहे हैं, उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की जल्द से जल्द नई प्रतिमा स्थापित की जाए,एवं इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, सभी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।मौके पर कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कांग्रेस नेता संतोष रजवार, छोटी भुइयां, उमाकांत दास, नरेश कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, करण ओझा, विक्की कुमार समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## झारखंड में कानून व्यवस्था हुआ है चौपट : रोशन लाल चौधरी



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित फतहा चौक के पास शनिवार सुबह लगभग 9:30 बजे दिनदहाड़े एनटीपीसी के डीएम कुमार गौरव को अपराधियों गोली मारकर हत्या कर दी। जिसको लेकर बड़कागांव के विधायक राशन लाल चौधरी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए झारखंड सरकार और पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार में अपराधी खुलेआम दिनदहाड़े घटना को अनजाम दे रहे हैं और पुलिसिया व्यवस्था गहरी नींद में सो रहा है। हेमंत सरकार में ऐसा लग रहा है जैसे कोई सुरक्षित नहीं है और बस यहां अपराधियों का राज चल रहा है। आए दिन कभी हजारीबाग, बड़कागांव, रामगढ़ तो कभी रांची सहित कई जगहों पर दिनदहाड़े अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। आगे उन्होंने हजारीबाग पुलिस को कहा है कि जल्द से जल्द ऐसे अपराधी को नकेल कसने का काम करें क्योंकि इससे आम जनमानस में डर का माहौल है। ऐसे अपराधिक घटनाओं से साफ पता चलता है कि हेमंत सरकार लोगों की सुरक्षा देने में असफल है।

## सोना सोबरन योजना के तहत मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने धोती, साड़ी, लुंगी का किया वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के मोहम्मद जहुर अंसारी के जनवितरण प्रणाली केंद्र पर सोनासोबरन योजना के तहत मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव ने कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया। इस दौरान मुखिया विजय यादव ने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथसाथ अनुदानित दर पर सोनासोबरन योजना साड़ी, लुंगी,धोती योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपए में धोती, साड़ी व लूंगी प्रदान किया जा रहा। मौके पर मुकेश कुमार, किशोरी प्रसाद, मुनिलाल प्रसाद, सहित अन्य लाभुक मौजूद थे।

## केरेडारी के गरीकला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग़रीकलां में सीड वर्क्स यू एस एग्रीसीड्स के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल गरी कलां पंचायत के दक्षिणी भाग पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी ने कहा की महिलाओं को अपने हक अधिकार लेने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। वहीं कंपनी के प्रबंधक मनोज कुमार ने महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला । बड़कागांव के एफडीओ बिनोद सिंह ने कहा की यूएस एग्रीसीड्स भारत में महिला दिवस को एक उत्सव के रुप में मनाता है,सलाम है उन सभी महिलाओं को जो देश और समाज के विकाश में हमेश निरंतर साथ दे रही है।

## विष्णुगढ प्रखण्ड मुख्यालय में मातृशक्ति को महिला दिवस पर किया गया सम्मानित

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ नित्यानंद दास,बीपीओ ममता सिंह,जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मुखिया निर्मल कुमार ने दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला दिवस पर प्रखण्ड- अंचल व जेएसएलपीएस की महिलाओ ने प्रखण्ड मुख्यालय में नारीशक्ति की प्रतीकात्मक रंगोली बनाई। प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में चल रहे महिला वर्कशॉप में प्रखण्ड-अंचल महिला कर्मी,मुखिया,जेएसएलपीएस ,शिक्षा,चिकित्सा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मातृशक्ति को बीडीओ अखिलेश कुमार एवं सीओ नित्यानंद दास ने प्रमाणपत्र एवं पारितोषिक का वितरण किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को अंबा प्रसाद ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय सभागार भवन में अंबा सखी सहकारिता समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव की पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पश्चिम बंगाल कांग्रेस की सह प्रभारी अंबा प्रसाद एवं संचालन संगीता देवी ने किया। महिला दिवस पर भारी संख्या में केरेडारी बड़कागांव एवं पतरातू प्रखंड के कई महिला जन प्रतिनिधि शामिल होकर एकता का परिचय दिया। मौके पर बड़कागांव प्रखंड के 15 वैसी महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने क्षेत्र का नाम देश, राज्य एवं जिला स्तर पर स्थापित किया है। जिसमें आकांक्षा कुमारी, सहीया साथी आशिया खातून, सजवा देवी, उषा देवी, अमरजीत कौर, अंजू कुमारी, गीता तिर्की के अलावा अन्य का नाम शामिल है। आकांक्षा के पिता पीएम श्री बड़कागांव के प्रिंसिपल अशोक कुमार ने पुरस्कार में प्राप्त सिलाई मशीन को स्कूली बच्चों के लिए डोनेट कर दिया। मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की अंबा सखी सहकारिता समिति का शुभारंभ किया गया है जिसमें शक्ति कोड जारी किया गया है। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाएगा। जिसमें फिलहाल 300 महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। आज भी महिलाओं के साथ उत्पीड़न का मामला देखा जा रहा है हमें इसे दूर करने की आवश्यकता है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है महिलाओं के विकास के लिए सभी कार्य किए जाएंगे। हमें महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, महिलाएं शिक्षित होकर एक नहीं




बल्कि दो दो जगह मायके और ससुराल वाले को भी शिक्षित करती हैं। बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा की कड़ा संघर्ष कर पति ने मुझे आगे बढ़ाने का काम किया है। पुरुष है तो नारी है नारी है तो पुरुष है हमेशा दोनों को समझने की जरूरत है दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि महिलाएं अपनी शक्तियों को पहचानें अपना हक व अधिकार के लिए लड़े महिलाओं को आर्थिक मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है, मैं घर में गोबर उठाती थी परंतु जनता ने मुझे आज जिला परिषद बनाया है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, चंदर साव, केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, सहीया साथी आशिया खातून, जिप सदस्य गीता देवी, सुनीता देवी, यासमीन निशा, अनिता सिंह, गीता देवी, मुखिया कविता देवी, बेबी कुमारी, लीलावती देवी, जितनी देवी, पसंस उर्मिला देवी, कौशिला देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, अमरजीत कौर, किरण देवी, शारदा ऋषि, अंजू देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, गिन्नी वर्मा सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

# गैर मजुरुआ जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया आवेदन



**सरकारी जमीन पर अवैध कब्ज़ा करने वाले लोगो पर होंगी कार्यवाही : सीओ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू** : दारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इरगा पंचायत के ग्राम बड़वार के दर्जनों की संख्या मे ग्रामीणों ने प्रखंड अंचलधिकारी कार्यालय पहुँच कर अंचलाधिकारी राम बालक कुमार को गैर मजूरुआ जमीन पर अवैध कब्ज़ा करने के खिलाफ आवेदन दिया. ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर बताया की ग्राम बड़वार मे ख़ाता संख्या 74 प्लॉट संख्या 1018 कुल रकबा लगभग चार एकड़ जमीन गैर मजूरुआ है जिसपर गांव के हीं कुछ दबंग व्यक्ति श्याम लाल यादव, गणेश यादव, फूलचंद यादव, हुलास यादव सभी के पिता स्वर्गीय ईश्वर यादव ने अवैध कब्जा कर लिया है. और उक्त जमीन पर जे सि बी से कुंवा की खुदाई कर रहा है. ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर फर्जी कागज़त दिखा कर हम सब ग्रामीणों को धमकी दिया जाता है की जो करना है कर लो हमलोगो के पास जमीन का कागज़त है. ग्रामीणों के आवेदन पर अंचलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राजस्व कर्मचारी रागिनी कच्छप को उक्त स्थल पर जा कर और कागज़त की जाँच करने को कहा.

# भाजपाइयों ने सांसद मनीष जायसवाल का 59 वां जन्मदिन मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी के नेतृत्व में प्रखंड के वरिष्ठ भाजपाइयों ने बड़कागांव में सांसद मनीष जासयवाल का 59 वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद मनीष जायसवाल की दीर्घायु होने की कामना भगवान से की। मौके पर उपस्थित मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, जिला ओबीसी उपाध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, इंद्र भूषण, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मनीष पांडे, युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सत्यजीत अलंकार उर्फ मंटू, अवध किशोर कुमार, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया सदर अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग:** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार के द्वारा सदर अंचल एवं सदर प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सर्वप्रथम अंचल कार्यालय के कार्यों की जांच की। जिसमें भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक, आवंटन पंजी एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। आयुक्त महोदय ने अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा कर कुछ सुधार की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि



सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ससमय और प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचे।आयुक्त श्री कुमार ने प्रखंड कार्यालय में कार्यालय कार्यों का जायजा लेते हुए रोकड़ पंजी, आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक, सैरात पंजी एवं बंदोबस्त पंजी की अद्यतन स्थिति आदि का जांच किया। साथ ही उन्होंने प्रखंड स्तर पर चल रहे हैं विभिन्न योजनाओं के अभिलेखों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक परियोजना की प्रगति की निगरानी करें और कोई भी अवरोध उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई करें। इस दौरान उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, अंचल अधिकारी मयंक भूषण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शहीद तिलेश्वर साहू की 11 वी पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : 08 मार्च को शहीद तिलेश्वर साहू की 11वां पुण्यतिथि के अवसर पर उनके निवास स्थल बरही हाउस में स्वर्गीय साहू के पुत्र बरही के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, समर्थक और स्थानीय लोग के साथ परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्षों और बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि से पूर्व पूजा अर्चना की, जिसमें महिला नेत्री सह स्व तिलेश्वर साहू के पत्नी साबी देवी, भाई मेघनाथ साहू और सभी परिवार के सदस्य शामिल थे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान अरुण साहू ने कहा,मेरे पूज्य पिताजी शहीद तिलेश्वर साहू केवल मेरे पिता ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने बिना किसी पद के भी जनता की सेवा कर यह



सिद्ध कर दिया कि सच्ची राजनीति का अर्थ केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना होता है। उन्होंने अन्याय और शोषण के खिलाफ जो संघर्ष किया, वह सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। उनका सपना एक सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना था। आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं संकल्प लेता हूं कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने और समाज की सेवा में स्वयं को समर्पित रखूंगा।÷ अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित कर कहा कि शहीद तिलेश्वर साहू ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम के अंत में शहीद तिलेश्वर साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की कार्यक्रम में कांग्रेस बीस प्रभारी पिंकू सहाय, बीजेपी नेता अर्जुन साहू,कोडरमा कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगीरथ पासवान,ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता,बरकट्ठा विस पूर्व प्रत्याशी कुमकुम देवी, अनुमंडल साहू समाज अध्यक्ष अमित साहू, चौपरान प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर साहू, बरही प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू समेत कई सैकड़ो लोग मौजूद थे ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह की अध्यक्षता मे शनिवार को ब्रह्मर्षि धर्मशाला के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को लेकर एक भाजपा महिला सम्मेलन का आयोजन किया। जिसकी मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, विशिष्ट अतिथि पूनम सक्सेना, डॉ आरती दीप्ति मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर और राष्ट्रीय गीत गायकर शुभारंभ किया गया। वहीं आए हुए अतिथियों को जिला पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर तथा अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा



की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि देश और समाज को आगे ले जाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। कहा कि वर्तमान समय में हर क्षेत्र में महिलाएं देश का नाम रौशन कर रही हैं। केंद्र की भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार के बजट में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए है। कहा कि लखपति दीदी योजना देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। कहा कि मुद्रा योजना के द्वारा भी सरकार देश की महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा देश की महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है। जिसका उदाहरण द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना है। कहा कि भाजपा जो कहती है उसपर हमेशा अमल करती है। वहीं, झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के संबंध में कहा कि यह महिलाओं के हित का कार्य नही करती है। कहा कि राज्य सरकार ने पिछले पांच वर्ष से महिला आयोग का गठन नही किया है जो दर्शाता है कि हेमंत सोरेन सरकार महिलाओ के लिए संवेदशील नही है। उन्होंने झारखंड में महिलाओं पर प्रतिदिन हो रहे आपराधिक घटनाओं एवं वहशीपन को लेकर चिन्ता जताई और कहा कि हेमन्त सरकार अपराधियों के हाथ का खिलौना बन गई है। सम्मेलन में नीलम चौधरी, इला रानी पाठक, डॉ गीता सिन्हा मानकी, पूनम सक्सेना ने भी अपना विचार रखे। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष शीतल सिंह , संचालन जिला महामंत्री अमिता सेनी एवं रीता मनसाता ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रीति श्रीवास्तव द्वारा किया गया किया। मौके पर विजय जायसवाल, कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, सहदेव ठाकुर,मिथलेश कुमार मंडल, सत्यजीत चौधरी, सुशांत पांडे, ब्रजेश पाठक, रीना चौधरी, सरस्वती देवी, खुशबू देवी, भानु देवी,मीना देवी आदि उपस्थित थे।

# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** माननीय झालसा के निर्देशानुसार शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमे वादो के निस्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कमर्चारी को आवश्यक निर्देश दिए गए एवं पक्षकारों के सुविधा के लिए, 6 बैचों का गठन किया गया।जिसमें सभी क्रिमीनल सुलहनीय वाद, भू अधिग्रहण वाद कैन्टोनमेंट बोर्ड संबंधित मामला, बिजली अधिनियम वाद, क्रिमीनल रिविजन एवं अपिल, मोटर व्हीकल क्लेम वाद, सर्टिफिकेट वाद, फोरेस्ट एवं एक्साइज केस, एन आइ एक्ट वाद, पारिवारिक आय, इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन वाद जैसे बैंक, दुरभाष संबंधित वाद, कंज्युमर फोरम वाद अनुण्डलीय कोर्ट से संबंधित वाद आदि का दोनों पक्षों की आपसी सहमती के आधार पर वादों का निस्पादन हुआ। कुटुम्ब न्यायालय रामगढ़ में कुल 49 पारिवारिक वादों का निस्पादन किया गया।1. प्रथम बेंच के सदस्य 1 संजय कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रामगढ़ 2 आलोक सिंह, न्यायिक दंडधिकारी प्रथम श्रेणी 3. अमरनाथ बांका, पैनल अधिवक्ता डालसा रामगढ़ , 2. द्वितीय बेंच के सदस्य 1.कुसुम कुमारी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, रामगढ़, 2. सुश्री संजीविता गुड़न सीनियर सिविल जज II एवं 3. बीबी जाहिदा खातून, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़। 3. तृतीय बेंच के सदस्य 1. मनोज कुमार राम, मुख्य न्यायिक दण्डधिकारी, 2. सो सिरी आयशा सिंह सरदार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं 3. मनीष कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़। 1. शिव कुमार शुक्ला, अध्यक्ष कन्ज्यूमर फोरम 2. कुमारी मीना सिंह, सदस्य कन्ज्यूमर फोरम एवं 3. जितेन्द्र कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।कोर्ट में लंबित मामलो का निस्पादन- 1101 , समझौता राशि- रूपये 47536520.00 , प्री लिटिगेशन एवं बैंको का कुल निस्पादन- 7752 , समझौता राशि- रूपये 39285925.00 , कुल वादों का निस्पादन- 8853 , कुल समझौता राशि- रूपये 86822445 का निष्पादन किया गया।

## संत अन्ना सोशल सर्विस सोसाइटी, नवाजारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत अन्ना सोशल सर्विस सोसाइटी, नवाजारा द्वारा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक ममता देवी जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।विधायक का महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया गया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विधायक ने कहा महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही सशक्त समाज की बुनियाद है। जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तो पूरा समाज प्रगति करेगा। हम सभी को मिलकर हर महिला को उसके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए कार्य करना होगा।卐कार्यक्रम में संस्था के ब्रदर, सिस्टर एवं फादर सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार रामगढ़ मे महिला दिवस् एंव होली मिलन समारोह मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को सरना ग्रामीण विकास समिति द्वारा



संचालित सरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार रामगढ़ मे महिला दिवस् एंव होली मिलन समारोह मनाया गया । विद्यालय के प्रधान अध्यापक किस्टो महतो ने बच्चो को हिरंकाशयप और प्रह्लाद को कहानी बताएं साथ ही महिला दिवस पर शुभकामन ऐ दिए । विद्यालय के सहायक शिक्ष क सुरेश ठाकुर ने भी बच्चो को सही मार्ग मे चलने और सत्य पर हमेशा विजय प्राप्त होती हैं यही प्रेरणा दिए । विद्यालय समारेह मे उप श्थित शिक्षक/शिक्षिकाए रविंद्र कुमार, अभय रंजन, हेमंती कुमारी, पिंकी कुमारी, कर्मी कुमारी, सोनिक कुमारी, नीता कुमारी, पुनम कुमारी एंव छात्र/छात्रा उपष्थित थे ।

## रामगढ़ भाजपा परिवार ने सांसद मनीष जायसवाल संग केक काटकर धूमधाम से मनाया उनका जन्मदिन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के रामगढ़ दौरे के दौरान उनके जन्मदिन को स्मरणीय बनाने के लिए रामगढ़ जिला भाजपा परिवार द्वारा रामगढ़ परिसदन सभागार में उनका जन्मदिन केक काटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रामगढ़ जिला भाजपा परिवार के सदस्यों ने बड़े ही अपनत्व भरे भाव से सांसद मनीष जायसवाल का सामूहिक रूप से केक कटवाया गया और फ़िर उन्हें पुष्पगुच्छ, पुस्तक भेंटकर और अंग- वस्त्र ओढ़ाकर स्नेहपूर्ण बधाई और शुभकामनाएं दिया गया। भाजपा परिवार के लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल के लिए उत्तम स्वास्थ और दीर्घायु जीवन की ईश्वर से कामना भी किया सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ भाजपा परिवार का इस आत्मीय स्नेह और प्रेम हरे उद्गार के लिए आभार जताया और धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के अमूल्य आशीर्वाद, स्नेह और प्रेम से भावुक, आह्लादित हूँ और आनंदित हूँ ।मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा रंजीत पांडेय, रणजीत सिन्हा,राजू चतुर्वेदी, अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, रंजन सिंह फौजी, मनोज गिरी,सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी,प्रीतम कुमार झा, दिलीप सिंह,सूरज कुमार, बबली सिंह,धनंजय पुटूस,बृजेश कुमार ,योगेश कुमार, बृजेश पाठक सूर्यास्तम श्रीवास्तव, भीम सिंह चौहान, सनी कुशवाहा, संतोष शर्मा, गणेश स्वर्णकार, महेंद्र प्रसाद, संजय शाह, विनोद राम, पंकज शाह, राहुल पासवान ,सूरज वर्मा,नरेश कुमार, विक्की कुमार, मनसुख बेदिया, बबली सिंह, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के



प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया उसे अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजन हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवताः ,अर्थात जहां नारियों का सम्मान और पूजा होती है वहां पर देवता का वास होता है इसलिए हम सब को नारी के प्रति लड़की के प्रति महिला के प्रति आदर और सम्मान भाव हमेशा होनी चाहिए वही मां कल किसी की बेटी है किसी की बहु होती है किसी की मां होती है उसमें सभी बच्चों ने भाग लिया मेंढक रेस में लड़का ग्रुप राहुल कुमार प्रथम द्वितीय दीपक टुडू तृतीय ऋतिक कुमार लड़की ग्रुप मेंढक रेस में खुशबू कुमारी द्वितीय रिया कुमारी तृतीय अलका कुमारी जबकि बोरा रेस लड़का ग्रुप से दीपक टुडू प्रथम नवीन कुमार आदित्य राघव कुमार राज तृतीया चम्मच श्रेष्ठ प्रतियोगिता में प्रथम नवीन कुमार द्वितीय ऋतिक कुमार तृतीय राहुल कुमार चम्मच रेस में लड़की ग्रुप से रिया कुमारी प्रथम पारी कुमारी द्वितीय पल्लवी कुमारी तृतीय बोरा रेस लड़की ग्रुप परी कुमारी प्रथम खुशबू कुमारी द्वितीय पल्लवी कुमारी तृतीय सभी प्रतियोगी को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप इन सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रकाश डाला अवसर पर विद्यालय के सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा गौतम कुमार गुप्ता जेठालाल मांझी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के



अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा हुआ कार्यक्रम का आयोजन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय सांसद मनीष जायसवाल विधायक रामगढ़ ममता देवी विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी विधायक मांडू निर्मल महतो उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी की उपस्थिति में कार्यक्रम को आयोजित की गई। सर्वप्रथम माननीय सांसद मनीष जायसवाल एवं उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी को सम्मानित किया । वही सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के रक्षा एवं सम्मान हेतु शपथ भी लिया।

*एससी/एसटी/ओबीसी काउंसिल ने ग्रामीणों के बीच भंडारा कर मनाया विश्व महिला दिवस*

# सशक्त महिलाएं सशक्त समाज का आधार व विकास करती है : गणेश राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित बीआर अंबेडकर कैंपस में विश्व महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को आॅल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्पलाइ कोर्डिनेशन काउंसिल उरीमारी शाखा कि ओर से भंडारा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व बरका सयाल एरिया के कार्यकारी अध्यक्ष सह वरीय ओवरमैन गणेश राम,पंसस गीता देवी,सीतामुनी देवी, प्रतिमा दास ने किया। वहीं कोल इंडिया खेलकूद प्रतियोगिता में सीसीएल का झंडा ऊंचा करने में अपना अमूल्य योगदान देने वाली सुनीता देवी व टुनिया देवी मुख्य रूप से शामिल हुई। वहीं भंडारे में दुर दराज से आए सब्जी विक्रेता,पत्तल दोना, दातून बेचने आए सभी जरूरत मंदों लोगो के बीच भंडारा स्वरूप खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं काउंसिल के कार्यकारी अध्यक्ष सह वरीय ओवरमैन गणेश राम ने कहा कि समाज की तरक्की का मानक महिलाओं की तरक्की से निर्धारित होती है। सशक्त महिलाएं सशक्त समाज का आधार है। दुनिया तभी प्रगति कर पाएगी जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी। महिला पुरूष में



भेदभाव समाप्त होगा। नारी के बिना संसार अधूरा है। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विस्थापित एवं जन प्रतिनिधि व काउंसिल कि महिलाओ में सोनी देवी, संगीत कुमारी,बेबी देवी,सुनीता देवी, प्रिती देवी,आशमा प्रवीन,रेनू देवी, शांति देवी, फुलमनी देवी, फुलमती देवी,रूसमुनी देवी,शारदा देवी,बिराजो देवी,कौशल्या देवी, कविता देवी, संगीता देवी,कांति देवी, सुनैना देवी, रंजित करमाली,आशीश राम,सुरज कुमार,नुर आलम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में माननीय सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान माननीय विधायक रामगढ़ ममता देवी, विधायक बड़कागांव क्षेत्र रोशन लाल चौधरी, विधायक मांडू निर्मल महतो, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित हुए।इस दौरान सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की सभी को विस्तार से जानकारी दी गई जिसकी क्रमवार समीक्षा करते हुए हर घर जल नल योजना के संबंध में गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के सभी पंचायत में सर्वे कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर माननीय सांसद के द्वारा संबंधित पदाधिकारी को सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर बंद पड़े नलकूप, जल मीनार, बोरिंग कार्य को जल्द ही दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद द्वारा वर्तमान में जिले



में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद के द्वारा वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरररम्मति आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नए कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया।सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी योग्य लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

## महिलाएं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करें : डॉ गीता सिन्हा मानकीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** सेल रिफ्रेक्ट्रीज यूनिट इफिको तथा रांची रोड में शनिवार को विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इफिको सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र की प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ गीता सिन्हा मानकी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आगमन पर इकाई प्रमुख बीबी कांता द्वारा मोमेंटो देकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ गीता सिन्हा मानकी ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं।एक दौर था जब महिलाएं घर की दहलीज से बाहर कदम नहीं निकालती थी। आज महिलाएं पुरुषों से कहीं अधिक कार्यशील हैं। जबकि उन्हें बाहरी कामकाज के बाद घरेलू कामकाज तथा परिवार की देखभाल की भी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। ऐसे में महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉ मानकी ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में कई आवश्यक कारगर जानकारियां भी दी। कार्यक्रम के अंत में मौजूद संयंत्र के सभी महिला कामगारों को इकाई प्रमुख बीबी कांता के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके गुप्ता, महाप्रबंधक (परियोजना) केशरीनंदन, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासनिक) एके सिन्हा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) यश श्रीवास्तव एसआरयू कर्मचारी प्रसेनजीत सिंह, प्राणदीप बक्शी,रूमा दास सहित संयंत्र के काफी संख्या में महिला पुरुष कामगार मौजूद थे।

# मारवाड़ी महिला समिति ने लगाया हेपेटाइटिस बी टीकाकरण शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची रोड स्थित होप हॉस्पिटल में निःशुल्क हेपेटाइटिस बी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिले वासियों को निःशुल्क हेपेटाइटिस बी का टीका लगाया गया।कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा जैन ने बताया हेपेटाइटिस बी एक अत्यंत संक्रामक बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है। इसके साथ ही श्रीमती जैन ने लोगों से अपील कि है उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने भारतवर्ष को हेपेटाइटिस बी मुक्त करने में अपनी महती भूमिका प्रदान करें। साथ ही श्रीमती जैन ने कहा हमारा यह कार्यक्रम हमारी संस्था के सिद्धांत बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को प्रतिफलित करता है । हम अपनी समिति के माध्यम से आगे भी इस तरह का आयोजन करके समाज को रोग मुक्त करने की दिशा में सार्थक प्रयास करते रहेंगे। साथ ही उक्त अवसर पर समिति की बहनों द्वारा स्थानीय गौशाला परिसर में जाकर गायों को लापसी एवं चारा वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने में समिति की अरुणा जैन , सचिव रिद्धि जैन, पुष्पा अग्रवाल आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पतरातु हेसला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत हेंसला पंचायत बिरसा मार्केट मे महिला विकास एवं कल्याण समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला विकास एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष सरिता ठाकुर एवं संचालन कटिया बस्ती पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा किया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बड़कागांव विधानसभा के विधायक माननीय रोशन लाल चौधरी के धर्मपत्नी डॉक्टर रेखा चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीटीपीएस महाविद्यालय के प्रोफेसर निशा कुमारी प्रीति झा उपस्थित थे।मौके पर डॉ रेखा चौधरी ने कहा कि आज हम लोग अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं और इस अवसर पर आज के दिन हम महिलाओं के लिए गर्व की दिन है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन हमारे घर में बेटी का जन्म होता है तो घर में महर्षि छा जाती है ऐसा क्यों हम लोग भेदभाव क्यों करते हैं ऐसा नहीं होना चाहिए नारी का बराबर का दर्जा अगर नहीं देते हैं तो जन्म या प्रजनन करने की शक्ति कम हो जाएगी इसलिए नारी शक्ति रुपे होती है हम लोग अपने घर परिवार को देखते हुए घर का सभी काम करते है आज हमारे देश के राष्ट्रपति माननीय द्रौपदी मुर्मू है। हम अपने आप को कमजोर ना समझे महिला हर रूप से शक्तिशाली होती है शालीनता साली होती है इसलिए सम्मान के पात्र हैं।कार्यक्रम में नागेश्वर ठाकुर,पारिजात कुमारी, कल्पना देवी,पुष्पा कुमारी,राजेश महतो,गणेश कुमार ठाकुर,लूकनी देवी,सिलवंती देवी,संजू देवी,उषा देवी,सपना देवी,सूरज ठाकुर,रेणु देवी,ललिता देवी,सुमन सिंह,सेवल देवी,किरण देवी,अंजली देवी,सुनीता देवी प्रीति देवी इत्यादि

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने शोक व्यक्त किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ सौदागर मुहल्ला निवासी स्वर्गीय उमाशंकर प्रसाद की धर्मपत्नी 94 वर्षीय नीलम देवी का शनिवार को 1:00 बजे निधन हो गया। उनके निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे ! इस दुख की घड़ी में कायस्थ महासभा शोक संतप्त परिजनों के साथ है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला के राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्यों ने भी उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राष्ट्रीय मंत्री अमित कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शंभु प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा,कुंटू बाबू रणंजय कुमार, बामेश्वर प्रसाद,विनोद कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार,जिला महामंत्री राजीव पामदत्त, दीपक सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा, कुंवर बख्शी ,धनंजय वर्मा,सुजीत कुमार सिन्हा पप्पु, मुन्ना श्रीवास्तव, अधिवक्ता आनन्द कुमार सिन्हा,रोहित वर्मा,सूरजदेव प्रसाद कर्ण, सुजीत नारायण सिन्हा, संजय लाला,अनिल कुमार सिन्हा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा , सूर्यवंश श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार सिन्हा,डॉ संजीव कृष्ण जमुआर , विकास कुमार सिन्हा, ज्योति कुमार सिन्हा, योगेन्द्र कुमार सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, अवधेश कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार सिन्हा आदि शामिल हैं।

# नारी की सुरक्षा और सम्मान के प्रति सभी संवेदनशील रहे : जयराम महतो





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के महिला मोर्चा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मायाटूँगरी मंदिर प्रांगण में मनाई गई ! इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो उपस्थित हुए ! इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष जयंती कुमारी, सचिव सीता देवी, कोषाध्यक्ष विनीता कुमारी का अथक प्रयास रहा ! इस कार्यक्रम में टाइगर जयराम महतो ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त नारी शक्ति को हार्दिक शुभकामनाएं, तथा सभी से अपील किये की उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति सभी संवेदनशील रहे !नारी शक्ति केवल सृजन का आधार नहीं, बल्कि संकल्प ,साहस और सफलता की प्रतीक भी है !महिलाएं हर क्षेत्र में नए कृतिमान स्थापित कर रही है ! और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ! हम सभी संकल्प ले की महिलाओं का सम्मान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय, जिला, प्रखंड, पंचायत, व सक्रिय सदस्यों के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## दुलमी प्रखंड के रिझूनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर महाविद्यालय सिरु में शासी निकाय का गठन, स्थानीय विधायक ममता देवी हुई शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड स्थित रिझूनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर महाविद्यालय, सिरु में शनिवार को शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर रामगढ़ की स्थानीय विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई और शासी निकाय के गठन की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान महाविद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर गहन चर्चा की गई।स्थानीय विधायक ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के विकास में शासी निकाय की भूमिका अहम होती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय को हर संभव सहयोग दिया जाएगा, जिससे यहां के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मनोज पुझर प्रधानाचार्य लोचन राम महतो राजनंदन महतोराजेश कुमार ओहदार कामेश्वर महतो संदीप कुमार विकाश कुमार दमारलाल महतो आशीष कुमार अरम रिज़वान कविता कुमारी सुनीता कुमारी सूदन कुमार वीणा कुमारी छोटन कुमार विनोद महतो आदि शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिंटू ने मुख्यमंत्री नीतीश को 32 साल पुरानी तस्वीर भेंट की



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार स्थित पटना मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिल कर धनबाद जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को 32 साल पुरानी तस्वीर भेंट किया। मुलाकात में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो साथ थे। जिसे देख मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त किया और पुरानी यादों के झरोखे में खोकर बीते लम्हों की चर्चा की। इस मुलाकात के उपरांत पिंटू कुमार सिंह ने कहा राजनीतिक जीवन के प्रेरणास्त्रोत हमारे गुरुदेव नीतीश कुमार अभिभावक स्वरूप हैं जिनके बिना मैं शुन्य महसूस करता हूं।

## गुरूदेव श्री श्री रविशंकर का आदिवासी समुदाय ने स्वागत किया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने अपनी 5 दिवसीय बिहार यात्रा की शुरूआत औरंगाबाद से की जहाँ वे 12 साल बाद राज्य अतिथि के रूप में पहुँचे हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने यह जानकारी दी। गुरुदेव इन 5 दिनों में बिहार के कई शहरों- पटना,औरंगाबाद,पूर्णिया, खगड़िया,भागलपुर और गया की यात्रा करेगें, जहाँ लाखों लोग उनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहें हैं। इस ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान,उन्होंने औरंगाबाद के भव्य ग्रामोत्सव कार्यक्रम में हजारों लोगों को संबोधित किया। सभा में आदिवासी समुदाय, ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग, 300 पंचायत प्रतिनिधि और 50 से अधिक सरकारी अधिकारी शामिल थे। उपस्थित गणमान्यों में अशोक कुमार विधान परिषद सदस्य नवादा, सुशील कुमार सिंह पूर्व सांसद, उदय गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद और उदय सिंह, एक प्रसिद्ध समाज सेवक शामिल थे। आदिवासी समुदाय ने परंपरिक ढोल-ढाक की जीवंत धुनों के साथ गुरुदेव का स्वागत किया। प्रसिद्ध गायक जितेंद्र और धर्मेंद्र ने गुरुदेव के सम्मान में एक विशेष गीत प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम और भी स्मरणीय बन गया।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा माँ अस्पताल के माँ डाइग्नोस्टिक सेन्टर में की गई छापेमारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 08 मार्च 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर स्तिथ माँ हॉस्पिटल के माँ डाइग्नोस्टिक सेन्टर में औचक निरीक्षण किया गया।जांच के दौरान पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा माँ डाइग्नोस्टिक के अल्ट्रा साउंड सेन्टर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो कि पीसी एंड पीएनडीटी के नियम का उलंघन है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं उपायुक्त द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा उस सेंटर और यूएसजी मशीन को सील कर दिया गया।उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम एवं एनजीओ से नीता सिन्हा मौजूद थे।

## हैदराबाद पहुंचे बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा से भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो ने हैदराबाद स्थित सुविटास रीहेबिलिटेशन सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने सिंदरी के पूर्व भाजपा विधायक इंद्रजीत महतो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। शत्रुघ्न महतो ने डॉक्टरों एवं परिजनों से भी चर्चा की और इंद्रजीत महतो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि पार्टी और क्षेत्र की जनता उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रही है। इस दौरान श्री महतो ने सेंटर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का भी जायजा लिया और डॉक्टरों से उनके इलाज की पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि इंद्रजीत महतो जल्द स्वस्थ होकर वापस लौट सकें।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

ई-खुली निविदा संख्या:- एसजी-664-5-ई-धनबाद-2024-25

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **(i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के गड़वा रोड (GHD) - महदिया (MHDA) के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का प्रावधान। खण्ड (धनबाद मंडल)। चौबिस (24) महीना। **(ii) अनुमानित लागत:** रूपये 201,61,09,705.09 (मात्र दो सौ एक करोड़ इक्सठ लाख नौ हजार सात सौ पांच रूपये और नौ पैसे मात्र **(iii) अग्रधन जो जमा करना है:** अग्रधन राशि रूपये 1,00,00,000.00/- (मात्र एक करोड़ रूपये मात्र) **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय:** 08/04/2025 अपराह्न 12.00 तक एवं 08/04/2025 अपराह्न 12.30 बजे **(v) वेव साईट विवरण एवं कार्यालय का पता (निविदा से संबंधित अतिरिक्त जानकारी या अतिरिक्त दस्तावेजों के लिए:** वेव साईट **www.ireps.gov.in** कार्यालय का पता (1) कार्यालय- उप-मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ द्वितीय तला, डी आर एम कार्यालय /पूर्व मध्य रेल, धनबाद, झारखण्ड- 826001 (2) कार्यालय- प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर, तृतीय तला, जी एम (एस० एण्ड टी०), प्रमुख प्रबन्धक कार्यालय न्यू बिलडिंग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, बिहार-844102

**उप-मुख्य मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/02264/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24-25/40


# खनन संबंधित विधि-व्यवस्था का मुद्दा कतई बर्दाश्त योग्य नहीं : उपायुक्त

**➪ अवैध खनन की रोकथाम में बीसीसीएल भी करें सहयोग**

**➪ हर महिने स्थानीय स्तर पर बैठक करने का निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि खनन से संबंधित विधि-व्यवस्था का मुद्दा कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी संयुक्त रूप से जवाबदेही होंगे। बीसीसीएल भी सतर्क रहे और यह सुनिश्चित करें कि अवैध खनन को लेकर जिले में विधि व्यवस्था नहीं बिगड़े। अवैध खनन रोकने में थाना और अंचल को सहयोग करें। अवैध खनन के कारण होने वाली घटना की विस्तार से जांच करें। जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करें उपायुक्त ने कहा कि कुछ लोग जीएसटी का दुरुपयोग कर अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं। जिस कारण सरकार को राजस्व की हानी होती है। इस दिशा में सभी सतर्क रहे। बीसीसीएल भी इसमें सक्रिय रुप से सहभागिता सुनिश्चित करें। वहीं उपायुक्त ने हर महीने स्थानीय स्तर पर थाना, अंचल, बीसीसीएल तथा सीआइएसएफ को बैठक कर क्षेत्र के ज्वलंत मामलों पर चर्चा कर समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा इंटेलिजेंस फैलियर न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि कोयले का खनन बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। विधि व्यवस्था बिगाड़ने के लिए कई असामाजिक तत्व सक्रिय हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही खनन क्षेत्र में वैध एवं अवैध रूप से रह रहे लोगों की जानकारी प्राप्त कर उनके संबंध में रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। जिससे लोगों को खनन क्षेत्र से सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने की दिशा में कार्य किया जा सके तथा भविष्य में किसी तरह के हादसे से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने अवैध खनन के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी रखने, इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि खनन स्थल पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका पर त्वरित धारा 163 भा.ना.सु.सं. के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का आवेदन दे। आवेदन नहीं देना घोर लापरवाही मानी जाएगी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने खनिजों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध खनन कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।बैठक में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) श्री एम.के. रमैया ने कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध की गई छापामारी, अवैध खनन के हॉटस्पॉट, अवैध खनन स्थल पर की गई डोजरिंग पर प्रकाश डाला। बैठक में सीआईएसएफ के कमांडेंट तपन पोद्दार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, एसडीपीओ निरसा रजत मानेक बाखला के अलावा सभी अंचल के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के विभिन्न एरिया के महाप्रबंधक उपस्थित थे।

## जेपी कॉलेज ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस ने महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बायपास रोड बलियापुर, कोला कुसमा स्थित जेपी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में सम्मान समारोह आयोजित कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जेपी हॉस्पिटल और जेपी कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में कार्यरत महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं के उन्नति, उत्थान एवं मरीजों की दिन रात सेवा के लिए प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉ मिमी मंडल, कॉलेज की प्राचार्या ने संयुक्त रूप से केक काटा। जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस परिसर में एक्सीलरेट पावर थीम पर बहुत ही आकर्षक रंगोलिया लोगों को बेहद आकर्षित कर रही थी। जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च एवं जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्हें सम्मानित करना है। इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डॉ मिमी नित्यानंद मंडल ने कहा यह दिन महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे सबसे खास बात भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरुप माना गया है। जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च एवं जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा महिलाएं पुरुषों के अनुरूप हर क्षेत्र में महिलाएं अलग पहचान बना रही है और आगे इसी तरह महिलाओं को जागरूक होना है तभी समाज और देश का स्वर्णिम विकास संभव है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने के लिए उनके हौसले को दें उड़ान : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए हर माता-पिता को उनके हौसले को उड़ान देनी चाहिए। समाज में यह गलत धारणा है कि बेटा ही परिवार का सहयोग करेंगे। जबकि वर्तमान परिस्थितियों में देखा गया है कि बेटियां अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। मुसीबत में माता पिता और परिवार का सहारा बन रही है।यह बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण शाखा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर आयोजित समारोह में बतौर मुख्या अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति इस सोच में परिवर्तन लाना है। माता-पिता अपनी बेटियों को उचित मार्गदर्शन दें। आगे बढ़ने के लिए सहयोग करें। उन्हें अच्छी शिक्षा दें। शिक्षा ही बेटियों को इस दुष्चक्र से बाहर निकालेगी। उपायुक्त ने सभी बेटियों को जीवन में अपना लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत करने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी तो वे आत्मनिर्भर बनेगी। परिवार और समाज में उनकी कद्र होगी। समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने को कभी कमजोर नहीं समझे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत स्वयं अपने घर से करें। बेटियों को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में समर्पित कला मंच के कलाकारों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बहुत ही मार्मिक नाटक पेश किया। निर्देशक हारून रशीद के निर्देशन में एसएम मेहंदी, सेराज खान, रेशमा बानो, सुनीला कुमारी, मो अफरीदी, सना परवीन, मो शाहिद व पंकज मिश्रा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।वहीं 16 सेविका एवं 15 महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया। मैट्रिक और इंटर परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाली 6 टॉपर बालिका को सम्मानित किया गया। 6 नवजात शिशुओं की माताओं के बीच पालना का वितरण किया गया।

## राजकमल विद्या मंदिर में फाल्गुन महोत्सव 12 मार्च को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड एवं धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा आगामी 12 मार्च दिन बुधवार को संध्या 5॰00 बजे से भव्य फागुन महोत्सव का आयोजन राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार में किया जाएगा। सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में धनबाद जिले में निवास करने वाले सभी समाज बंधुओ को आमंत्रित किया गया है। साथ ही समाज की जितनी भी संस्थाएं हैं चाहे वह मारवाड़ी युवा मंच हो या महिला समिति हो सभी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मारवाड़ी युथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णता निःशुल्क है एवं आने वाले अतिथि के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ अल्पाहार एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई है। मारवाड़ी सम्मेलन के प्रमंडलीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि होली का त्यौहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है हम सभी समाज बंधु से आग्रह करते हैं। इस होली मिलन के त्यौहार में सभी भेदभाव एवं समाज में उत्पन्न कुरीतियों को मिटा कर धूमधाम से राधे कृष्ण के संग फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे का संदेश अग्रसर करें। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रोहित राज म्यूजिकल ग्रुप की टीम राजस्थान से आकर अपनी ढप चंग की धाप की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मन मोह लेगी। इनके साथ कोलकाता एवं रांची से भी कलाकार उपस्थित रहेंगे। मौके पर मारवाड़ी युथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महासचिव अरविंद सतनालीका, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, महासचिव सीए ललित झुनझुनवाला, प्रमंडलीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सीए विनय अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल उपस्थित थे।


**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर-DOPR/DE/Ranchi/29/2024-25

| S. No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | "New Construction of Dinning with Kitchen 100 Capacity Building (South Campus)24-25 at SIRD Ranchi Jharkhand" | 73,38,200.00 | 1,47,000.00 | 10,000.00 | छः माह |

नोट :-केवल ई-टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि-20.03.2025
3. ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय-21.05.2025 से 27.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **निविदा खोलने की तिथि-28.03.2025 को 5.00 बजे अपराह्न।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता-जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची। ई-निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0-7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. **निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।**
10. **इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।**

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रॉंची।

**PR 348160 Panchayati Raj(24-25)#D**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**WATER WAYS DIVISION NO.2, HAZARIBAG.**

**Very Short e-Procurement Tender Notice No.- 14/2024-25- D.M.F.T.**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Various Construction Works for Renovation of Primary School, Beladohar under Barhi Block | 55,83,750.00 | 3 Months |
| 2. | Various Construction Works for Renovation of Govt. Middle School, Bendgi under Barhi Block | 60,77,410.00 | 3 Months |
| 3. | Various Construction Works for Renovationof Upgraded Primary School, Bhagwanbagi under Barkagaon Block | 61,13,780.00 | 3 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 12.03.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 22.03.2025 up to 4:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 22.03.2025 up to 4:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 24.03.2025 at 05:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division No.2, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-298163, 7903709450 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eewwdchak2-cer-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Water Ways Division No.2,**
**Hazaribag.**

**PR.NO.348170 Water Resource(24-25):D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**
**(कल्याण अन्तर्गत)**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 56/2024-25

1. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :- दिनांक 15.03.25 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :- दिनांक 17.03.25 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 17.03.25 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राषि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय बुण्डू स्थित 50 शैय्या आर्यभट्ट छात्रावास एवं चाहरदिवारी का मरम्मति कार्य। | 44,26,600.00 | 89,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

Note ; ITDA, Self Electrical Licence Affidavite के साथ ।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 - 1, राँची

PR 348133 (NREP)24-25*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-29/2024-25**
**Letter no - 266** **Date :- 08.03.2025**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction work of toilets, library building and other miscellaneous works in Project High School, Gauriyakarma, Block- Barhi, Dist.- Hazaribag. | 1,37,71,400.00 | 11 Months |
| 2. | Construction work of boundary wall, gate, toilet etc. of Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya, Chouparan, Block- Chouparan, Dist.- Hazaribag. | 1,54,93,500.00 | 11 Months |
| 3. | Constuction works like hostel etc. at Kasturba Gandhi Girls School, Chouparan, Block- Chouparan Dist.- Hazaribag. | 2,05,62,500.00 | 11 Months |
| 4. | Construction of four rooms and other works in Middle School, Gauriyakarma, Block- Barhi ,Dist.- Hazaribag. | 91,57,400.00 | 11 Months |
| 5. | Miscellaneous construction work for the upgradation of Shepherd Primary School, Gauriyakarma, Block- Barhi Dist.- Hazaribag. | 43,41,300.00 | 11 Months |
| 6. | Construction works for upgrdation of Upgraded Middle School, Bargadda, Block- Katkamsandi, Dist.- Hazaribag. | 66,42,600.00 | 11 Months |
| 7. | Miscellaneous construction works for Renovation of Upgraded Middle School, Adar, Block- Padma, Dist.- Hazaribag. | 99,19,500.00 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 26.03.2025 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 05.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 05.04.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 07.04.2025 at 03:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag.**

PR 348173 (Minor Irrigation)24-25*D

### लोहरदगा: चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल T20 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन

# लोहरदगा के खिलाड़ियों को विश्व पटल पर पहुंचाना मेरा लक्ष्य : धीरज प्रसाद साहू












**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बीएस कॉलेज निकट स्थित स्टेडियम में 8 मार्च दिन शनिवार को साहू परिवार एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे एलपीएल चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन। जिसमें मुख्य रूप से इंटरनेशनल क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह एवं सुरेश रैना उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के चित्र पर पुष्पार्जन कर फाइनल मैच का किया शुभारंभ। एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि इस सफल आयोजन के लिए लोहरदगा जिले की तमाम लोगों सहित संगठन के पदाधिकारीयों एवं आयोजन में भाग लिए आठो टीम, प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन व मीडिया जो चारों दिन विशेष कवरेज देने को लेकर उन्होंने विशेष आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे बड़े भाई स्वर्गीय श्री प्रसाद साहू का सपना था की लोहरदगा जिला एक खेल हब के रूप में जाना जाए जिसे मैं और मेरे पूरे परिवार उनके सपने को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा हूं। आप सभी के सहयोग से मैं खेल के क्षेत्र में लोहरदगा के खिलाड़ियों को विश्व के पटल पर रखने का पूरा प्रयास करूंगा। लोहरदगा जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करते हुए उन्हें सही प्लेटफार्म देने का काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत कोई मायने नहीं रखता इस प्रतियोगिता में आठों प्रतिभागी का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा हारने वाले टीम से मैं खास निवेदन करना चाहता हूं की आप अपनी खेल के पीछे छुपा प्रतिभा को और उभारने की जरूरत है कामयाबी आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला छोटा है परंतु खेल के क्षेत्र में आगे है। इसमें हमारे बड़े भाई स्व शिव प्रसाद, नंदलाल साहू तथा परिवार का अहम योगदान है। कहा कि यह स्टेडियम राज्य स्तर का है। खिलाड़ियों के लिए यहां तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। जिले के खिलाडी भी यहां प्रेक्टिस कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोहरदगा का नाम रौशन कर सकते हैं।

**इस तरह का आयोजन होने से लोहरदगा के खिलाड़ियों को मिलेगा प्लेटफार्म : राधा कृष्ण किशोर**

झारखंड वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि इस आयोजन के लिए धीरज प्रसाद साहू को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन होने से लोहरदगा के खिलाड़ियों को मिलेगा सही प्लेटफॉर्म। उन्होंने कहा कि साहू परिवार खेल के साथ-साथ राजनीतिक सामाजिक के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं जो सराहनीय कदम है इनकी जितनी भी गाथा गाए वह कम है। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर भविष्य है। खिलाड़ी अनुशासन में रहकर पढ़ाई करते हुए भी इसमें करियर बना सकते है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। वहीं कोलकाता से पहुंची चीयर्स गर्ल्स ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। आकर्षण इतनी थी कि कई दर्शक चौके व छक्के पर क्रिकेटर को नहीं बल्कि चीयर्स गर्ल्स की ओर टकटकी लगाए रहे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी श्री हरभजन सिंह एवं श्री सुरेश रैना के साथ सम्मिलित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला खिलाड़ियों को क्रिकेट कीट देकर सम्मानित किया। खेल का रोमांचक अपडेट्स कमेंट्री करती मुंबई की मिस नमिता साथ में दुर्गेश साहू द्वारा किया गया।

**आज के फाइनल मैच में झारखंड और बंगाल के बीच हुआ कड़ा मुकाबला, झारखंड ने मारी बजी**

टॉस जीतकर कलकत्ता की टीम ने पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। वहीं जेएससीए की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 222 रन बनाए। टीम की ओर से अरविंद कुमार 152,श्रेष्ठ सागर 19, विराट सिंह 18 रनों का योगदान दिया। वहीं कलकत्ता के गेंदबाज सक्षम चौधरी 2 विकेट, अंकुर, एरका और प्रियांशु ने एक एक विकेट प्राप्त किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कलकत्ता की टीम 17 ओवर में 166 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सुप्रोदीप देवनाथ 36, एशीक पटेल 34, दीपक 33, कुमार अश्विन 27 रनों का योगदान दिया। वहीं जेएससीए टीम के गेंदबाज बाल कृष्ण 3, अभिषेक यादव 3, साहिल और रौनक एक एक विकेट प्राप्त किया। इस तरह जेएससीए टीम ने फाइनल मुकाबला 57 रनों से जीत दर्ज की। इसके पूर्व हरभजन सिंह एवं सुरेश रैना के बीच फैंसी मैच का हआ आयोजन जिसमें दर्शकों ने उठाया भरपूर आनंद। मौके पर मुख्य रूप से एसोसिएशन अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, राहुल साहू, वंदना साहू, मनु साहू, दुर्गेश साहू, रोहित साहू, हर्षित साहू, रुची साहू, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, डॉ. रामेश्वर उरांव, प्रदेश प्रभारी श्री केज़राजू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश प्रसाद, विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक सिमडेगा भूषण बाडा, उदय शंकर प्रसाद साहू, संजय प्रसाद साहू, मदन मोहन पांडे, प्रदीप बालमुचूरांची,रेंज के आईजी अखिलेश झा, लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमां, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत,एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एफडी इंटरप्राइजेज के प्रोपराईटर हाजी हब्दुल जब्बार, एसोसिएशन सचिव आलोक राय, निशीथ जायसवाल, रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार, अमित कुमार के अलावे जिले के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। जिनमें मुख्य रूप से भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, विशाल महेंद्रु, रतिंद्र नाथ राय, सतीश वर्मा, प्रवीण प्रसाद, संदीप गुप्ता, संजय बर्म्मन, विशाल डुंगडुंग, आकाश कुमार, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा, रेहान अख्तर, असलम अंसारी, दानिश अली, अंसार अहमद सहित अन्य काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत ने किया मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन, लोगों को मिलेगी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सुखदेव भगत ने आज सदर अस्पताल परिसर में मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि यह मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन (मल्टी स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक्स मोबाइल मिनी हॉस्पिटल) के जरिये उपलब्ध होगा जिसमें जिला के सुदूरवर्ती गांवों में, जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहां इस वैन के जरिये मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क होगी। लोग अपनी मेडिकल जांच करा सकते हैं, दवाइयां ले सकते हैं। इस मेडिकल वैन में चिकित्सक, एक्स-रे मशीन, दवाइयां, लैब उपलब्ध है। यह वैन जिला के सभी प्रखंडों के सभी गांव में जायेगा। इस वैन की उपलब्धता कोल इंडिया द्वारा सुनिश्चित की गई है। इसका संचालन एपीरोन संस्था द्वारा किया जा रहा है। आज इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, एपीरोन संस्था के डॉ पद्म चरण बहेरा,सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद समेत अन्य उपस्थित थे।

## महिला और पुरुष जीवन के दो पहिए हैं : महेश कुमार सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 08 मार्च 2025 महिलाओं का सहयोग और पुरुषों की मानसिकता में बदलाव से ही देश और दुनिया का विकास संभव है, क्योंकि महिला और पुरुष जीवन के दो पहिए हैं। यह बात अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसियेशन, जिला शाखा-लोहरदगा के तत्वावधान में पेंशनर भवन समाहरणालय परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में उभर कर आई। कई वक्ताओं ने अपने जीवन में घटित घटनाओं का वर्णन करते हुए देश-दुनिया में महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो को विस्तार से सदन में प्रस्तुत किया तथा भविष्य में जिला प्रशासन से एक जगह महिलाओ को एकत्रित कर जागरूक और प्रेरित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 91 वर्षीय महिला सूर्यमुखी कुजूर ने की तथा समाहरणालय के कई विभाग सहित, शिक्षा विभाग, नगर परिषद तथा पेंशनर समाज की महिलाओं ने संबोधित किया। साथ ही अगले वर्ष महिला दिवस धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया। महेश कुमार सिंह ने महिला दिवस के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित तमाम महिलाओं का अभिन्दन एवं स्वागत किया।

## फूलो झानो आशीर्वाद अभियान ने बदली बिरसमुनी की तकदीर



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा जिले के पाकरटांर प्रखंड, गांव- टकबा की रहने वाली बिरसमुनी देवी वर्ष 2017 में जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी। आजीविका के रूप में वह अपनी छोटी सी जमीन पर खेती बाड़ी का काम करती थी। लेकिन खेती कम मात्रा में करने से बहुत ही कम आमदनी होने के कारण इनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब होती चली गई। मजबूरी बस इन्होंने वर्ष 2021 में हड़िया, दारु बेचने का निर्णय लिया और घर पर ही हड़िया दारु बनकर बेचने का काम करने लगी। प्रतिदिन शाम के समय हड़िया दारू पीते हुए घर के बाहर शराबियों द्वारा झगड़ा- झंझट एवं गाली- गलौज से तंग आकर उन्होंने अपने समूह में अपनी समस्याओं को रखा। तभी नवजीवन सखी, जेंडर सीआरपी एवं बी डी एस पी कैडर के द्वारा दीदी को हरिया दारु बनाने और बिक्री से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में अवगत करा कर जागरूक किया गया एवं अन्य आजीविका के विकल्प तलाशने हेतु प्रेरित भी किया गया। इसी क्रम में फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बिरसमुनी देवी को 20000 रुपया एक वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण मिला साथ ही समूह से 30000 रुपया का ऋण लेकर बिरसमुनी ने बकरी पालन का कार्य प्रारंभ किया। आज उनके पास कुल 35 वयस्क बकरियां एवं 14 छोटी बकरियां हैं जिसे बेचकर उन्हें अतिरिक्त आमदनी की प्राप्ति होती है। इस प्रकार वर्ष में खेती बाड़ी के माध्यम से 45000 रुपए एवं बकरी पालन के माध्यम से ?40000 तक की कमाई कर लेती हैं। या यूं कहें बिरसमुनी देवी साल में 85000 रुपए की कमाई करती हैं।बिरसमुनि यह कहती हैं की हड़िया दारु की बिक्री छोड़ने से समाज एवं गांव में उनका आत्म स्वाभिमान बढ़ा है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बिरसमुनी देवी का भी चयन किया गया है साथ ही उन्हें गुणात्मक आजीविका से जोड़ने हेतु अन्य विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** छोटानागपुर कल्याण निकेतन और इब्तिदा नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च 2025 को ठेठईटांगर प्रखंड के मेरोमडेगा पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की सचिव प्रियंका सिन्हा ने किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व, इसके उद्देश्य, महिलाओं के अधिकार, महिला सशक्तिकरण और जेंडर आधारित हिंसा के उन्मूलन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। साथ ही, इन विषयों पर विस्तृत चर्चा भी की गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर भी जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के अनाथ या एकल अभिभावक वाले बच्चों को सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की पहल भी की गई, ताकि उन्हें आवश्यक सहायता और संरक्षण मिल सके।

# प्रधानमंत्री नलजल योजना में भारी गड़बड़ी को लेकर कमिटी ने की जांच की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** जिले के कैरो थाना क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने और आसानी से शुद्ध पानी पीने का हर व्यक्ति को उपलब्ध हो सके इसके लिए केन्द्र सरकार एवं झारखण्ड सरकार मिलकर कई महत्वपूर्ण योजना ग्रामीण क्षेत्रों में चला रही है जिसमे भारी लापरवाही बरती गई है। जैसे प्रधानमंत्री जल नल,मुख्य मंत्री जन जल योजना के साथ चापानल हैंडपम्प निर्माण जैसे योजना चल रही है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की जल नल योजना निवेदा निकाला गया है। जहां कई संवेदक द्वारा कार्य किया जा रहा है और दो वर्षों बाद भी महत्वपूर्ण योजना को पूर्ण कर चालू नहीं कर पाया गया है। इस आने वाली गर्मी में ग्रामीणों को शुद्ध पानी आसानी से नही मिलेगी। ग्रामीणों की सुविधा देखते हुये जिला परिषद बोर्ड ने एक जाँच कमिटी का गठन किया गया है। कमिटी के सदस्य सुखदेव उरांव जिला परिषद सदस्य कैरो श्री राम उरांव प्रमुख कैरो, छद्रा भट्टाचार्य बीडीओ ने मिलकर कर 24/2/025 को नरौली पंचायत के नरौली पाचागाई अम्बवा नगजुआ चरिमा, 6/3/2025 को सढाबे पंचायत के एड़ादोन,टाटी खरता प्रखण्ड के कई गांव के अनेको निर्माण कार्य योजना कि जाँच किया गया।जिसमें कई आनियमिता घटिया कार्य एवं कामिया पाया गया है।जैसे कही कहीं बोरिंग सफल पाया गया,ज्यादा बोरिंग खराब है, कुछ पूराना बोरिंग में ही सोलर टंकी का निर्माण किया गया,अधिक मात्रा में जमीन लेवल पर ही टंकी का स्वरूप ढांचा खड़ा कर छोड दिया गया है।कही कही पर सोलर भी नहीं लगाया है। मोटर, समरसेबल स्टाटर मशिन, घर घर पाईप नल आदि लगाया है। जबकि सफल बोरिंग है वहाँ पर भी पाईप लाईन नही लगाया गया है। जहां बोरिंग खराब पड़ी है वहां पाइप को ऊपर से ही फेंक दिया गया है जैसे कई लापरवाही बरती गई है।नलजल योजना पूरी तरह से आधुरा पड़ा है जो की विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही है। पेयजल क स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा संवेदक के उपर कारवाई करें और ग्रामीणों को शुद्ध पानी देने की व्यावस्था बनाई जाय।वही विभाग द्वारा कार्य निर्माण हेतु जो लाखो राशि का उपयोग हुआ है उसे वापस वासुली करें और संवेदक का निबंधन को काली सूची में डालने का काम करें। अम्बवा पाचागाई चरिमा, नगजुआ 7 वर्षों से नंदिनी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से शुद्ध पानी सफलाई बन्द है नन्दनी नदी से कैरो पंचायत के कई गांव के साथ सुकुरहुटू, उमरी, सिंजो बारडीह उत्तका कैरो आदि गांव को कैसे वाटर ट्रीटमेट प्लांट से 8 वर्षों में पानी सप्लाई बन्द है।इस दौरान जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, श्री राम उरांव, वीडियो छद्रा भट्टाचार्य, रेहान अंसारी, प्रवीण साहू, समसुदीन अंसारी,सढ़ाबे मुखिया सुमित्रा देवी के साथ अन्य लोगों ने विभाग से जाँच कर इस तपती गर्मी में पानी देने का काम करें और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।




# महिलाओ की बेहतर स्थिति और उपस्थिति सभ्य समाज का प्रतिबिंब है : इंद्रजीत भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुडू एवं लोहरदगा के बीएड और डी एल एड संकाय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी कुन्दन गिद्ध द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ बृजेश कुमार रांची विश्विद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में निर्णय लिए गए। जिसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमो और इस वर्ष की थीम कारवाई में तेजी लाना से संबद्ध विविध क्रिया कलाप आयोजित कराए गए। नुक्कड़ नाटक के द्वारा काजल, लिली, किरण, सुधा, सविता, अनुषिका, रानी और साथियों ने महिलाओं को कैसे धर्म, संस्कृति, समाज और परिवार आदि के नाम पर उनको जकड़ दिया जाता है उनकी आजादी छीन ली जाती है जिसे संविधान द्वारा सभी को मौलिक अधिकार देकर समाप्त किया गया है प्रभावी रूप से दर्शाया गया। निबंध, चित्रकला, क्विज आदि प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम से तृतीय स्थान हर्षित, खुशबू, बेला, पल्लवी, एंजेल, मेघा, काजल, सबा, सोनिया, सोनाली, रोशनी, वीना को मिला जिन्हे सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया और कहा गया कि किसी खुशहाल देश और परिवार में महिलाओ की भूमिका पर अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्यों कि वे पहली गुरु होती हैं अतः महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा के साथ साथ अविराम उन्हें निरंतर आर्थिक मोर्चे पर भी सशक्त बना रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, ममता, तबस्सुम, आरती, जंगबहादूर, आफताब, पवन, मनु, शशि, प्यारी, शिवशंकर, चिनीबास, संदीप, आदि उपस्थित रहे और बधाइयां दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन,1216 केसों का किया गया निष्पादन, 1,97,71,717 रूपए की हुई वसूली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 को वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा,प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सब जज द्वितीय श्रीमती अर्चना कुमारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती जया स्मिता कुजूर, एसपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने बताया कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में डालसा लोहरदगा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उर्सलाइन कॉन्वेंट और डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पीएलवी नेम्हंति मिंज को कार्य को अच्छे ढंग से संपादित करने के लिए पुरुस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफलता पूर्वक करने के लिए छह बेंच का गठन किया गया था। जिसमें बेंच संख्या एक इलेक्ट्रिसिटी एक्ट मामले के लिए जिला जज प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, बेंच संख्या दो फैमिली वाद, एमएसीटी केस, क्रिमिनल अपील, सिविल अपील और मेट्रिमोनियल केस के मामलों के लिए जिला जज द्वितीय निरजा आसरी, बेंच संख्या तीन एमवी एक्ट, म्युनिसिपल, लेबर, रेवेन्यू, सर्टिफिकेट केस सहित अन्य मामलों के लिए सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, बेंच संख्या चार एनआई एक्ट, एक्साइज केस, मिनिमम वेजेज केस सहित अन्य मामलों के लिए सीजेएम केके मिश्रा, बेंच संख्या पांच बीएसएनएल, बैंकों के मामलों के लिए जेएम प्रथम श्रीमती जया स्मिता कुजूर और बेंच संख्या छह कंज्यूमर फोरम के लिए कंज्यूमर फोरम के सदस्य नन्द लाल प्रसाद के नेतृत्व में बेंच का गठन किया गया। वहीं उन्होंने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में कुल 1216 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 1,97,71,717 रुपए की वसूली हुई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 219 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। मौके पर डीजे प्रथम श्री अखिलेश कुमार तिवारी, पीएलए चेयरमैन शिव कुमार, एसडीओ अमित कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी, अधिवक्तागण, बैंक कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## महिलाओं के विकास के लिए उन्हें समान अवसर देने की जरूरत है : दीपिका पांडेय



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर द रांची प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और वरिष्ठ पत्रकार अनूज सिन्हा उपस्थित थे। रांची प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में महिला पत्रकारों को मंत्री दीपिका पांडे सिंह द्वारा महिला पत्रकारों को मोमेंटो, और शॉल पहना कर सम्मानित किया। संचालन प्रेस क्लब के महासचिव अमरकांत ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह पांडे ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए समान अवसर देने की जरूरत है उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में सिर्फ पुरूष ही रहते थे लेकिन अब समय बदल गया है। अब इस क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आ रही है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि क्लब का उद्देश्य है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका मनोबल को बढ़ाया जा सके। क्लब के महासचिव अमरकांत ने कहा कि महिला पत्रकार समाज के लिए और मीडिया हाउस में कार्य करने वाली दीदी पत्रकारों के लिए सेवा देती है। इस मौके पर प्रेस क्लब की पूर्व कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका, रुपम सहित वरिष्ठ पत्रकार शर्मिष्ठा , रेखा पाठक,करबी दत्ता,शुष्मा, शुष्मा सिन्हा, काजल,पूजा, लता,आरती सिंह, नेहा, गौरी रानी, सुनिता मुंडा, जयंती कच्छप, आकांक्षा, महक, कृति, करिश्मा एवं कई महिला पत्रकार शामिल हुई, सभी को सम्मानित किया गया। वहीं प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरी, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, पूर्व सचिव जावेद अख्तर ,पूर्व उपाध्यक्ष पिन्टू दूबे, कार्यकारिणी सदस्य सजय सुमन, चंदन भट्टाचार्य, मोनू व शकील अख्तर उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया पोस्टल/ आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 8 मार्च को महिला दिवस के मौके पर ऑल इंडिया पोस्टल/ आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन, झारखंड की बैठक साधन कुमार सिंहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। महिला दिवस की बधाई दी गई . इस मौके पर बी बारा,हसीना तिग्गा और फूलमणि बिलोंग ने अपनी बात रखते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया. और एसोसिएशन में महिलाओं की समुचित भागीदारी की बात उठाई और उनकी सक्रियता पर चिंता भी व्यक्त की. सभा को एम जेड खान,साधन कुमार सिंहा, एस पी मंडल,शमीम अख्तर,जेठू बड़ाइक,गणेश चंद्र डे आदि ने संबोधित किया.पूना में 12 अप्रैल को केंद्रीय कार्यकारिणी की आहुत बैठक में झारखंड का प्रतिनिधित्व एम जेड खान, देव चरण साहू और शमीम अख्तर करेंगे. बैठक की मुख्य उपस्थिति काशी नाथ कश्यप, त्रिलोकी नाथ साहू,रमेश दुबे, एन के वर्मा, जयराम प्रसाद, मारखन महतो,गोपाल साहू, अमरनाथ मिश्र, जेठू बड़ाइक, इसहाक मिंज,गोपाल साहू,मो नौशाद,बलदेव साहू,दीपक वर्मा,त्रिपुरारी शरण,संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# एसपीडी कॉलेज में एनएसएस द्वारा महिला दिवस आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के तत्वावधान में शनिवार को महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर एक्सीलरेट एक्शन विषय पर परिचर्चा की गयी। साथ ही महाविद्यालय की छात्रा सिमरन सोनी को पेन्टिंग के क्षेत्र में बेहतर करने पर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चैबे ने कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरुरत है। महिलाओ ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। उन्होने कहा कि नारी केवल एक शब्द नही बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा की हमारे महाविद्यालय की बेटियां आज प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं। पेटिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए सिमरन सोनी को आज सम्मनित किया जा रहा है। प्रो. विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का स्वरुप माना गया है। शास्त्रो में कहा गया है कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। डा. अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं फिर भी कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। डा. संजीव मिश्रा ने कहा कि अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। धन्यवाद ज्ञापन डा. बिनोद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रो. शबनम खातून, रागिनी कुमारी, जया कुमारी, शुभम केशरी, रचित गुप्ता, रीचा कुमारी, पायल कुमारी आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड भ्रातृ संघ ने मनाया महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था उत्तराखंड भ्रातृ संघ ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस मौके पर महिला दिवस के महत्व तथा समाज व परिवार के प्रति महिलाओं के योगदान की चर्चा की गई। महिलाओं ने अपने विचार रखे। सभी को उपहार दिए गए। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसमें पुरुषों ने भी हिस्सा लिया।

# आईसीटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर तौहीद द्वारा दो जगहों पर किया जा रहा ड्यूटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड में आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) का मुख्य उद्देश्य शिक्षा तंत्र को मज़बूत करना और छात्रों को आधुनिक तकनीक से लैस करना है.

आईसीटी के ज़रिए शिक्षण को रोचक बनाना है जबकि वही कुछ लोगों द्वारा शिक्षा में भी व्यवसाय के रूप में इस्तेमाल कर सरकार तथा छात्रों का उम्मीदों पर पानी फेरा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला में तौहीद अंसारी नामक एक युवक द्वारा दो अलग अलग जगहों पर ड्यूटी करने का मामला प्रकाश में आया है, जो शिक्षा विभाग की मिलीभगत से ही संभव नजर आ रहा है। तौहीद एक तरफ अपने विद्यालय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सह आईडियल पब्लिक स्कूल जरही डंडई जिसका यू डायस कोड 20011200111 के निदेशक है वही दूसरी तरफ झारखंड में सरकार द्वारा बच्चो को कंप्यूटर की शिक्षा देने के लिए एक्ट्रामार्क्स प्राइवेट कंपनी द्वारा सरकारी विधालय में लगे कंप्यूटर के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने पद पर भी कार्य कर रहा है।

जो कि दो अलग अलग जगहों पर एक व्यक्ति का काम करना असंभव है। वही सरकारी राशि का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। साथ ही इससे बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होगी।

### क्या कहते है जिला आईसीटी प्रभारी

इस बाबत पूछे जाने पर जिला आईसीटी प्रभारी नीरज सिन्हा ने बताया कि वे स्कूल के निदेशक है इसकी जानकारी नही है लेकिन आईसीटी में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने पद पर कार्य कर रहे है। जांच किया जायेगा जांचोपरांत कार्यवाई की जायेगी।

### क्या कहते है जिला शिक्षा पदाधिकारी

इस बाबत पूछे जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी केशर राजा ने बताया कि अभी ऐसी कोई जानकारी नही मिली यह जांच का विषय है जांच कराते है, कार्यवाई की जायेगी।

# जीवन में खेलकूद की बड़ी अहमियत : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# शादाब राईन की मृत्यु दुखद प्रथम महापौर अरुणा शंकर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर में आए शादाब राईन जो लेबर के कार्य हेतु ईरान में थे, का पार्थिक शरीर पहुंचते ही अंतिम दर्शन हेतु काफी संख्या में नगरवासी उनके आवास पर पहुंचकर मिट्टी मंजिल के लिए गए। अंतिम दर्शन हेतु पहुंचे प्रमुख लोगों में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष आजाद खान, सोहेल भाई, मुमताज खान,जीशान खान, फिरोज अंसारी,शाहरुख राईन कमाल मुस्तफा एवं काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इस दुख की घड़ी में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शादाब राईन की पत्नी से मिलकर दुख साझा की और कहा कि पूरा समाज आपके लिए इस दुख की घड़ी में खड़ा है।

कोई भी दिक्कत हो, मुझे अपनी बहन समझ बताना। मैं हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि शादाब राइन के शरीर को लखनऊ से लाया गया। वह अपने पीछे दो छोटे-छोटे बेटी एवं एक बेटा छोड़ गए हैं। शादाब राईन जाबिर राईन के पुत्र हैं।

### महिला पुलिस थाना का किया गया लोकार्पण

**राजनांदगांव :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शनिवार को महिला पुलिस थाना राजनांदगांव का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिला पुलिस थाना में पहला रोजनामचा लिखा। उन्होंने थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा एवं पूरे स्टॉफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों को सशक्त नारी सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।थाना प्रभारी गीतांजलि सिन्हा ने बताया कि, महिला पुलिस थाना में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, पति-पत्नी से जुड़े, दहेज प्रताड़ना, मानसिक प्रताड़ना, घरेलु हिंसा से पीड़ित महिला एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# परिसिमन होने से झारखंड की14 सीटें बढ़कर भले 24 हो जायेगी, लेकिन आरक्षित सीटें पांच ही रहेगी: सुप्रियो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को बताया कि लोकसभा की सीटों का परिसीमन 1976 और दूसरा 2008 में हुआ था। दोनों बार लोकसभा की कुल सीटें 543 ही रही, क्योंकि भारतीय संविधान का आर्टिकल 81 कहता है कि लोकसभा की सीटों की संख्या 550 से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभी जो 2026 में परिसीमन होना है, उसमें जो ड्राफ्ट छनकर आ रही है। वो बड़ा ही चौकानेवाला हैं। उसमें पता चल रहा है कि लोकसभा की सीटों की संख्या 846 तक करने की हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि 2008 में जब परिसीमन करने की कोशिश की गई थी। तब भी झामुमो पार्टी ने आन्दोलन किया था क्योंकि पार्टी जानती थी, कि अगर ऐसा होगा तो जो हमारा प्रतिनिधित्व हैं, वो प्रभावित हो जायेगा, उस पर आघात पहुंचेगा। जिसका प्रभाव यह पड़ा कि झारखण्ड और नार्थ-ईस्ट को उस परिसीमन से अलग रखा गया। उस परिसीमन को 2001 के पोपुलेशन के सेंशस को आधार बनाया गया है। जबकि 2011 में भी हुई जनसंख्या के रिकार्ड हैं। लेकिन उसका अभी तक प्रकाशन नहीं हुआ। मतलब 25 साल के गैप को नजरंदाज कर दिया गया।

जो सीटें बढ़ेगी ¬ परिसिथतियां में उत्तरप्रदेश की लोकसभा सीट को 80 से बढ़ाकर 143 कर दिया जायेगा, बिहार की 40 से बढ़कर 79, मध्यप्रदेश की 29 से 52, गुजरात की 26 से 43, राजस्थान की 25 से 50, महाराष्ट्र की 48 से 76, तमिलानाडु की 39 से 49, कर्नाटक की 28 से 41, आंध्रप्रदेश व तेलंगाना मिलाकर 42 से 54, झारखण्ड 14 से 24, बंगाल को 42 से 60 कर दिया गया है। मतलब मात्र दस राज्यों से ही लगभग 77 प्रतिशत सीटें निकाल ली गई। उन्होंने ने आगे कहा कि देश के 29 राज्यों में से दस राज्यों का ही प्रतिनिधित्व 77 प्रतिशत हो गया। यह परिसीमन साफ बताता है कि जिन राज्यों में भाजपा का जनाधार नहीं हैं, वहां की सीटें जानबूझकर कम कर दी गई है। खासकर जो आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं, अनुसूचित क्षेत्र है। उसको टारगेट किया गया है। भारत को दक्षिण, नार्थ ईस्ट और पूर्व से काट दो। नार्थ-ईस्ट में असम छोड़कर किसी भी राज्य की एक भी सीटें नहीं बढ़ाई गई हैं। असम की सीटें 14 से 21 करने की योजना है। ये भाजपा के द्वारा दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों को उनके हक से अलग करने का प्रयास है। हमारे यहां लोकसभा की 14 सीटों में पांच आरक्षित सीटें हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव कैसर जावेद ने झारखंड प्रभारी के राजू को लिखा पत्र, कहा

# कांग्रेस में प्रशांत किशोर को मिले पद जय भीम के नारे को करेंगे बुलंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव कैसर जावेद ने पार्टी के झारखंड प्रभारी के राजू को पत्र लिखकर प्रशांत किशोर को संगठन में जिम्मेदारी देने की मांग की है। झारखंड प्रभारी को लिखे पत्र में कैसर जावेद ने कहा है कि देशभर में नए परिसीमन होने जा रहा है। पूर्व के परिसीमन में झारखंड के चतरा लोकसभा और पलामू लोकसभा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था, जो इस बार भी अपेक्षित है। प्रशांत किशोर इसी वर्ग से आते हैं। इनको संगठन में जिम्मेवारी देने से दोनों लोकसभा कांग्रेस पार्टी जीत सकती है। प्रशांत किशोर को पार्टी में आने से राहुल गांधी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा है कि संगठन हित में यह मेरा सुझाव है। कैसर जावेद ने कहा कि बहुत से पदलोलुप लोग मेरी बात से नाराज हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जय भीम नारे को मेरा सुझाव जमीनी मजबूती प्रदान करेगा। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पुत्र हैं। अपने पिता के साथ एक दशक से भी ज्यादा समय से रहकर प्रशांत किशोर ने राजनीति का गुर सीख लिया है। विधानसभा चुनाव में भी प्रशांत किशोर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इनका चुनावी मैनेजमेंट भी काफी मजबूत है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर भी पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद का निर्वहन कर चुके हैं। उनके समय में पलामू जिले में कांग्रेस ऊंचाई की बुलंदियों पर था। राधा कृष्ण किशोर के नेतृत्व में पूरा जिला कांग्रेसमय हो गया था। अब जबकि राधा कृष्ण किशोर की वापसी पुनः कांग्रेस में हो गया है, ऐसे में यह संभावना प्रबल है कि प्रशांत किशोर के कांग्रेस में पद मिल जाने से पलामू सहित पूरे झारखंड में कांग्रेस फिर से नया कृतिमान स्थापित करेगा।

### विक्रमादित्य सिंह ने शहरी विकास के लिए केंद्र से मांगी विशेष राहत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार शाम नई दिल्ली में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के शहरों के पुनर्विकास और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार से विशेष राहत प्रदान करने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि पहाड़ी राज्य होने के दृष्टिगत अर्बन चैलेंज फंड में निर्धारित मानदंडों पर पुनर्विचार किया जाए और इसमें छूट प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और कम आबादी के कारण हिमाचल प्रदेश के शहर इन मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं। ऐसे में राज्य के लिए 90¬10 के अनुपात में वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत सिटिजन सर्विस पोर्टल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य राज्य के नागरिकों को डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# अविनाश देव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया विधवा महिलाओं को सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के कोऑपरेटिव चौक पर स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विधवा सम्मान समारोह का आयोजन किया किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, विशिष्ट अतिथि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार, सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीता चौहान ने सर्वप्रथम सभी महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार पुनर्विवाह करने के लिए इक्ष्छुक महिलाओं को 2 लाख रूपए का सहयोग प्रदान करती है।आप सभी इसका लाभ जरूर उठाएं।विशिष्ट अतिथि बिमला कुमारी ने कहा कि आप सभी समाज के अभिन्न अंग है। अपनी महत्व को सदैव समझे और मुसीबतों का डटकर सामना करे।बिना महिलाओं के किसी भी व्यक्ति का घर संपूर्ण नहीं हो सकता है। अतः उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुरुषों से आगे निकलकर उन्हें अपने बेहतरी से जवाब दीजिए। मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि घर की महिलाओं का शुक्रगुजार होना चाहिए। जिनके कारण हम पुरुषों को अच्छा खाना, धुले हुए कपड़े आदि मिलते है। आज का यह विधवा सम्मान समारोह समाज को प्रेरित करेगा। किसी का विधवा होना कोई अभिशाप नहीं है। आप समाज के अभिन्न अंग है। समाज के तंज,लोगों की सोच के परे आप अपने अच्छे कार्यों से खुद के लिए बुलंदी का निर्माण कीजिए तभी आप समाज के नकारात्मक सोच को बदल सकते है।कार्यक्रम के आयोजक पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि इस कार्यक्रम से सीखकर आप इसे अपने जीवन में आत्मसात करे। आप यह जान लिजिए कि आप किसी की पत्नी,बहन,मां,दादी बनकर बेहतर समाज का निर्माण कर रही है।आपको जमाने में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाने में अनेकों मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। आप सड़क पर चलेगी तो कोई तंज कसेगा। घर पर शुभ कार्यों से आपको दूर रखा जाएगा। परंतु आपको इन रूढ़िवादी सोच का डटकर सामना करना है। कार्यक्रम को शिवशंकर प्रसाद, प्रखर वक्ता ललन प्रजापति ने भी संबोधित किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार ने किया। वक्ताओं के उद्घोषणा के बाद उपस्थित सभी महिलाओं को गिफ्ट, चादर देकर सम्मानित किया गया।मौके पर विकास विश्वकर्मा, शैलेन्द्र, शोभा प्रजापति समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।